हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • शुक्रवार • 15.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 287 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### वीडी सतीशन होंगे केरल के नए सीएम



**तिरुवनंतपुरम** : केरल विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद चले लंबे इंतजार और मंथन पर अब विराम लग गया है। इंडियन नेशनल कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर वीडी सतीशन को केरल का अगला मुख्यमंत्री घोषित कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के करीब 10 दिन बाद पार्टी हाईकमान ने विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ गहन विचार-विमर्श के बाद सतीशन के नाम पर अंतिम मुहर लगाई।

### सड़क दुर्घटना में एक परिवार के चार लोगों की मौत

**बांदा** : उत्तर प्रदेश के जनपद बांदा में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह सड़क दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस, फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच गई स्कॉर्पियो में फंसे लोगों को कटर और क्रेन की मदद से बाहर निकाला गया। गुरुवार सुबह थाना कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो आगे जा रही खाली गैस सिलेंडरों से भरी डीसीएम में टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। वाहन में कुल पांच लोग सवार थे, जिनमें एक पुरुष और चार महिलाएं शामिल थीं। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक घायल ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज जारी है।

### बीएलए के हमले में पाकिस्तानी सेना के 8 सैनिक ढ़ेर

**इस्लामाबाद** : बलोचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान सेना के काफिले पर बलोचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बड़ा हमला किया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का दावा है कि उसने पाकिस्तान सेना के मेजर समेत कम-से-कम 8 सैनिकों को मार गिराया। पाकिस्तान सेना की मीडिया शाखा अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा है कि मेजर समेत 5 जवानों की मौत हुई और इस दौरान कम-से-कम 7 लड़ाकों को ढेर कर दिया गया। बीएलए ने भी अपने 7 लड़ाकों की मौत की पुष्टि की है।

## नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने 'भवन नियमितीकरण पोर्टल' का किया शुभारंभ

# अवैध निर्माणों को वैध कराने का सरकार दे रही है सुनहरा अवसर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राज्य के शहरी क्षेत्रों में बिना नक्शा पास कराए घर बनाने वाले लाखों लोगों के लिए सरकार ने राहत का द्वार खोल दिया है। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन से 'झारखंड अनाधिकृत निर्मित भवन नियमितीकरण नियमावली, 2026' के ऑनलाइन पोर्टल का विधिवत शुभारंभ किया। इस योजना के माध्यम से अब लोग अपने अवैध निर्माण को कानूनी मान्यता दिला सकेंगे।

### मुख्यमंत्री की इच्छाशक्ति से साकार हुई योजना

पोर्टल का उद्घाटन करते हुए मंत्री सुदिव्य कुमार ने इसे एतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की प्रबल इच्छाशक्ति थी कि जनता को अपने आशियाने को नियमित कराने का एक अवसर मिले। सरकार ने इस नियमावली को अत्यंत सरल और उदार बनाया है ताकि आम जनता को कोई परेशानी न हो।

## मौके का लाभ उठाने और अपने भवनों को वैध कराने की अपील




### योजना से जुडी महत्वपूर्ण बातें

- **किस्तों में भुगतान:** नियमितीकरण शुल्क को एक साथ देने के बजाय तीन किस्तों में भुगतान करने की सुविधा दी गई है।
- **पात्रता:** यह योजना जी+2 (तीन मंजिला) तक के भवनों और 300 वर्गमीटर से कम क्षेत्रफल में बने मकानों के लिए लागू होगी।
- **कहां करें आवेदन:** झारखंड भवन नियमितीकरण के आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल पर।

### शहरी बुनियादी ढांचे पर सरकार का फोकस

कार्यक्रम के दौरान नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने व्यवस्थित शहरीकरण पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि रांची में 3 नए फ्लाईओवरों की स्वीकृति मिल चुकी है (अरगोड़ा, करमटोली और हरमू)। सिरमटोली कनेक्टिंग फ्लाईओवर का काम प्रगति पर है और 3 अन्य फ्लाईओवर बनकर तैयार हैं। नगर निकायों का राजस्व बढ़ाने और टाउन प्लानर व इंजीनियरों की नियुक्ति पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

### लाइव डेमो के जरिए समझाई प्रक्रिया

सूडा के निदेशक सूरज कुमार ने मंत्री के समक्ष पोर्टल का लाइव डेमोंस्ट्रेशन दिया। उन्होंने बताया कि कैसे नागरिक घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने राज्य की जनता से अपील की कि वे इस मौके का लाभ उठाएं और अपने भवनों को वैध कराएं। इस अवसर पर नगर विकास विभाग के विशेष सचिव ज्ञानेंद्र कुमार, अपर सचिव जुल्फिकार अली, धनबाद नगर आयुक्त आशीष सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और फिक्की के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## तेल संकट: दिल्ली में हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू




एजेंसी

**नयी दिल्ली** : दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हफ्ते में दो दिन वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था लागू करने के आदेश दिए हैं। आदेश में कहा गया है कि प्राइवेट कंपनियों से भी ऐसा करने के लिए कहेंगे। अब 50 फीसदी ऑनलाइन मीटिंग होगी। श्रम विभाग और अन्य विभागों को 20 फीसदी कम फ्यूल मिलेगा। सरकार के मंत्री, विधायक मेट्रो, डीटीसी से चलेंगे। मंत्रियों की विदेशी यात्राएं स्थगित कर दी गईं हैं। दिल्ली सरकार तीन महीने तक बड़े पब्लिक इवेंट नहीं करेगी।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऊर्जा संरक्षण और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कई घोषणाएं की हैं। जिसमें मॉल और बाजार में 'मेड इन इंडिया' उत्पादों के लिए अलग स्थान बनेंगे। सरकार 90 दिन तक यह अभियान चलाएगी। इसमें स्कूल, अस्पताल और बाजार में कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन नीति तैयार है और जल्द लागू होगी। सरकारी दफ्तरों में एयर कंडीशनर स्थायी रूप से 24-26 डिग्री पर सेट की जाएगी। बिजली नियंत्रण के लिए संवेदक लगाए जाएंगे। यह अभियान 15 मई से शुरू होगा। दो दिन के लिए 100 फीसदी घर से काम लागू होगा। आवश्यक सेवाओं को इससे बाहर रखा गया है। मुख्यमंत्री ने अपने काफिले में वाहनों की संख्या 13 से घटाकर चार कर दी है।

# राजकीय सम्मान के साथ पंचतत्व में विलीन हुए माधवलाल सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : गोमिया के नेता और बिहार-झारखंड के पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। गोमिया प्रखंड के साड़म स्थित बोकारो नदी तट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अपने प्रिय नेता को अंतिम विदाई देने के लिए क्षेत्रभर से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। नदी तट पर जनसैलाब



उमड़ पड़ा और माहौल पूरी तरह गमगीन हो गया।

अंतिम संस्कार से पूर्व झारखंड पुलिस के सशस्त्र बलों ने दिवंगत नेता को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मातमी धुन के बीच जैसे ही राजकीय सम्मान की प्रक्रिया पूरी हुई, समर्थकों की आंखें नम हो गईं।

### पटाखा फैक्टरी में भीषण विस्फोट 3 मजदूरों की मौत, 25 घायल

**देवास** : मध्य प्रदेश के देवास जिले में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर ग्राम टोंककला स्थित एक पटाखा फैक्टरी में जोरदार विस्फोट के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 अन्य मजदूर झुलस गए हैं। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फैक्टरी को सील कर दिया है और मालिक अनिल मालवीय को हिरासत में ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा सुबह करीब 10 :30 बजे हुआ। फैक्टरी में बारूद तैयार करने के लिए दो केमिकल मिलाए जा रहे थे, तभी अनुपात सही न होने के कारण अचानक विस्फोट हो गया। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आग ने पूरी फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया।

### वकील की ड्रेस में कोर्ट पहुंचीं ममता बार काउंसिल ने मांगा सर्टिफिकेट

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की राजनीति में उस वक्त एक नया मोड़ आ गया जब पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार को वकील के गाउन में कलकत्ता हाई कोर्ट में पेश हुईं। ममता बनर्जी ने चुनाव बाद हुई हिंसा और पार्टी कार्यालयों पर हमलों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर दलीलें पेश कीं। उनके इस कदम के बाद बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने कड़ा रुख अपनाया है। बार काउंसिल ने पश्चिम बंगाल बार काउंसिल के सचिव को पत्र लिखकर ममता बनर्जी के वकील के रूप में पंजीकरण और पेशेवर स्थिति की पूरी जानकारी 48 घंटों के भीतर मांगी है। बीसीआई ने विशेष रूप से 2011 से 2026 तक उनके मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान वकालत के लाइसेंस की स्थिति स्पष्ट करने को कहा है।

# वैश्विक अस्थिरता के बीच ब्रिक्स की एकजुटता जरूरी: विदेश मंत्री

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए दुनिया की मौजूदा परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया भू-राजनीतिक तनाव, आर्थिक अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों से जूझ रही है, तब ब्रिक्स देशों के बीच व्यावहारिक तालमेल और एकजुटता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

जयशंकर ने कहा कि दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। संघर्षों, जलवायु परिवर्तन और महामारी के बाद के प्रभावों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है। उन्होंने रेखांकित किया कि ऊर्जा, खाद्य और उर्वरक सुरक्षा पर गहरा असर पड़ा है। बढ़ती महंगाई और धीमी विकास दर ने विशेष रूप से विकासशील देशों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ब्रिक्स देशों को भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला और विविधीकृत बाजारों के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए।



### प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से गुरुवार को ब्रिक्स देशों तथा अन्य भागीदार देशों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा, दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला, ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची, इथियोपिया के विदेश मंत्री गेदियन तिमोथियोस हेसेबोन और इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो सहित अन्य प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।

पश्चिम एशिया की स्थिति पर भारत का रुख स्पष्ट करते हुए विदेश मंत्री ने गाजा संघर्ष के मानवीय परिणामों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत स्थायी युद्धविराम और मानवीय सहायता की निर्बाध पहुंच का समर्थन करता है। फिलिस्तीन मुद्दे पर 'दो-राष्ट्र समाधान' ही स्थायी शांति का मार्ग है। लाल सागर और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे समुद्री मार्गों पर सुरक्षित आवाजाही वैश्विक आर्थिक स्थिरता के लिए अनिवार्य है।

आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय संबंधों के सिद्धांतों का उल्लंघन बताते हुए जयशंकर ने कहा कि इसके किसी भी स्वरूप को उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने जोर देकर कहा कि जीरो टॉलरेंस को आतंकवाद के खिलाफ एक वैश्विक मानक बनाया जाना चाहिए और सीमा पार आतंकवाद पर नकेल कसने के लिए साझा सहयोग जरूरी है।

बहुपक्षीय संस्थाओं की गिरती साख पर सवाल उठाते हुए विदेश मंत्री ने वैश्विक संस्थाओं में सुधार की वकालत की। उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी और अस्थायी, दोनों श्रेणियों में विस्तार अब और टाला नहीं जा सकता।




# हजारीबाग में 169 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** पेलावल ओपी क्षेत्र के ग्राम पबरा में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 169 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक महिला सप्लायर भी शामिल है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 14 मई 2026 को सुबह 9 बजे एसपी हजारीबाग को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम पबरा में दो व्यक्ति ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (मु0) के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पबरा के बोंगा रोड स्थित जंगल से दो व्यक्तियों को रंगे हाथ पकड़ा। 1. अविनाश कुमार, पिता संतोष प्रसाद मेहता, ग्राम पबरा, थाना कटकमसांडी 2. संदीप कुमार उर्फ निक्की, पिता तिरेन्द्र प्रसाद मेहता, ग्राम हदारी, थाना ईचाक । दोनों के पास से कुल 169 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर और 2 मोबाइल जब्त किए गए। पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि ब्राउन शुगर की सप्लाई किरण कुमारी उर्फ काजल कुमार, पति दीपक कुमार मेहता, ग्राम हदारी, थाना ईचाक द्वारा की जाती थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



**संदीप उर्फ निक्की का पुराना आपराधिक इतिहास**

संदीप कुमार उर्फ निक्की के खिलाफ पहले से ईचाक थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत दो मामले दर्ज हैं: 1. कांड सं0-164/2025, दिनांक 22.11.2025 2. कांड सं0-31/26, दिनांक 01.03.2026 तीनों अभियुक्तों के खिलाफ कटकमसांडी (पेलावल थाना) कांड सं0-70/2026, धारा 21(बी)/22(बी)/29/32 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, पेलावल ओपी प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय, ईचाक थाना प्रभारी गौतम कुमार, लोहसिंघना थाना प्रभारी निशांत केरकेट्टा सहित सशस्त्र बल एवं तकनीकी शाखा के जवान शामिल थे। पुलिस का कहना है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आंधी-तूफान से गरीब परिवार का घर ध्वस्त, महिला घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** प्रखंड क्षेत्र के बिजैया पंचायत अंतर्गत ग्राम खुटवाटांड में मंगलवार रात करीब 10 बजे आए तेज आंधी-तूफान ने एक गरीब परिवार पर कहर बरपा दिया। गांव निवासी जुम्मन मियां का कोरकेट एवं ईंट से बना घर तेज तूफान में टूटकर गिर गया। घटना के समय जुम्मन मियां की पत्नी सगीरा खातून अपने छोटे बच्चे को लेकर चारपाई पर सो रही थीं। अचानक घर का कोरकेट और ईंट गिरने से सगीरा खातून गंभीर रूप से घायल हो गईं। हालांकि बच्चा सुरक्षित बच गया। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है और इलाज के लिए भी पैसे नहीं थे। सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने सहयोग राशि जुटाकर घायल महिला को इलाज के लिए डॉक्टर के पास भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि परिवार की बेटी की शादी आगामी 10 जून को होनी है, लेकिन घर टूट जाने से परिवार बेघर हो गया है। फिलहाल पीड़ित परिवार को गोतिया के घर में शिफ्ट कराया गया है। मौके पर पहुंचे बरही पूर्वी पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मो. कैयूम एवं मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी ने सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से उचित सहायता, घायल महिला का बेहतर इलाज तथा आवास उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो. कैयूम, मुखिया प्रतिनिधि मंसूर अंसारी, मो. कलाम एवं नईम अंसारी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### बरकट्ठा में सिक्स लेन के लिए मकान तोड़ने पर बवाल, ग्रामीणों के विरोध में दो महिला पुलिसकर्मी घायल

## मुआवजा नहीं मिलने का आरोप एनएचएआई ने रोका निर्माण कार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकट्ठा :** जीटी रोड के सिक्स लेन चौड़ीकरण का काम कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के द्वारा युद्धस्तर पर चल रहा है। इसी दौरान बरकट्ठा में जीटी रोड किनारे मकानों को तोड़े जाने पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया। धक्का-मुक्की में 2 महिला पुलिसकर्मी घायल हो गईं। दोनों को बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एनएचएआई के अधिकारियों ने मुआवजा दिए बिना और कोई पूर्व सूचना दिए बगैर ही मकान तोड़ना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा, हमें जमीन-मकान का पैसा नहीं मिला। समय भी नहीं दिया गया। जबरन घर उजाड़ा जा रहा है। विरोध बढ़ने पर काम रुकवाना पड़ा। घटना की सूचना पर एनएचएआई के अधिकारी, स्थानीय प्रशासन और निर्माण कंपनी कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे। घंटों समझाने के बाद भी ग्रामीण मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। हालात तनावपूर्ण होते देख फिलहाल निर्माण कार्य रोक दिया गया है। निर्माण कंपनी कौशल इंजीनियरिंग लिमिटेड ने एनएचएआई और प्रशासन से कहा है कि सिक्स लेन प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी है। कंपनी ने अविलंब जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराकर काम शुरू कराने की मांग की है। प्रशासन का कहना है कि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। छूटे हुए लोगों की सूची बनाकर जल्द भुगतान किया जाएगा। दोनों पक्षों से बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास जारी है। फिलहाल क्षेत्र में शांति है।



### ग्रामीण परिवेश में शिक्षा का मिसाल बना सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल

## छात्रों ने लहराया सफलता का परचम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण :** प्रखंड के बहेरा आश्रम स्थित सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक परिणाम देकर अपनी गुणवत्ता और बेहतर शिक्षा व्यवस्था का परिचय दिया है। सीबीएसई बारहवीं परीक्षा-2026 में विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी, उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। सफल छात्र-छात्राओं को शिक्षकों एवं अभिभावकों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। विद्यालय के छात्र सुमंत कुमार ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं राखी कुमारी ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि अभिषेक कुमार ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अभिनय अकेला ने 78 प्रतिशत, कल्पना कुमारी एवं प्रिया राज ने 75-75 प्रतिशत, आयुष कुमार ने 73 प्रतिशत, अमन कांत ने 72 प्रतिशत तथा मानव कुमार सिन्हा और श्रुति चौधरी ने 71-71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय की प्राचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ग्रामीण परिवेश और सीमित संसाधनों के बावजूद छात्रों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की मेहनत ही इस सफलता का मुख्य आधार है। विद्यालय के सचिव गिरिजा सतीश, सतीश गिरिजा एवं प्रबंधक गन्धर्व गौरव ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि सुरेखा प्रकाश भाई पब्लिक स्कूल लगातार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और आने वाले समय में भी विद्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा। उन्होंने सभी सफल छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

## एक साल बाद भी नहीं खुल सका बुंडू उपस्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीणों में नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू में लाखों के लागत से बना उपस्वास्थ्य केंद्र उद्घाटन के इंतजार में है। जब बुंडू में उपस्वास्थ्य केंद्र का बनना शुरू हुआ था, तब लोगों में उम्मीद जगी थी कि पंचायत समेत सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को अब इलाज के लिए गांव से दूर नहीं जाना पड़ेगा। उपस्वास्थ्य केंद्र बनकर तैयार है, लेकिन अब तक यहां ना तो सीएचओ की तैनाती हुई और ना ही एएनएम बहाल किया गया है। स्थानीय पंसस रोहित कुमार बताते है कि एक साल पूर्व ही यह उपस्वास्थ केंद्र बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हो सका है। जिसके कारण गांव के लोगों को छोटी - छोटी बीमारियों के ईलाज के लिए बरही जाना पड़ता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय मुखिया विजय यादव ने कहा कि नवनिर्मित उपस्वास्थ्य केंद्र जर्जर हो रहा है, उन्होंने कहा कि अधिकारियों को इसपर जल्द संज्ञान लेना चाहिए। ताकि उपस्वास्थ्य केंद्र चालू हो और पंचायत के लोगों को इसका फायदा मिल सके। इस संबंध में पूछे जाने पर बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बताया कि सीएचओ और एएनएम की कमी के कारण उपस्वास्थ्य केंद्र को चालू नहीं किया जा सका है।

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस बुंडू में 25 शिक्षक भी नहीं दिला सके 24 बच्चों को सफलता, 10वीं में 13 छात्र फेल

कृष्णा प्रजापति




**बरही :** बरही प्रखंड के मलकोको पंचायत स्थित सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्कूल बुंडू, पूर्व मॉडल स्कूल बरही, का दसवीं सीबीएसई बोर्ड का परिणाम शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है। 25 शिक्षकों के भरोसे चल रहे इस स्कूल में 24 में से सिर्फ 11 छात्र पास हो सके। 13 छात्र फेल हो गए, जिन्हें अब कंपार्टमेंट परीक्षा देनी होगी। विद्यालय में कुल 19 सरकारी शिक्षक पदस्थापित हैं, जिनका मासिक वेतन 60 हजार से 1 लाख रुपये से अधिक है। संविदा शिक्षकों को मिलाकर कुल संख्या 25 है। सरकार हर महीने लाखों रुपये वेतन पर खर्च कर रही है, लेकिन परिणाम चौंकाने वाला है। 25 शिक्षक मिलकर भी 24 बच्चों को पास नहीं करा सके। इसको लेकर शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता, कार्यशैली और बच्चों के प्रति जवाबदेही पर सवाल उठ रहे हैं।

**ग्रामीण बच्चे सीबीएसई पैटर्न से नहीं हो पाए परिचित**

प्रत्यूष नवबिहार की पड़ताल में सामने आया कि स्कूल में नामांकित ज्यादातर बच्चे ग्रामीण परिवेश से हैं। उनकी प्रारंभिक पढ़ाई जैक बोर्ड के पाठ्यक्रम से हुई थी। अचानक सीबीएसई पैटर्न से परिचय होने पर बच्चे तैयारी नहीं कर सके। वहीं शिक्षक भी बच्चों को सीबीएसई पाठ्यक्रम से ठीक से अवगत नहीं करा पाए। इसी कारण रिजल्ट खराब हुआ।

**प्राचार्य बोले : प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली**

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कुमार मेहता ने माना कि दसवीं बोर्ड में बेहतर रिजल्ट न होना दुखद है। उन्होंने कहा, बच्चे सीबीएसई पाठ्यक्रम से अच्छी तरह परिचित नहीं हो पाए।

हमने प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। परीक्षा में शामिल सभी बच्चे ग्रामीण परिवेश के हैं और पहले जैक बोर्ड से पढ़े थे। सीबीएसई का पैटर्न ज्यादातर बच्चे समझ नहीं पाए। आगे से प्रयास रहेगा। हमारे पास पर्याप्त शिक्षक हैं। गौर करने वाली बात है कि क्षेत्र में कई ऐसे विद्यालय हैं जहां शिक्षकों की भारी कमी है, फिर भी उनका रिजल्ट बेहतर रहा है। कई निजी स्कूलों ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि लाखों रुपये वेतन लेने वाले शिक्षक बच्चों के भविष्य के लिए कितना काम कर रहे हैं। अब अभिभावकों और ग्रामीणों में मांग उठ रही है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षकों की जवाबदेही तय हो और विभाग इस पर सख्त कार्रवाई करे।

## एक नजर

### विजैया-डपोक के ग्रामीणों ने उठाई मांग, जल्द ऑनलाइन हो खतियान

**बरही :** बरही के कुछ गांवों के ग्रामीणों का खतियान आनलाइन नहीं किया गया है। बार बार अंचल कार्यालय का दौड़ लगाने के बाद भी मामला वहीं के वहीं रुका पड़ा है। जिसको लेकर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम ने कहा कि विजैया, डपोक और कोल्हुआकला के आधे से अधिक लोगों का खतियान आनलाइन नहीं हुआ है। इसके कारण आनलाइन रसीद कटाने, जमीन की खरीद बिक्री करने और केसीसी ऋण लेने में उन्हें परेशानी हो रही है। उनकी मांग है कि एक निर्धारित समय में सभी ग्रामीणों का खतियान आनलाइन कर दिया जाए ताकि उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

### बिहार के मुख्यमंत्री से मिले सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने बिहार के नए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। सांसद मनीष जायसवाल ने इसे बिहार में भाजपा के नए युग का आगाज बताते हुए कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में राज्य विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में अब बिहार में डबल इंजन की सरकार युवाओं, किसानों और महिलाओं के उत्थान के लिए तेजी से कार्य करेगी।

### मध्यगोपाली में शुरू हुआ शनिदेव जयंती महोत्सव

**चौपारण :** प्रखंड की यवनपुर पंचायत अंतर्गत मध्यगोपाली गांव में शुक्रवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री श्री 108 श्री शनिदेव जयंती सह छठा वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे गांव में भक्तिमय माहौल बना रहा और जय शनिदेव के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बरही विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। उन्होंने मुख्य पुजारी को कलश सौंपकर विधिवत कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान मंदिर निर्माणकर्ता मोहन यादव एवं यज्ञ समिति के सदस्यों ने विधायक सहित अन्य अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कलश यात्रा में 501 कन्याओं एवं महिलाओं ने भाग लिया।

### खिरगांव में 17 मई को लगेगा नि:शुल्क स्त्री एवं बाल रोग जांच शिविर

**हजारीबाग :** एच जेड बी आरोग्यम कुणाल वीमेन एंड चिल्ड्रन हॉस्पिटल की ओर से रविवार 17 मई को खिरगांव स्थित मोमिन उर्दू गर्ल्स स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर वार्ड संख्या-32 के पार्षद एमडी मुस्तकीम उर्फ मांडुल के सौजन्य से सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच, गर्भावस्था परामर्श, हार्मोन संबंधी समस्याओं की जांच की जाएगी। साथ ही बच्चों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण परामर्श और पोषण संबंधी सलाह भी नि:शुल्क दी जाएगी। अस्पताल प्रबंधन ने स्वस्थ महिला, स्वस्थ बच्चा, स्वस्थ समाज के उद्देश्य से सभी क्षेत्रवासियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## संक्षिप्त खबरें

### जनगणना 2027 : स्व-गणना हेतु मात्र दो दिन शेष, डीसी ने नागरिकों से की भागीदारी की अपील



**हजारीबाग :** भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त हेमन्त सती ने जिलेवासियों से स्व-गणना प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक उपलब्ध है, जिसमें अब केवल दो दिन शेष हैं। सभी नागरिक https://se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। जनगणना का प्रथम चरण 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक संचालित होगा, जिसके अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, अतः सभी नागरिक समय पर स्व-गणना करें। उन्होंने कहा कि नागरिक स्व-गणना की सुविधा का अधिकतम उपयोग करें तथा प्रगणकों को भी सही एवं पूर्ण जानकारी प्रदान कर इस कार्य में सहयोग करें। साथ ही जनप्रतिनिधियों, मीडिया एवं सभी संबंधित व्यक्तियों से भी जनगणना 2027 को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया गया।

### क्रिकेट, रोमांच और प्रतिस्पर्धा का महाकुंभ 16 मई से श्रीदस प्रीमियर लीग


**बरही :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 मई से श्रीदस प्रीमियर लीग (एसपीएल)का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय परिसर में आयोजित होने वाला यह क्रिकेट टूर्नामेंट दोपहर 3 बजे से पूरी रात तक चलेगा। प्रतियोगिता को डे-नाइट नॉकआउट टूर्नामेंट के रूप में आयोजित किया जा रहा है, जिसे लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, इस वर्ष एसपीएल में विद्यालय की 12 बॉयज टीम एवं 4 गर्ल्स टीम भाग लेंगी। टूर्नामेंट के दौरान छात्र-छात्राओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन को लेकर विद्यालय में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मैदान सजाने से लेकर खिलाड़ियों के अभ्यास तक सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस दौरान प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करता है। श्रीदस प्रीमियर लीग विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच प्रदान करता है। विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। एसपीएल का उद्देश्य विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और खेल भावना को बढ़ावा देना है। विद्यालय आयोजकों ने बताया कि टूर्नामेंट के दौरान आकर्षण का केंद्र विद्यालय प्रशासन बनाम मीडिया कर्मियों के बीच खेला जाने वाला मैत्री मैच भी होगा, जिसे लेकर लोगों में उत्सुकता बनी हुई है। विद्यालय प्रबंधन ने क्षेत्र के खेल प्रेमियों से टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### बुंडू के ग्रामीणों ने 11 हजार वोल्ट के बिजली तार व खंबा स्थानांतरित करने की मांग की



**बरही :** बरही के बुंडू गांव के ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता को आवेदन देकर आबादी क्षेत्र से 11 हजार वोल्ट के बिजली तार और खंबा को स्थानांतरित करने की मांग की है। ग्रामीणों ने सहायक विद्युत अभियंता को बताया कि कई बार 11 हजार वोल्ट के तार गिरने से जानवरों की मौत और ग्रामीणों का नुकसान हुआ है। इसकी सूचना बिजली विभाग को दी गई लेकिन उसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई। 11 हजार वोल्ट का बिजली तार बुंडू के मॉडल स्कूल, उपस्वास्थ्य केंद्र, मंदिर होते हुए घनी आबादी के बीच से गुजरी है। ऐसे में दुर्घटना की संभावना से लोगों में डर बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि आबादी से हटकर ग्रामीणों की ही जमीन है जिसपर खंबा और तार स्थानांतरित किया जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा है कि वे सभी सहयोग करने के लिए तैयार हैं और बरसात के पहले 11 हजार वोल्ट के तार और खंबा का स्थानांतरण की मांग करते हैं। आवेदन देने वालों में जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, पंचायत के मुखिया विजय यादव, ग्रामीण मनोज कुमार यादव, विकास यादव, संजय कुमार, शिवम कुमार गणेश पंडित समेत अनेक ग्रामीण शामिल हैं।

### वीएचएसएनडी कार्यक्रम के तहत हजारीबाग में मातृ शिशु एवं किशोरियों को मिली विभिन्न स्वास्थ्य सेवा



**बरही :** हजारीबाग जिले के विभिन्न प्रखंडों में गुरुवार को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में एएनएम, सहिया एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें रक्त जांच, गर्भ परीक्षण, टीटी टीकाकरण के साथ-साथ आयरन, फोलिक एसिड एवं कैल्सियम की दवाएं वितरित की गईं। साथ ही उन्हें संतुलित आहार एवं सुरक्षित मातृत्व से संबंधित आवश्यक जानकारी दी गई। बच्चों के लिए नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य परीक्षण, विकास की निगरानी एवं पूरक पोषण आहार की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिससे उनके समग्र शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रोत्साहन मिल सके। किशोरियों को कार्यक्रम के दौरान हीमोग्लोबिन जांच, आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां, पोषण संबंधी परामर्श तथा मासिक धर्म स्वच्छता से जुड़ी जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त उन्हें जीवन कौशल एवं स्वास्थ्य जागरूकता से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया गया। शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए जन्म के तुरंत बाद स्तनपान की शुरूआत, उचित शिशु देखभाल, नियमित टीकाकरण एवं बीमारियों की समय पर पहचान एवं उपचार पर विशेष बल दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त श्री हेमन्त सती ने कहा कि वीएचएसएनडी कार्यक्रम के माध्यम से गांव स्तर पर ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं किशोरियों को समय पर जांच, दवाएं और पोषण संबंधी सलाह उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य कुपोषण और बीमारियों की रोकथाम के लिए इन सेवाओं की नियमित और प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है।

# झारखंड में 30 जून से शुरू होगा एसआइआर

## 1 अक्टूबर 2026 को आधार मानते हुए घर-घर सर्वेक्षण का काम किया जाएगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड समेत 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया को हरी झंडी भारत निर्वाचन आयोग ने दे दी है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, 1 अक्टूबर 2026 को आधार मानते हुए झारखंड में 30 जून से घर-घर सर्वेक्षण का काम किया जाएगा, जो 29 जुलाई तक चलेगा। झारखंड के साथ-साथ कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र और दिल्ली में भी इसी शेड्यूल के साथ एसआईआर कराए जाएंगे। तीसरे चरण में जिन 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेश में मतदाता गहन पुनरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जाएगा, उसमें ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, नागालैंड, त्रिपुरा, दादर नगर हवेली और दमन दीव शामिल है। एसआईआर 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण होंगे। निर्वाचन नामावली का एसआईआर चरण-3 में हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख को छोड़कर पूरे देश को कवर करेगा। इन तीनों राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना के दूसरे चरण की समाप्ति और ऊपरी इलाकों/बर्फबारी वाले क्षेत्रों में मौसम की स्थिति पर विचार करने के बाद, इनके लिए एसआईआर कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी।




### बूथ स्तर के एजेंटों की सहायता से संपन्न होगा एसआइआर

एसआईआर चरण-3 के दौरान, 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तर के अधिकारी गणना चरण के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तर के एजेंटों की सहायता से 36.73 करोड़ मतदाताओं के घर-घर जाएंगे। एसआईआर कसे पहले दो चरणों में 13 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों मेंस, जहां संबंधित राज्यों में एसआईआर के आदेश की तिथि तक लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे, एसआईआर प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में 6.3 लाख से अधिक बीएलओ और राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 9.2 लाख बीएलए मिले थे।

### 7 अक्टूबर को अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन

चुनाव आयोग द्वारा जारी शिड्यूल के अनुसार, 29 जुलाई को मतदान केंद्रों का पुनरीक्षण होगा और 5 अगस्त को मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन होगा। 5 अगस्त से 4 सितंबर तक मतदाता सूची को लेकर आपत्ति दर्ज की जा सकेगी। वहीं 5 अगस्त से 3 अक्टूबर तक आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा। अंतिम रूप से मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्टूबर 2026 को चुनाव आयोग द्वारा किया जाएगा।

### 29571 बीएलओ को 2,64,89,777 मतदाताओं की पहचान करने की जिम्मेदारी

झारखंड में होने वाले एसआईआर के लिए 29571 बीएलओ लगाए जायेंगे, जिन्हें 2,64,89,777 मतदाता की पहचान करने की जिम्मेदारी होगी। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, राज्य में 21644 बीएलए हैं, जिन्हें मतदाता गहन पुनरीक्षण में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। चुनाव आयोग ने मतदाता गहन पुनरीक्षण के लिए 20 जून से 29 जून तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने का निर्देश दिया है। उसके बाद 30 जून से घर-घर मतदाता गहन का निरीक्षण का कार्यक्रम संचालित किया जाएगा।

## एक नजर

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन ने दिव्यांगों में बांटा व्हील चेयर

**रांची :** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन सृजन शाखा रांची की ओर से जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के लिए गुरुवार को दो दिव्यांगों को व्हीलचेयर सौंपा। संस्था की ओर से चटकपुर, पंडरा रातू रोड निवासी जयराम चौधरी (68) और राधा देवी (60) को व्हील चेयर दिया गया। दोनों दिव्यांग दोनों पैरों से असहाय हैं। लंबे समय से चलने-फिरने में कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। यह जानकारी देते हुए शाखा की मीडिया प्रभारी रीता मोदी ने कहा कि संस्था आगे भी सामाजिक सेवा से जुड़े कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर संस्था के नेहा सरावगी ने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद करना संगठन का मुख्य उद्देश्य है। व्हील चेयर मिलने के बाद दोनों लाभुकों और उनके परिजनों ने संस्था के प्रति आभार जताया। इस पहल से उन्हें दैनिक जीवन में काफी सहूलियत मिलेगी। इस मौके पर संस्था की नेहा सरावगी, निधि सराफ, शालू सिंघानिया, आकृति सिंघानिया, नम्रता बागला, राशि सरावगी, सोनम सरावगी, निधि इंदौरिया, निकिता पाटोदिया सहित अन्य मौजूद थे।

### मनरेगा मजदूरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल 15 को

**रांची :** वीबी-जी राम जी के लागू करने संबंधी केंद्र सरकार की अधिसूचना को झारखंड खेत और ग्रामीण मजदूर यूनियन ने आलोचना की है। वीबी-जी राम जी के विरोध में यूनियन की ओर से 15 मई को मनरेगा मजदूर राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। यह जानकारी गुरुवार को झारखंड खेत एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन (जेकेजीएमयू) के नेता वीरेंद्र कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने विकसित भारत झ गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी को लागू करने की तिथि की अधिसूचना जारी की है। उन्होंने कहा कि यह अधिसूचना भी पूरे कानून की तरह झूठे वादों से भरी हुई है। यह मनरेगा मजदूरों और यूनियनों की ओर से उठाई गई चिंताओं को यह कहकर कूड़ेदान में फेंकने की कोशिश है कि सारी चिंताएं झूठी हैं और वीबी-जी राम जी मनरेगा से बेहतर है। इस कानून की आलोचना और इस अधिसूचना के माध्यम से फैलाया जा रहा प्रचार पहले से ही मजदूरों और कार्यकर्ताओं के सामने उजागर हो चुका है।

NOTICE

मैं, प्रवीण कुमार, पुत्र- स्वर्गीय शिव कुमार शर्मा, उम्र- लगभग 37 वर्ष, निवासी 1-बी, मोडवेल गार्डन्स, काजू बागान, हेहल, रांची- 834005, एतद्वारा सत्यनिष्ठा पूर्वक शपथ पत्र संख्या- 305 दिनांक- 08-05-2026 को घोषणा करता हूं कि :

1. कुछ दस्तावेजों में मेरा नाम प्रवीण कुमार दर्ज है।
2. अब से मैं केवल प्रवीण शर्मा के नाम से जाना जाउंगा।
3. प्रवीण कुमार और प्रवीण शर्मा एक ही व्यक्ति हैं।
4. यह शपथ पत्र झारखंड राज्य बार काउंसिल के अभिलेखों में मेरे नाम के सुधार/अद्यतन तथा अन्य आधिकारिक उद्देश्यों के लिए दिया जा रहा है।


# दो साल बाद जेल से बाहर आए पूर्व मंत्री आलमगीर आलम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** पूर्व मंत्री आलमगीर आलम करीब दो वर्ष जेल में रहने के बाद गुरुवार को जेल से बाहर आए। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज वो जेल से बाहर निकले। रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से आलमगीर आलम के बाहर निकलने की खबर के बाद बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जेल के बाहर जमा हो गए। यही स्थिति उनके एचईसी स्थित सरकारी आवास के पास दिखीं। पाकुड़ की विधायक और आलमगीर आलम की पत्नी निशत आलम, अपने पुत्र और पोते के साथ जेल पहुंचीं। जमानत पर रिहाई की सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आलमगीर आलम जेल से बाहर निकले। उन्होंने सबसे पहले अपने पोते को दुलारा, इस बीच उनके समर्थक नारा लगाते नजर आए। विधायक पत्नी निशत आलम के सरकारी आवास पर आलमगीर आलम के पहुंचते ही उनके समर्थकों में उनकी एक झलक पाने के लिए बेताबी दिखी। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उज्जवल तिवारी सहित कई कांग्रेस नेताओं ने आलमगीर आलम से मुलाकात की। कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि आलमगीर आलम की गिरफ्तारी एक राजनीतिक गिरफ्तारी थी और भाजपा के इशारे पर उन्हें करप्शन का गलत मामला बनाकर फंसाया लेकिन सत्य की जीत हुई है। इसके साथ ही ईडी-केंद्र सरकार की पोल खुल गयी है। आज उनकी रिहाई से सिर्फ कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं बल्कि आम जनमानस में भी खुशी है।

# संत माइकल+2 स्कूल का 12वीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** मुरी सीबीएसई 12वीं की बोर्ड परीक्षा में संत माइकल +2 स्कूल, मुरी के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें पूजा दत्ता ने 89.2 % अंक लाकर स्कूल टॉपर रही। साथ ही शुभम चौधरी 86.2 %, आयुषी कुमारी 86%, रितिका कुमारी 85 % अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया । विद्यालय के निदेशक डॉ. राकेश कुमार ने खुशी जाहिर करते हुए सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने ये भी कहा कि ये परिणाम विद्यार्थीयो की कड़ी मेहनत का ही फल है साथ ही उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षको को भी दिया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियो ने गुणवता शिक्षा प्राप्त करके इस मुकाम को हासिल किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रूपेश कुमार ने शिक्षकों एवं विद्यार्थीयो की बधाई के साथ विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिए उन्होंने उन सभी अभिभावकगण को धन्यवाद दिए जिन्होंने विद्यालय के प्रति भरोसा जताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने इतनी बड़ी सफलता के लिए सभी शिक्षको का आभार व्यक्त किए एवं सभी विद्यार्थियो को शुभकामनाए दिए।

# रांची में ट्रैफिक नियमों की अनदेखी पड़ रही भारी : 190 करोड़ का चालान बकाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों की खैर नहीं है। शहर में पिछले छह वर्षों (2021 से अप्रैल 2026 तक) में ट्रैफिक चालान की बकाया राशि 190 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई है। अब रांची पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार करते हुए उन वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई शुरू कर दी है, जिनके मालिकों ने बार-बार उल्लंघन के बावजूद जुर्माना जमा नहीं किया है।



### आदतन उल्लंघन करने वालों पर गिरेगी गाज

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार, साल 2025 में ऑटोमैटिक कैमरों के जरिए रिकॉर्ड 8 लाख से ज्यादा चालान काटे गए। लोग कैमरों की पकड़ में तो आ रहे हैं, लेकिन ऑनलाइन चालान जमा करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसी को देखते हुए अब पुलिस सड़कों पर चेकिंग अभियान चलाकर 'डिफॉल्टर्स' की पहचान कर रही है। जिन वाहनों पर भारी बकाया है, उन्हें मौके पर ही जब्त किया जा रहा है।

### 6 साल में सवा दो सौ करोड़ का जुर्माना, वसूली महज 40 करोड़

आंकड़ों के अनुसार, साल 2021 से लेकर अप्रैल 2026 तक शहर में हेलमेट न पहनना, ओवर स्पीडिंग, रेड लाइट जंप और ड्रंक एंड ड्राइव जैसे मामलों में कुल 225 करोड़ रुपये से अधिक के चालान काटे गए। हालांकि, इसमें से केवल 30 से 40 करोड़ रुपये ही सरकारी खजाने में जमा हुए हैं। हैरानी की बात यह है कि शहर में कई ऐसे वाहन चालक हैं, जिनके नाम पर 100 से अधिक चालान कट चुके हैं, लेकिन उन्होंने एक बार भी फाइन नहीं भरा है।

# झारखंड कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच किया गया जिलों का आवंटन

## पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख को मिली जामताड़ा की जिम्मेदारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी द्वारा अधिसूचित नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच जिलों का आवंटन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष कमलेश ने गिरिडीह जिला के लिए आभा सिन्हा, कोडरमा जिला के लिए विजय यादव, हजारीबाग जिला के लिए राजीव रंजन प्रसाद, चतरा जिला के लिए, केदार पासवान, रामगढ़ जिला के लिए शिव कुमार भगत को प्रभारी बनाया गया है। वहीं, बोकारो ग्रामीण जिला के लिए संजय पांडेय, बोकारो शहरी जिला के लिए शमशेर आलम (धनबाद), धनबाद ग्रामीण जिला के लिए राकेश किरण महतो, धनबाद शहरी जिला के लिए शकील अख्तर अंसारी, रांची महानगर जिला के लिए धर्मराज राम, रांची ग्रामीण जिला के लिए रियाज अंसारी, लोहरदगा जिला के लिए अलोक कुमार दूबे, खूंटी जिला के लिए चैतु उरांव, गुमला जिला के लिए शमशेर आलम (रांची), सिमडेगा जिला के लिए अजय नाथ शाहदेव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि पलामू जिला के लिए विनय सिन्हा दीपू, गढ़वा जिला के लिए सुरजीत नागवाल, लातेहार जिला के लिए निरंजन पासवान, पूर्वी सिंहभूम जिला के लिए शशि भूषण राय, पश्चिम सिंहभूम जिला के लिए, धर्मेन्द्र सोनकर, सरायकेला-खरसावां जिला के लिए बेलस तिर्की, देवघर जिला के लिए रविन्द्र झा, दुमका जिला के लिए अशोक वर्मा, जामताड़ा जिला के लिए बादल पत्रलेख, साहेबगंज जिला के लिए मुन्नम संजय, पाकुड़ जिला के लिए जमील अख्तर को प्रभारी बनाया गया है। झारखंड कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन और प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि उक्त सभी पदाधिकारी संबंधित जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर कांग्रेस संगठन को ग्रासरूट तक पहुंचाने में सहयोग एवं मार्गदर्शन करेंगे।

# सीसीएल को ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सेण्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) को उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के लिए प्रतिष्ठित ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। सीसीएल की ओर से गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया गया कि यह सम्मान सीसीएल के हजारीबाग कोयला खनन क्षेत्र में संचालित समग्र सामुदायिक विकास परियोजना के लिए प्रदान किया गया, जिसने आसपास के नौ गांवों के लगभग 5000 परिवारों के जीवन में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में यह पुरस्कार सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (सीएसआर) सिद्धार्थ शंकर लाल के नेतृत्व वाली टीम ने प्राप्त किया। यह सम्मान ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन तथा सतत विकास के क्षेत्र में सीसीएल के उल्लेखनीय योगदान की राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति है। सीसीएल की ओर से संचालित इस परियोजना के अंतर्गत जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बहुआयामी प्रयास किए गए। परियोजना के तहत गांवों में तालाब निर्माण एवं पुनर्जीवन, वाटरशेड विकास, जैविक खेती को बढ़ावा, पशुधन विकास, सूक्ष्म उद्यमों का सृजन, सौर आधारित




पेयजल व्यवस्था तथा सोलर स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं विकसित की गईं। परियोजना की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह रही कि इसमें महिलाओं की सक्रिय एवं नेतृत्वकारी भागीदारी सुनिश्चित की गई। महिला स्वयं सहायता समूहों एवं ग्रामीण महिलाओं को आजीविका आधारित गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया गया। इसके परिणामस्वरूप प्रत्येक परिवार की औसत वार्षिक आय में वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही, रोजगार एवं आय के स्थानीय अवसर बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले पलायन में भी उल्लेखनीय कमी आई है। यह परियोजना केवल आधारभूत सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसने ग्रामीण समुदायों में आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता और पर्यावरणीय संतुलन की भावना को भी मजबूत किया है। जल संरक्षण एवं जैविक कृषि जैसे उपायों ने स्थानीय पर्यावरण को सुदृढ़ करने के साथ-साथ किसानों की उत्पादन क्षमता एवं आय में भी सकारात्मक प्रभाव डाला है। सीसीएल निरंतर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। कंपनी का विश्वास है कि वास्तविक विकास तभी संभव है जब उद्योग और समुदाय साथ-साथ आगे बढ़ें। सीसीएल सदैव समाज के समग्र उत्थान, ग्रामीण आत्मनिर्भरता एवं समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्ध रही है। ग्रीनटेक सीएसआर इंडिया प्लेटिनम अवार्ड कंपनी के इसी जनकेंद्रित दृष्टिकोण एवं सतत विकास की भावना का प्रमाण है। भविष्य में भी सीसीएल अपने खनन क्षेत्रों के आसपास रहने वाले समुदायों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड हाई कोर्ट ने हिरासत में मौत व रेप मामलों में न्यायिक जांच अनिवार्य की

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस हिरासत, जेल में मौत और रेप की घटनाओं में न्यायिक जांच को अनिवार्य कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने आदेश दिया कि अब ऐसे सभी मामलों में ज्यूडिशियल इंक्वायरी अनिवार्य होगी। पहले इन मामलों की जांच एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट से कराई जाती थी। कोर्ट ने अपने आदेश में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) को जेल, पुलिस कस्टडी में मौत या रेप के मामले में नेशनल_मन राइट कमिशन नई दिल्ली ( एनएचआरसी) की गाइडलाइन के तहत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी ) तैयार करने का निर्देश दिया है, ताकि ऐसे मौत और रेप के मामलों की जांच का कार्यान्वयन सही ढंग से हो। खंडपीठ ने सरकार की ओर से दिए गए 250 ऐसे मामले जिनमें ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं हुई है। उसमें जिला जज कारण बताते हुए उच्च न्यायालय को रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार को पुलिस, जेल कस्टडी में ऐसे मौत या रेप के मामले के संबंध में कई अन्य दिशा निर्देश भी दिए हैं। पूर्व में कोर्ट ने प्रार्थी एवं राज्य सरकार का पक्ष जानने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए आदेश सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता शादाब अंसारी ने पक्ष रखा था। उनकी ओर से कोर्ट के समक्ष लिखित बहस प्रस्तुत किया गया था। साथ ही उच्चतम न्यायालय के जजमेंट,राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), नई दिल्ली की ओर से जारी दिशा-निर्देश के अलावा बीएनएसएस का 196 सब सेक्शन (2) को भी कोर्ट को समर्पित समर्पित किया गया था। उल्लेखनीय है कि मामले में पूर्व में गृह सचिव ने एक शपथ पत्र दाखिल किया था, जिसमें उन्होंने बताया था कि पुलिस कस्टडी एवं जेल कस्टडी में वर्ष 2018 से 2025 के बीच करीब 500 मौत हुई है, इनमें से करीब आधे में ज्यूडिशियल इंक्वायरी नहीं हुई है। इससे पहले कोर्ट ने गृह सचिव से स्पष्ट रूप से यह बताने को कहा था कि राज्य में हुई सभी हिरासत में मौत की घटनाओं में न्यायिक जांच कराई गई है या नहीं। कोर्ट ने सरकार को यह भी निर्देश दिया था कि शपथ पत्र में यह जानकारी दी जाए कि न्यायिक जांच के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पालन किया गया या नहीं। उल्लेखनीय है कि प्रार्थी मोहम्मद मुमताज अंसारी ने राज्य में जेल या न्यायिक हिरासत में हुई मौत मामले की जांच करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है।

### बंधुआ मजदूरों के पुनर्वास पर झारखंड हाई कोर्ट का सख्त निर्देश

**रांची :** झारखंड उच्च न्यायालय ने बंधुआ मजदूरों को मुआवजा, पुनर्वास और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने गढ़वा जिले के डीसी को निर्देश दिया कि वह प्रार्थी द्वारा उपलब्ध कराए गए बंधुआ मजदूर सूची का सत्यापन करें। जिन बंधुआ मजदूर को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें अविलंब लाभ दिलाएं। सरकार की ओर से अधिवक्ता गौरव राज ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि बंधुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम के तहत मुक्त कराए गए 300 से अधिक मजदूरों को तत्काल मुआवजा, पुनर्वास और अन्य सरकारी सुविधाएं दिलाया जाए। लेकिन सरकार की ओर से इस दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सरकार की ओर से कहा गया है कि इससे संबंधित 300 से अधिक लोगों की सूची सरकार को दी गई है। सुनवाई के दौरान गढ़वा डीसी कोर्ट के आदेश के आलोक में आज हाजिर हुए। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सोलापुर, महाराष्ट्र से मुक्त कराए गए महिला बंधुआ मजदूर को वर्ष 2017 में ही आवास, मनरेगा कार्ड आदि सरकारी सुविधाएं दी गई है। उत्तर प्रदेश के चार जिलों मिर्जापुर, भदोही, कानपुर और प्रयागराज से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर के बारे में उत्तर प्रदेश के संबंधित जिलों से प्राप्त दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा है। पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने मौखिक कहा था की बंधुआ मजदूरों को सरकारी लाभ दिया जाना चाहिए। इसे लेकर सरकार को संवेदनशील होना चाहिए। सरकार द्वारा दाखिल जवाब को पूरी तरह संतोषजनक नहीं माना था। कोर्ट ने गढ़वा के वर्तमान और पूर्व उपायुक्त को तलब किया था। कोर्ट ने कहा था कि पूर्व में दिए गए निर्देशों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर मजदूरों को सरकारी लाभ दिलाने की योजना को अमली जामा नहीं पहनाया जा सका है।

### 17 और 18 को बारिश और आकाशीय बिजली को लेकर ऑरेंज अलर्ट

**रांची :** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 17 और 18 मई को बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा भी चल सकती है। मौसम विभाग ने इसे लेकर गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग की ओर से 17 और 18 मई को राज्य के जिन जिलों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है उनमें उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती जिले शामिल हैं। इनमें धनबाद, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, रांची और रामगढ़ शामिल है। उल्लेखनीय है की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 15 दिनों से बारिश हो रही है इससे गर्मी में कमी आई है। हालांकि बारिश के कारण सब्जियों के फसल को नुकसान हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक बारिश पाकुड़ जिले के अमरापारा में 35 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश रिकार्ड की गई उनमें नाला में 27.6 मिलीमीटर, नारायणपुर में 26.6, महागांव में 26 मिलीमीटर, हरिहरगंज में 25.4, बरही डीवीसी में 25.2, चक्रधरपुर में 25.2, जामताड़ा में 25, कमांडीह में 24.4, पथरगामा में 24.2, चाईबासा में 23.2, तांतगर नगर में 21.2 मिमी, सिमडेगा में 20.2, बुढ़मू में 18.2 और रांची में 14.4 मिलीमीटर शामिल है।

### नीट पेपर लीक मामले में नहीं हुई कार्रवाई तो होगा उग्र आंदोलन : एनएसयूआई

**रांची :** देशभर में नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर बढ़ते विरोध के बीच राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने देश की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किया है। गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में एनएसयूआई के नेताओं ने कहा कि परीक्षा में हुई अनियमितताओं ने लाखों छात्रों और उनके परिवार के भविष्य को संकट में डाल दिया है। मौके पर प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में गड़बड़ी होना बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि देशभर के 22 लाख से अधिक परीक्षार्थी और उनके परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि छात्र पढ़ाई करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। यह शिक्षा व्यवस्था की विफलता है।

### चेंबर भवन में अध्यक्ष और महासचिव के केबिन का अनावरण

**रांची :** फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यालयीय भवन में नव सौन्दर्यीकृत अध्यक्ष और महासचिव केबिन का गुरुवार को अनावरण किया गया। अध्यक्ष के केबिन का उद्घाटन चेंबर के पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी ने किया। इस अवसर पर चेंबर के पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा, कुणाल अजमानी और किशोर मंत्री सहित कई गणमान्य सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष के केबिन में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना भी हुई। उपस्थित सदस्यों ने नव सुसज्जित केबिन की सराहना करते हुए इसे चेंबर की गरिमा एवं कार्यसंस्कृति के अनुरूप बताया।

## एक नजर

### दो दिनों से लापता वृद्ध का शव मरकच्चो नहर से बरामद

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र में दो दिनों से लापता एक वृद्ध का शव मरकच्चो नहर से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान स्थायी निवासी के रूप में की गई है। मालूम हो कि लक्ष्मण यादव उम्र 62 वर्ष पिता स्वर्गीय जागो महतो शकीन गोधन थाना राजधनवार जिला गिरिडीह का निवासी था वह लगभग 5 वर्षों से उत्तरी पंचायत के मरकच्चो गोरहन्द मुख्य मार्ग स्थित पांच खेरों नदी के समीप अपना मकान बनाकर रह रहा था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार लक्ष्मण महतो मंगलवार 7 :00 बजे शाम से लापता था। परिजन अपने स्तर से खोजबीन कर रहे थे। इसी बीच गुरुवार को लगभग 3 :00 बजे शाम ग्रामीणों ने शव को मरकच्चो नहर में तैरता हुआ देखा। इसके बाद इसकी सूचना मरकच्चो थाना को दी गई। सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगाने का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव से नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में बरवाडीह निवासी पीड़िता की माता सुनीता देवी पति ईश्वर ठाकुर के द्वारा मरकच्चो थाना में 13 मई को लिखित आवेदन देकर प्राथिमिकी दर्ज कराई गयी है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि 7 मई 2026 की शाम मेरी पुत्री शौच के लिए निकली थी, जो देर शाम तक वापस नही आयी।काफी खोज बीन करने के बाद भी पता नहीं चला। खोजबीन के क्रम में पता चला कि मरकच्चो प्रखण्ड के ही बभनडीह गांव निवासी दीपक रॉय 26 वर्ष पिता बिनोद रॉय उनकी पुत्री को शादी का प्रलोभन देकर भगा ले गया है। जिसे लेकर मरकच्चो थाना में कांड संख्या 30/2026 प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।घटना के बाद से परिजन काफी परेशान हैं,तथा अपने स्तर से लड़की का खोज बीन कर रहे हैं,लेकिन अबतक कोई सुराग नही मिल पाया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लंबित प्रोन्नति को लेकर सक्रिय हुआ पेंशनर समाज डीएसई को सौंपा ज्ञापन

**रामगढ़ :** प्राथमिक शिक्षकों की लंबित प्रोन्नति का मुद्दा एक बार फिर चर्चा में आ गया है। इसी को लेकर रामगढ़ जिला पेंशनर कल्याण समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार से मिला और शिक्षकों की प्रोन्नति प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक को दिए ज्ञापन में कहा कि जिले के कई प्राथमिक शिक्षक लंबे समय से विभिन्न ग्रेडों में प्रोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। समय पर प्रोन्नति नहीं मिलने से शिक्षकों में निराशा का माहौल है। पेंशनर कल्याण समाज ने मांग की कि नियमानुसार सभी पात्र शिक्षकों को जल्द से जल्द प्रोन्नति का लाभ दिया जाए। जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि नियमों के अनुरूप अहर्ता प्राप्त शिक्षकों को सभी ग्रेडों में प्रोन्नति देने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिला पेंशनर कल्याण समाज के प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह के साथ उपाध्यक्ष वृंदावन सिंह, कोषाध्यक्ष छुन्नू साहू, संरक्षक दिलीप साहा और दूधेश्वर महतो शामिल रहे।

# महिला शिक्षिका ने विभागाध्यक्ष पर उत्पीड़न का लगाया आरोप, उपायुक्त से लगाई न्याय की गुहार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** जे.जे. कॉलेज के शिक्षा-शास्त्र विभाग से जुड़ा एक मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला शिक्षिका ने विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार पर लंबे समय से मानसिक उत्पीड़न एवं प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में महिला शिक्षिका ने आरोप लगाया है कि बीते लगभग नौ वर्षों से विभागाध्यक्ष द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में महाविद्यालय, विश्वविद्यालय एवं राजभवन तक कई बार शिकायत की गई, लेकिन कहीं से न्याय नहीं मिला। मजबूरी में उन्हें उच्च न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व प्राचार्य डॉ. मिथिलेश उपाध्याय के संरक्षण में विभागाध्यक्ष द्वारा उनके चरित्र को बदनाम करने की नीयत से विश्वविद्यालय, राजभवन एवं एनसीटीई तक कथित रूप से झूठी और मनगढ़ंत शिकायतें भेजी गईं। महिला शिक्षिका ने बताया कि उनके द्वारा दायर रिट याचिका संख्या 3754/2024 का हवाला देकर जिला शिक्षा अधीक्षक, कोडरमा को भी भ्रमित करने का प्रयास किया गया। पीड़िता ने कहा कि उन्होंने अपनी समस्या क्षेत्र के सांसद एवं विधायक के समक्ष भी रखी, लेकिन अब तक उन्हें न्याय नहीं मिल सका। लगातार हो रहे कथित उत्पीड़न के कारण उनकी मानसिक स्थिति प्रभावित हो रही है और वे अवसाद की स्थिति से गुजर रही हैं। महिला शिक्षिका ने यह भी आरोप लगाया कि हाल ही में उस स्थान पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जहां वे अकेले बैठती हैं। इससे उनकी निजता प्रभावित हो रही है और वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। उपायुक्त को दिए आवेदन में महिला शिक्षिका ने सम्मानजनक एवं भयमुक्त कार्यस्थल उपलब्ध कराने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

### अवैध खनन और रॉयल्टी चोरी की जांच की मांग, कांग्रेस ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा :** कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में खनन पट्टों की आड़ में हो रहे कथित अवैध खनन, नियमों के उल्लंघन और रॉयल्टी चोरी की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे सरकार को भारी राजस्व क्षति हो रही है और पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन में डोमचांच, नवलशाही, मरकच्चो, जयनगर और चंदवारा थाना क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। कांग्रेस का कहना है कि कई खनन पट्टाधारी स्वीकृत खनन योजना और निर्धारित शर्तों का पालन किए बिना पत्थर का उत्खनन कर रहे हैं। साथ ही खनिज परिवहन में चालान का समुचित उपयोग नहीं किए जाने से रॉयल्टी चोरी की आशंका जताई गई है। प्रकाश रजक ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर नए खनन पट्टों की आड़ में पुराने बंद पड़े खदानों से भी खनिज निकाला जा रहा है। उन्होंने डोमचांच थाना क्षेत्र के डोमचांच, खरखार, पुरनाडीह, नवादा, ताराटांड़, जयनगर के दहुआटोला तथा चंदवारा के ढाब-थाम और नवलशाही क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए जांच की मांग की।

# स्कूल से लौटे मासूम की चीख से दहला मोहल्ला, मां की गला रेतकर हत्या



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मिटको कॉलोनी से एक दिन दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां एक महिला की गला रेतकर हत्या कर देने का एक मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय नेहा राज पति शंभू राणा के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतका के पड़ोसी उमेश पंडित ने बताया कि मृतका का पुत्र जो कि स्कूल गया हुआ था। जब वह 12:30 बजे के करीब घर लौटा और वैन से उतरकर जैसे ही कमरे में प्रवेश किया तो वह जोर-जोर से चिल्लाने लगा और दौड़कर घर से बाहर की ओर भागा। उसकी चीख सुनकर लोग उसके पास पहुंचे। उसने लोगों से बताया कि उसकी माँ के गले से खून बह रहा है और वह कुछ बोल नहीं पा रही है। जिसके पस्चात आसपास के लोगों ने इसकी सूचना उनके पति शंभु राणा को दी, जो अपनी फैक्ट्री से कॉपी पहुंचाने किसी दुकान पर गए हुए थे। शंभू को इसकी सूचना मिलते ही उन्होंने अपने सभी साथियों को बारी-बारी से इसकी सूचना देकर जल्द से जल्द घर जाने को कहा। सूचना मिलते ही उमेश पंडित सहित अन्य लोग शम्भू के घर पहुंचे। घर पहुंचकर वहां का दृश्य देखते ही उनके होश उड़ गए। उनलोगों ने देखा कि महिला का गला किसी धारदार हथियार से रेता हुआ था और उसके गले से काफी खून भी बह रहा था। जिसके पस्चात लोग महिला को आनन-आनन फानन में लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचे और मामले की जांच करने लगे। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला लग रहा है। उन्होंने कहा कि मामले की सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। मृतका के परिजनों से इस मामले में पूछताछ की जा रही है। जो भी इस मामले में लिप्त होंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# कानून और प्रक्रिया से ऊपर कोई नहीं : धनंजय पुटूस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** नगर परिषद बोर्ड की बैठक को लेकर भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस द्वारा उठाए गए सवालों ने जिले की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में नई बहस छेड़ दी है। सोशल मीडिया पर किए गए उनके ट्वीट के बाद नगर निकाय की कार्यप्रणाली, अधिकार क्षेत्र और नियमों के पालन को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। पुटूस ने सीधे तौर पर पूछा है कि क्या किसी विधायक को नगर परिषद बोर्ड की बैठक में अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठकर अधिकारियों और बोर्ड सदस्यों को निर्देश देने का अधिकार है? धनंजय कुमार पुटूस ने अपने बयान में कहा कि नगर परिषद की बैठकों में विधायक की भूमिका आमंत्रित सदस्य की होती है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि जब नियमानुसार मतदान का अधिकार तक नहीं होता, तब अध्यक्षीय भूमिका में बैठकर बैठक संचालन या निर्देश देना किस प्रावधान के तहत किया जाता है। उनके इस बयान के बाद नगर परिषद से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार पुटूस के ट्वीट के बाद कई अधिकारी भी नगर निकाय अधिनियम और बोर्ड बैठक की प्रक्रियाओं की समीक्षा में जुट गए हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि धनंजय कुमार पुटूस लगातार तथ्यों और नियम आधारित मुद्दों को उठा रहे हैं, जिससे उनकी पहचान प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर पैनी नजर रखने वाले नेता के रूप में मजबूत हुई है। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि और अधिकारी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून और प्रक्रिया से ऊपर कोई नहीं हो सकता। यदि नियमों की अनदेखी होगी तो सवाल उठना स्वाभाविक है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद जिले की राजनीति में बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। वहीं आम लोगों के बीच भी यह चर्चा का विषय बना हुआ है ।

# बंगाल में भाजपा की जीत पर नवलशाही में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददतात

**मरकच्चो :** बंगाल मे भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत की खुशी मे बुधवार शाम को नवलशाही चौक स्थित ज्ञानी साव के होटल मे बी जे पी कार्यकर्त्ताओ ने एक दूसरे को मिठाई एवं समोसा खिला कर खुशियाँ मनाई। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे पार्टी कार्यकर्त्ता मौजूद रहे तथा इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से बालेसर यादव का अहम योगदान रहा। वही कार्यकर्त्ताओ ने कहा की यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगुवाई मे देश की जनता की विस्वास की जीत है। कार्यक्रम मे बी जे पी मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा कुमार साव, शंकर साव, दीपू कुमार,धर्मेंद्र साव, सुनील साव, राजु मोदी,बीरेंद्र साव, हरिचंद साव, प्रकाश साव,रवि साव, तुलसी ठाकुर, राजेंद्र साव,चंदन साव, कृष्णा कुमार, शंकर ठाकुर, धन्नू ठाकुर, चरखु साव, एवं सैकड़ो बी जे पी कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# रुंगटा प्लांट के धुएं और धूल से बढ़ी परेशानी, ग्रामीणों में आक्रोश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के बरकाकाना थाना क्षेत्र अंतर्गत हेहल स्थित रुंगटा संचालित मां छिन्नमस्तिका सीमेंट एंड इस्पात प्लांट अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का बड़ा कारण बनता जा रहा है। प्लांट जाने वाले मार्ग पर फोरलेन कटिंग के पास जमा डस्ट, उड़ती धूल और चिमनियों से निकलते धुएं ने पूरे इलाके को संकट में डाल दिया है। सड़क हादसों से लेकर बढ़ते प्रदूषण तक, ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार विभाग सबकुछ देखकर भी अनदेखी कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार प्लांट में आने-जाने वाले भारी वाहनों से सड़क पर सीमेंट और आयरन मिश्रित धूल की मोटी परत जम जाती है। खासकर फोरलेन से प्लांट की ओर मुड़ने वाले कटिंग प्वाइंट पर हालात सबसे ज्यादा खतरनाक हैं। तेज रफ्तार वाहन अचानक फिसल जाते हैं और दोपहिया चालक आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बड़ी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्थायी समाधान आज तक नहीं निकाला गया। लोगों का आरोप है कि जब कोई बड़ा हादसा होता है, तभी प्रशासन और प्रबंधन की नींद खुलती है। कुछ समय के लिए सड़क की सफाई और पानी का छिड़काव कराया जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद सड़क फिर डस्ट से पट जाती है। नियमित सफाई, पानी छिड़काव और सुरक्षा उपायों की भारी कमी बताई जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि प्लांट की चिमनियों से निकलने वाला धुआं और आयरन डस्ट आसपास के पूरे इलाके को प्रदूषित कर रहा है। घरों की छत, पेड़-पौधे, दुकानें और यहां तक कि पानी के स्रोत भी काली धूल से ढक जा रहे हैं। सुबह और शाम के समय हवा में धूल का गुबार इतना ज्यादा रहता है कि लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगती है। बच्चों, बुजुर्गों और दमा मरीजों की स्थिति सबसे अधिक खराब बताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, परिवहन विभाग और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# राशन व्यवस्था में लापरवाही अब नहीं होगी बर्दाश्त, डीसी ने दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** जिले की सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज ने गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में राशन वितरण, पीडीएस दुकानों की कार्यप्रणाली और लाभुकों तक योजनाओं की पहुंच को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपायुक्त ने खराब प्रदर्शन और अनियमितता बरतने वाले पीडीएस संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोपो ने पीपीटी के माध्यम से विभागीय योजनाओं और पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों पर हुई कार्रवाई की जानकारी दी। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को हर माह अपने क्षेत्र की पीडीएस दुकानों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्देश दिया। साथ ही गोदामों और पैक्स की भी नियमित जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि राशन वितरण में गड़बड़ी या लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले और अनियमितता बरतने वाले पीडीएस संचालकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में एनएफएसए और जेएसएफएसएस योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि जो कार्डधारी लंबे समय से राशन का उठाव नहीं कर रहे हैं, उन्हें पहले नोटिस जारी किया जाए। नोटिस के बाद भी स्थिति नहीं सुधरने पर उनके राशन कार्ड रद्द कर प्रतीक्षा सूची में शामिल नए योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ा जाए। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी स्थापना शाखा रीना कुजूर, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी तथा जिला आपूर्ति कार्यालय के अन्य कर्मी मौजूद रहे। उपायुक्त ने अधिकारियों को सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जवाबदेही के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने किया सतगावां का दौरा, विभिन्न हादसों के शिकार लोगों के परिजनों से की मुलाकात



**कोडरमा :** स्थानीय विधायक डॉ नीरा यादव ने गुरुवार को सतगावां प्रखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा किया। उन्होंने विभिन्न हादसे के शिकार हुए लोगों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया। विधायक डॉ नीरा यादव ने सतगावां में भाजपा के वरीय नेता मनोज भगत के समलदीह आवास पर पहुंच कर उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त किया। वहीं शिवपुर में सड़क हादसे में घायल भाजपा कार्यकर्ता शशि सिंह से मिलने आवास पहुंची और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रखंड के भखरा में हाथी के हमले से घायल पृथ्वी सिंह को देखने पहुंची विधायक ने उनके इलाज एवं मुआवजा के लिए संबंधित अधिकारियों से बात की। साथ ही रिम्स के निर्देशक से वार्ता कर पृथ्वी सिंह के इलाज की समुचित व्यवस्था करने को कहा। विधायक ने खूटा में पवन यादव के परिजनों से भी मुलाकात की जिनकी सर्पदंश से मौत हो गई थी। उन्होंने कटैया पहुंचकर हाथी के हमले से मारे गए रोहित कुमार के परिजनों से मिलकर मुआवजा और अन्य सरकारी लाभ दिलाए जाने का भरोसा दिया। विधायक डॉ नीरा यादव ने नंदूडीह पहुंचकर प्रदीप यादव और उनके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि यहां वज्रपात से प्रदीप यादव की पत्नी, पुत्र और बुआ, तीन लोगों की मौत हो गई थी। अपने दौरे के दौरान विधायक ने भाजपा कार्यकताओं और अन्य लोगों से मिलकर समस्याओं की भी जानकारी ली और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने वन विश्रामागार परिसर में सतगावां बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी से विभिन्न मामलों पर चर्चा की और समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित पहल करने को कहा। सतगावां दौरे में उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश यादव, रंजीत सिंह के अलावा धनंजय यादव, रामवचन यादव, व्यास कुमार, सिकंदर यादव, पिंटू सिंह, शिवराज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, प्रदीप यादव, राहुल कुमार, अविनाश यादव, सुबोध सिंह, मनीष अग्रवाल, सचिन राणा, विपुल मोदी, मुकेश राम, परमेश्वर यादव, महेंद्र यादव, कुलदीप राम, राजकुमार यादव, पारिजात सिंह, चुन्नू सिंह भी मौजूद थे।

### 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ भव्य समापन




**कोडरमा :** राजकीय पॉलिटेक्निक कोडरमा परिसर में एनसीसी ग्रुप मुख्यालय हजारीबाग के अंतर्गत 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों से आए लगभग 650 एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष रमेश हर्षधर एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, प्रख्यात व्यवसायी उदय सोनी, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कोडरमा के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग के डॉ. भूपेंद्र कुमार तथा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के व्याख्याता मनोज यादव उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि रमेश हर्षधर ने एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, राष्ट्रसेवा एवं नेतृत्व क्षमता का प्रतीक बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन पर जोर देते हुए समय प्रबंधन के महत्व को समझाया। 45 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विजय कुमार सेना मेडल ने सभी अतिथियों को मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए एएनओ एवं सीसी अधिकारियों तथा मीडिया प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक संध्या में कैडेट्स ने नागपुरी, राजस्थानी तथा बिहार-झारखंड की लोकसंस्कृति पर आधारित मनमोहक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की सफलता में सूबेदार मेजर जी. चौधरी, ट्रेनिंग जेसीओ बलविंदर सिंह, ट्रेनिंग एनसीओ सुधीर मिश्रा एवं गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर शिवानी शर्मा सहित बटालियन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में फायर सेफ्टी पर विशेषज्ञों ने दिया जागरूकता का संदेश



**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी संकाय स्थित एच-ब्लॉक के सेमिनार कक्ष में बुधवार को फायर सेफ्टी विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को अग्नि सुरक्षा से जुड़ी आधुनिक तकनीकों, बचाव उपायों और औद्योगिक सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क और सक्षम बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जुपिटर वैगन्स लिमिटेड, जमशेदपुर के जूनियर मैनेजर नंद कुमार रहे। उन्होंने अपने व्याख्यान में अग्नि दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया और औद्योगिक क्षेत्रों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा मानकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाया कि थोड़ी सी लापरवाही किस प्रकार बड़े हादसे का कारण बन सकती है। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ. अवनीश कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि वर्तमान तकनीकी और औद्योगिक युग में फायर सेफ्टी का ज्ञान केवल पेशेवर आवश्यकता नहीं, बल्कि जीवन सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। उन्होंने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों से सुरक्षा संबंधी जानकारियों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने की अपील की। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। अंत में डॉ. सत्य प्रकाश पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य वक्ता, शिक्षकों और विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

**एक नजर**

## पुलिस ने 231 किलो अवैध डोडा किया बरामद, तस्कर फरार

**खूंटी** : पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के नेतृत्व में खूंटी पुलिस को अवैध नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना के आधार पर मुरहू थाना पुलिस ने देर शाम छापेमारी कर लगभग 231 किलो अवैध डोडा बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने एक मारुति इको वाहन भी जब्त किया, जबकि तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि मुरहू थाना की गश्ती टीम को सूचना मिली थी कि घाघरा गांव के समीप गानलोय-सारीदकेल मार्ग पर एक चार पहिया वाहन के साथ कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही वाहन के पास खड़े सभी आरोपित जंगल की ओर भाग निकले। पुलिस ने मौके पर खड़ी मारुति इको वाहन की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से 13 बोरों में भरा लगभग 231 किलो अवैध डोडा बरामद किया गया। इसके बाद जब्त डोडा और वाहन को मुरहू थाना लाया गया। इस कार्रवाई में खूंटी एसडीपीओ वरुण रजक, पुलिस निरीक्षक फ्रांसिस जेवियर बाड़ा, मुरहू थाना प्रभारी नायल गॉडविन केरकेट्टा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। इस संबंध में मुरहू थाना में मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## उपायुक्त ने की जेल सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

**खूंटी** : उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में गुरुवार को कारा सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जेल की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने और परिसर में अनुशासन सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने उप-कारा, खूंटी में लगाए गए सुरक्षा उपकरणों, जैसे सीसीटीवी कैमरा और अन्य यांत्रिक उपकरणों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की और इनके सुचारु संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिया, ताकि किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक की संभावना न रहे। कैदियों की नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच, चिकित्सक और नर्स की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया। जेल में बनने वाले भोजन की नियमित रूप से फूड सेफ्टी पदाधिकारी की ओर से जांच करने के निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि जेल में अनुशासन बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी-सह-अधीक्षक उप कारा दिपेश कुमारी, अपर समाहर्ता परमेश्वर मुण्डा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक सविता महतो ने चांडिल में दो सड़कों का किया शिलान्यास

## 3 करोड़ 33 लाख की लागत से बनेगी दोनो सड़कें

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चांडिल** : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत चांडिल प्रखंड की दो महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास गुरुवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि चांडिल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बानसा-रेयारदा पथ के लपाईबेड़ा से गुटीउली देवरागोड़ा तक 2.8 किलोमीटर सड़क का निर्माण 2 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं एनएच-33 से हुमीद ग्राम तक 1.47 किलोमीटर सड़क का निर्माण 84 लाख रुपये की लागत से होगा। दोनों योजनाओं पर कुल 3 करोड़ 33 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। विधायक सविता महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण होने से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। बेहतर सड़क संपर्क से गांवों का विकास तेज होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार तक पहुंच आसान बनेगी। उन्होंने संबंधित विभाग एवं संवेदक को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य चारु चांद किस्कू, ओमप्रकाश लायेक, काबलु महतो, जिला सचिव बैधनाथ टुडू, शंकर लायेक, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, पशुपति महतो, लंबोदर महतो, भादूडीह पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर बेसरा, अरुण टुडू, राहुल वर्मा, कुनाराम मांझी, सुखलाल, समेत काफी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### चौका में क्रांतिकारी फुलों झानो मूर्ति स्थल सौंदर्यीकरण कार्य का किया उद्घाटन

विधायक सविता महतो ने गुरुवार को चांडिल प्रखंड क्षेत्र के चौका पंचायत भवन के समीप विधायक योजना से निर्मित क्रांतिकारी वीर फूलों झानो मूर्ति स्थल सौन्दयीकरण कार्य का उद्घाटन विधिवत शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने फुलों झानो की मूर्तिपर माल्यार्पण कर नमन किया। विधायक ने कहा 4 लाख 69 हजार 7 सौ रुपए कि लागत से सौन्दयीकरण कार्य कराया गया।

# चांडिल वन क्षेत्र में लगातार बढ़ रहा गजराज का खौफ, दहशत में ग्रामीण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : चांडिल, कुकड़ु, ईचागढ़ सहित पूरे चांडिल वन क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का उत्पात बढ़ रहा है, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त है। बीते देर रात को कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत ईचाडीह पंचायत के आदरडीह चौका गांव में जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। इस घटना में गांव के ग्राम प्रधान गुरुपद गोप का घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय गुरुपद गोप अपने पूरे परिवार के साथ घर के अंदर सो रहे थे। अचानक हाथी द्वारा घर तोड़े जाने से अफरा-तफरी मच गई, लेकिन किसी तरह उन्होंने अपनी पत्नी, विवाहित बेटी एवं छोटे-छोटे बच्चों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी जान बचाई।

हाथी ने घर में रखे अनाज को पूरी तरह नष्ट कर दिया। डेगची एवं बोरा में रखे चावल को चारों ओर बिखेर दिया गया। घर के कई जरूरी सामानों को नुकसान पहुंचाया गया तथा बक्से में रखे महत्वपूर्ण कागजात सहित अन्य वस्तुएं भी नष्ट हो गईं। इस घटना में ग्राम प्रधान की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। उनके सीने में अंदरूनी चोट आई है तथा पैर में गंभीर चोट लगी है। वहीं विस्थापित अधिकार मंच फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश रंजन महतो ने वन विभाग से मांग की है कि घायल महिला के समुचित इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा पीड़ित परिवार को उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए एवं हाथियों का स्थाई समाधान सुनिश्चित किया जाय।

# दो दिनों में खराब चापाकल ठीक करने का बीडीओ ने दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया** : प्रखंड सभागार में गुरुवार को जल समस्या को लेकर मेराथन बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी एवं प्रखंड प्रमुख प्रीति कुमारी के नेतृत्व में हुई इस बैठक में गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जल संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान निकालने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में सभी जलसहिया, मुखिया, पंचायत सेवक, पंचायत समिति सदस्य एवं प्रखंड के विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित रहे। सभी जलसहिया दीदियों को दो दिनों के अंदर अपने क्षेत्र के खराब पड़े चापाकलों की पूरी सूची प्रखंड समन्वयक को जमा करने का निर्देश दिया गया। सूची मिलते ही इनकी मरम्मत युद्ध स्तर पर कराई जाएगी। जलसहियाओं को सभी गांवों में लगे SVS एवं MVS का पूरा रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया, जिसमें नल कनेक्शन की स्थिति और बचे हुए लाभार्थियों की सूची भी शामिल होगी।

मुखियाओं से बारी-बारी से रिपोर्ट ली गई। उन्होंने अपनी पंचायतों में जल नल की वर्तमान स्थिति बताई, जिस पर तत्काल समाधान का आश्वासन दिया गया। हर पंचायत में प्रत्येक माह ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सामुदायिक शौचालयों तथा व्यक्तिगत शौचालयों की स्थिति का आकलन कर उनका उचित रखरखाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# स्मार्ट पंचायत गवर्नेंस सेंटर्स के रूप में विकसित हो रहे पंचायत भवन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : अब झारखंड के ग्राम पंचायत भवन स्मार्ट पंचायत गवर्नेंस सेंटर्स के रूप में विकसित हो रहे हैं। पंचायतों में पंचायत सचिव और मुखिया, सीएससी वीएलए ऑपरेटर के माध्यम से पंचायत गेटवे तकनीक का उपयोग कर गुड गवर्नेंस की नई मिसाल प्रस्तुत कर रहे हैं। तोरपा प्रखंड के तपकरा पंचायत भवन में पंचायत गेटवे के माध्यम से ई ग्राम स्वराज का पहला पंचायत स्तर का डिजिटल ट्रांजेक्शन गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह पहल ग्रामीण शासन व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पंचायत सचिव महावीर राम, मुखिया रोशनी गुड़िया वीएलइ बसंत परवार की उपस्थिति में भुगतान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा उपस्थित रहे और अपने दिशा निर्देश में भुगतान की पारदर्शी प्रक्रिया को पूर्ण किया।

# नीमडीह व तिरूलडीह पुलिस ने विद्यार्थियों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिले में पुलिस द्वारा लगातार चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियानों के तहत नीमडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय, रघुनाथपुर एवं तिरूलडीह थाना क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय तिरूलडीह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिले के पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से छात्राओं को बाल विवाह, बाल मजदूर, साइबर अपराध, यातायात, डायल 112, बच्चा चोरी अपवाह, डायन प्रथा निषेध कानून के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कम उम्र में विवाह करना या करवाने में सम्मिलित होना कानूनन अपराध है और इससे बालिकाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा किसी भी प्रकार की जबरन शादी की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। इसके अलावा विद्यार्थियों को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। सोशल मीडिया पर फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने, ऑनलाइन ठगी और अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में नीमडीह थाना प्रभारी संतन तिवारी व तिरूलडीह थाना प्रभारी कौशल कुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने अभिभावकों एवं आसपास के लोगों को भी इन महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराएं, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

# अवैध अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चतरा** : जिले में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इटखोरी पुलिस को एक और बड़ी कामयाबी मिली है। इटखोरी थाना क्षेत्र के चतरा रोड़ बक्शा पुल के पास में पुलिस ने छापेमारी कर 2 किलों 28 ग्राम अर्धगीला भूरा गाढ़ा पदार्थ भारी मात्रा में अवैध गीला अफीम व रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद किया है। इस कार्रवाई में एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसका नाम विकाश कुमार पिता स्वर्गीय प्रमोद साहब लिपदा थाना सदर जिला चतरा का हैं। एसपी अनिमेश नैथानी नें बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रमोद साव चतरा के तरफ से सफेद रंग के बेलोनो कार से अवैध अफीम लेकर इटखोरी की ओर जा रहा हैं। और इसे बाहर भेजने की फिराक में है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई हेतु चतरा मुख्यालय डीएसपी अमिता लकड़ा के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रमोद साव के गाड़ी में छापा मारा, जहाँ से 2 किलो 28 ग्राम गीला अफीम बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि मौके से तस्कर को भी पकड़ा गया है। गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

कर जेल भेजा गया है। एसपी नें बताया कि जब्त अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रुपये बताई जा रही है। अभियान में चतरा मुख्यालय डीएसपी अमिता लकड़ा के साथ इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह,व एसआई पंकज कुमार, दुखी राम महतो समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस अधीक्षक नें कड़े शब्दों में कहा कि जिले में तस्करों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने माफियाओं को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि चतरा जिला अब अफीम तस्करों के लिए सुरक्षित नहीं है। हमारी टीम प्रोफेशनल तरीके से काम कर रही है और इसी का नतीजा है कि निरंतर सफलता भी मिल रही है। निरंतर अभियान ड्रग-फ्री चतरा के हमारे संकल्प को दर्शाती है। हम केवल तस्करों को ही नहीं पकड़ रहे, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क और आर्थिक स्त्रोतों को भी ध्वस्त कर रहे हैं। अफीम की खेती या व्यापार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

**संक्षिप्त खबरें**

## श्रुति कुमारी ने बारहवीं में प्राप्त किया 94.6 प्रतिशत अंक



**पटमदा** : साउथ पॉइंट स्कूल जमशेदपुर की श्रुति कुमारी को सीबीएसई क्लास बारहवीं परीक्षा में शानदार कामयाबी हासिल की है। बारहवीं में शानदार 94 .6 प्रतिशत मार्क्स लाकर स्कूल का नाम रोशन किया है। इस शानदार कामयाबी के अलावा श्रुति ने केमिस्ट्री में पूरे 100/100 और फिजिकल एजुकेशन में 100/100 अंक हासिल किया है। जिससे उनकी लगन, कड़ी मेहनत और पढ़ाई में बेहतरीन होने का पता चलता है। साउथ पॉइंट स्कूल के मैनेजमेंट, प्रिंसिपल, टीचर और स्टाफ मेंबर श्रुति कुमारी और उनके माता-पिता को इस शानदार कामयाबी के लिए दिल से बधाई देते हैं। उनकी यह कामयाबी सभी स्टूडेंट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत है और यह स्कूल के पढ़ाई में बेहतरीन होने और पूरे विकास के लिए कमिटमेंट को दिखाती है। स्कूल श्रुति कुमारी को उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की शुभकामनाएं देता है।

## सिंहभूम कॉलेज से विभाग हटाने और पद को खत्म करने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान शुरू



**इचागढ़** : गुरुवार को सिंहभूम कॉलेज चांडिल में AIDSO कि ओर से गृह विज्ञान समाजशास्त्र विषय को हटाने तथा वाणिज्य के एक शिक्षक के पद को खत्म करने के विरोध में हस्ताक्षर अभियान को शुरू किया गया। कॉलेज कमेटी के सचिव राजा प्रमाणिक ने बताया कि सिंहभूम कॉलेज चांडिल जो की चांडिल अनुमंडल क्षेत्र का एकमात्र अंगीभूत डिग्री कॉलेज है। जहां पर काफी दूर दराज सुदूर ग्रामीण इलाकों से विद्यार्थी अध्ययन करने के लिए आते है, बहुत तकलीफ के बाद अपना पढ़ाई को जारी रख पाते है। लेकिन बड़ी दुख कि बात है कि विगत दिन जो NEP 2020 के तहत कलस्टर का नियम जारी किया गया है जिसमें हमारे सिंहभूम कॉलेज चांडिल से गृह विज्ञान और समाज शास्त्र विषय की पढ़ाई को हटाने का निर्देश जारी किया गया है, साथ ही वाणिज्य विषय में शिक्षक के एक पद को भी खत्म करने का फरमान जारी किए है। जबकि गृह विज्ञान के विषय में पढ़ाई करने वाले लगभग 1000 से 1500 विद्यार्थी है जो पर्याप्त है और वाणिज्य विषय में स्नातकोतर तक की पढ़ाई होता है इसके बाबजूद भी शिक्षक के एक पद को खत्म किया जा रहा है। लेकिन वहीं संथाली का काफी संख्या में विद्यार्थी होने के बावजूद भी कोई शिक्षक का पद सृजित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया उपरोक्त विषय और पद को यथावत अगर नहीं रखा जाए तो छात्र संगठन आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। मौके पर AIDSO जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो, सचिव युधिष्ठिर प्रमाणिक, अनीता, अफ़सा परवीन, अमित आदि दर्जनों विद्यार्थी उपस्थित थे।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

कोलेबिरा थाना यू0डी0 कांड सं0-15/26, दिनांक-29.04.2026 अज्ञात महिला शव बरामदगी में दर्ज किया गया है, कोलेबिरा थाना क्षेत्र में शिवनाथपुर चुण्डूल पहाड़ के पास एक आम पेड़ के नीचे अज्ञात महिला जिसका उम्र-करीब 40 वर्ष का शव बरामद हुआ है। शव को सिमडेगा हॉस्पिटल भेजा गया है। पोस्टमार्टम के पश्चात शव के पहचान हेतु सदर अस्पताल, सिमडेगा के शीत गृह में रखा जायेगा। अज्ञात शव का पहचान अबतक नहीं हो पाया है। अज्ञात शव का हुलिया एवं फोटो का विवरणी निम्नवत् है:-

**लिंग** :-महिला।
**आयु** :-करीब 40 वर्ष।
**ऊँचाई** :-करीब 04 फीट 06 ईंच
**भारीर** :- सामान्य



अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात महिला शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा - मोबाइल नं0-9431116444
पुलिस उपाधीक्षक, (मु0) सिमडेगा - मोबाइल नं0-9431706227
थाना प्रभारी, कोलेबिरा - मोबाइल नं0-9608015591
पुलिस नियंत्रण कक्ष, सिमडेगा - मोबाइल नं0-9262998531
मानव तस्करी संबंधी टोल फ्री नं0 - मोबाइल नं0-1800-3456-256

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा।

PR 379767 (Simdega) 26-27 (D)



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-15/2026-27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 28.05.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 29.05.2026 का 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 29.05.2026 को 3.30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1) अधीक्षण अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा 2) कार्यपालक अभियन्ता,भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष रॉची, कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल सं0-2, रॉची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय
8. कार्य की विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | अग्रधन की राशि (रू०) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Doctor's Quarter No.-15 Located at Doctor's Colony, RIMS, Bariatu, Ranchi | 10,14,900.00 | 2500.00 | 20500.00 | 2 Months |
| 2 | Renovation of Dresser & Compounder Quarter No.-107 (G. Fl.) Located at Doctor's Colony attached to RIMS, Ranchi | 3,99,200.00 | 750.00 | 8000.00 | 1 Month |
| 3 | Provision of Grill Gate for Medicine and Surgical Store at 1st Floor Multilevel Parking Building at RIMS, Ranchi | 7,81,000.00 | 1250.00 | 16000.00 | 1 Month |
| 4 | Provision of Aluminium Partition for Homeguard at Ground Floor of Multilevel Parking Building at RIMS, Ranchi | 7,80,600.00 | 1250.00 | 16000.00 | 1 Month |
| 5 | Renovation of Room No.-10 (PS to Hon'ble Minister Chamber, Department of School Education & Literacy Development) at Ground Floor of MDI Building at HEC, Dhurwa, Ranchi | 7,22,700.00 | 1250.00 | 14500.00 | 1 Month |

**नोट** : निविदा की शर्तें http://www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियन्ता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल संख्या-2, राँची

PR 379809 Building(26-27)#D

## केजरीवाल के लिए अंतिम अवसर

अगले साल देश के सात राज्यों के विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। यह हैं-पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश। इनमें से पंजाब और हिमाचल प्रदेश के अलावा सभी पांचों राज्यों में अभी भाजपा की सरकार है। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है और दिल्ली में सत्ता जाने के बाद आम आदमी पार्टी( आआपा) केवल पंजाब में सत्ता में है। भाजपा तो हर राज्य में चुनाव लड़ने और जीतने की रणनीति में लगी हुई है लेकिन इस बार उसका फोकस पंजाब जीतने पर होने वाला है। एक तो हिमाचल प्रदेश वैसे ही भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है, दूसरे हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार शुरू से ही गिरते-पड़ते चल रही है। इसलिए आम धारणा है कि जब भी चुनाव होंगे भाजपा आसानी से चुनाव जीत जाएगी। भाजपा पंजाब चुनाव को उसी तरह लड़ने वाली है जिस तरह से उसने पश्चिम बंगाल का चुनाव लड़ा और ममता बनर्जी जैसी जमीन से जुड़ी और लड़ाकू महिला को पराजित करके पहली बार जीत हासिल की। चुनाव तो पिछले महीने भी पांच राज्यों के विधानसभा के हुए थे। भाजपा पहले से सत्ता में काबिज असम और पुडुचेरी में जीत हासिल की। केरल में वोट औसत बढ़ने के साथ भाजपा को तीन सीटें मिली। तमिलनाडु में भी भाजपा को वोट औसत बढ़ा। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बड़ी उपलब्धि यह रही कि देश में विपक्षी राजनीति का झंडा थामने वाले नेताओं में से ममता बनर्जी की तरह तमिलनाडु मुख्यमंत्री रहे एम के स्टालिन सत्ता से बाहर हो गए। पंजाब चुनाव नतीजे आआपा के पक्ष में न आने पर न केवल आआपा के बिखरने के साथ-साथ बल्कि आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल की राजनीतिक पारी का समापन भी होने का खतरा है। आआपा और उसके सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल सत्ता के लिए बने हैं इसे इस राजनीतिक पार्टी के 14 साल के इतिहास ने साबित किया है। समाजसेवी अन्ना हजारे की अगुवाई में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के सहारे राजनीति में आने वाले केजरीवाल ने वह सभी काम किए जो इस देश के आम राजनेता करते रहे हैं या इसके लिए राजनेता बदनाम हैं। कई मामलों में तो केजरीवाल ने परंपरागत दलों के नेताओं को भी पीछे छोड़ दिया है। सत्ता में आने के लिए उन्होंने जो वादे किए थे, सत्ता में आने के बाद सारे आचरण उसके उलट किए। दिल्ली की सत्ता से बाहर होने के बाद भी उनका व्यवहार नहीं बदला। 2025 के विधानसभा चुनाव में जो आरोप मुद्दे बने उसमें शराब घोटाला से लेकर अपने सरकारी आवास को करोड़ों खर्च करके शीश महल बनवाना प्रमुख रहे। बावजूद इसके पूर्व मुख्यमंत्री के नाते मिले सरकारी आवास में उन पर फिर से लाखों रुपये लगाने का आरोप लगा है। 2011 के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन ने 1974 के बिहार छात्र आंदोलन और उससे लगे आपातकाल के खिलाफ देश भर में हुए आंदोलन को फिर से दोहरा दिया था। पहला विवाद को अन्ना हजारे के मना करने के बावजूद 26 नवंबर,2012 को राजनीतिक पार्टी आआपा बनाने पर हुआ। हजारों पढ़े-लिखे नौजवान देश-विदेश की नौकरी छोड़कर और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में ऊंची हैसियत और मानदंड रखने वालों ने उस आंदोलन में अपना सभी कुछ न्योछावर कर दिया था। सत्ता में आने और अपना असली रंग दिखाने के बाद वही लोग एक-एक करके लोग अलग होने लगे। कुछ को केजरीवाल ने अपमानित करके निकाला। इसकी लंबी श्रृंखला बनती जा रही है। अभी सबसे बड़ा झटका आआपा के बड़े नाम राघव चड्ढा और संदीप पाठक के साथ दस में से सात राज्य सभा सदस्यों का पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने से लगा है। उनमें से एक स्वाति मालीवाल तो काफी समय से तो केवल तकनीकी तौर पर आआपा में थी वे अपने साथ मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास में मारापीट होने के बाद से ही अलग हो गई थी। अब आआपा के साथ तीन राज्यसभा और तीन लोकसभा सदस्य हैं।

## सूडोकु नवताल- 7795

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7794 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |

# दवा नहीं, जहर का कारोबार: भारत की साख पर संकट

**ललित गर्ग**

पिछले दिनों सामने आई खबरों ने पूरे देश को चिंता और बेचैनी में डाल दिया कि जीवनरक्षक और सामान्य उपयोग की अनेक दवाइयां गुणवत्ता के मानकों पर खरी नहीं उतरीं। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा जारी ड्रग अलर्ट में जिन दवाओं के नमूने फेल पाए गए, उनमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मिर्गी, संक्रमण, विटामिन सप्लीमेंट और कफ सिरप जैसी आम उपयोग की दवाएं भी शामिल थीं। यह कोई सामान्य प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि मानव जीवन के साथ किया जा रहा ऐसा खतरनाक खिलवाड़ है, जिसने देश की स्वास्थ्य सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। जिस दवा को रोगी जीवन बचाने की आशा में खरीदता है, वही यदि उसके शरीर में जहर का काम करने लगे तो यह केवल चिकित्सा व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के पतन की पराकाष्ठा है। विडंबना यह है कि दवाओं के निर्माण और वितरण के लिए देश में कठोर नियम, निरीक्षण और परीक्षण की व्यवस्थाएं मौजूद हैं। कच्चे माल की गुणवत्ता से लेकर उत्पादन प्रक्रिया तक कई स्तरों पर जांच होती है, फिर भी बड़ी-बड़ी नामी कंपनियों की दवाइयां यदि अमानक पाई जाती हैं तो यह साफ संकेत है कि कहीं-न-कहीं मुनाफे की अंधी दौड़ ने नैतिकता और मानवता को कुचल दिया है। यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है। दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि जिन लोगों पर समाज की जिंदगी बचाने की जिम्मेदारी है, वही लोग अपने स्वार्थ के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगा रहे हैं।

भारत आज दुनिया की सबसे बड़ी दवा उत्पादन शक्तियों में शामिल है। भारतीय दवाइयां अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका, एशिया और मध्य-पूर्व के अनेक देशों में निर्यात होती हैं। भारत को "फामेर्सी ऑफ द वर्ल्ड" कहा जाता है क्योंकि सस्ती और प्रभावी दवाओं की आपूर्ति में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने वैक्सीन और आवश्यक दवाइयों की आपूर्ति कर पूरी दुनिया में अपनी विश्वसनीयता और मानवीय प्रतिबद्धता का परिचय दिया था। जिन राज्यों में उत्पादित घटिया दवाओं का खुलासा हुआ, उनमें हिमाचल प्रदेश पहले पायदान पर रहा, फिर उत्तराखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल, पुडुचेरी, तेलंगाना, सिक्किम, झारखंड, दिल्ली, पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश, ओडिशा आदि राज्य शामिल हैं। यानी एक-दो राज्य नहीं, तमाम राज्यों के दवा उत्पादक इस अपवित्र कर्म में शामिल हैं। यूं कहें कि दाल में काला नहीं है बल्कि पूरी दाल काली है। विडंबना देखिए कि कफ सिरप के 17 नमूने फेल हुए हैं। अब यह साफ हो गया कि अफ्रीका व सेंट्रल एशिया के कुछ देशों तथा भारत के कुछ राज्यों में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के जो आरोप भारतीय दवा कंपनियों पर लगे थे, वे गलत नहीं थे, जिससे पूरी दुनिया में भारतीय दवा उद्योग की छवि खराब हुई।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की प्रतिष्ठा को धक्का लगता है और दुनिया भारतीय दवा उद्योग को संदेह की दृष्टि से देखने लगती है। यह स्थिति ऐसे समय में सामने आ रही है जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर विकसित भारत का सपना साकार करने की दिशा में अनेक नए आयाम स्थापित कर रहा है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत और स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधारों के माध्यम से देश वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। भारत को विश्वगुरु बनाने का सपना केवल आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि नैतिकता, गुणवत्ता और विश्वसनीयता से भी जुड़ा हुआ है। यदि जीवनरक्षक दवाओं में ही मिलावट और घटियापन सामने आएगा, तो यह सारे सकारात्मक प्रयासों पर धब्बा लगाने जैसा होगा। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार दवा नियंत्रण व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाए। केवल औपचारिक निरीक्षण और समय-समय पर जारी होने वाले ड्रग अलर्ट पर्याप्त नहीं हैं। दवा निर्माण इकाइयों की नियमित और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। जिन कंपनियों की दवाएं बार-बार मानकों पर फेल होती हैं, उनके लाइसेंस तुरंत रद्द किए जाएं और उनके खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई हो। दवा माफिया और नकली दवा बनाने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए जाने चाहिए। यह भी जरूरी है कि दोषियों को केवल आर्थिक जुमार्ने तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उन्हें कठोर कारावास की सजा दी जाए ताकि दूसरों के लिए भी कड़ा संदेश जाए। यह भी एक गंभीर चिंता का विषय है कि कई बार राज्य सरकारें और नियामक एजेंसियां प्रभावशाली दवा कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती दिखाई देती हैं। धनबल और प्रभाव के कारण जांच प्रक्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं और अंततः आम जनता ही इसकी कीमत चुकाती है। यह स्थिति लोकतांत्रिक शासन और प्रशासनिक जवाबदेही दोनों के लिए खतरनाक है।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। दवा उद्योग केवल व्यापार नहीं है, यह विश्वास का उद्योग है। यहां नैतिकता का महत्व सबसे अधिक होना चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से आज लालच और मुनाफाखोरी ने इस क्षेत्र में भी गहरी जड़ें जमा ली हैं। नकली इंजेक्शन, मिलावटी दवाएं, एक्सपायरी दवाओं की री-पैकेजिंग और घटिया कच्चे माल के उपयोग जैसी घटनाएं यह साबित करती हैं कि समाज में संवेदनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इंसान केवल अपने लाभ के लिए दूसरों की जिंदगी से खेलने को तैयार हो गया है। यह केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक पतन का भी संकेत है। आवश्यकता इस बात की भी है कि आम जनता को दवाओं के प्रति जागरूक बनाया जाए। दवा खरीदते समय बिल लेना, पैकेजिंग और निर्माण तिथि की जांच करना, संदिग्ध दवाओं की शिकायत संबंधित विभागों को करना और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवाओं का सेवन न करना, ये सब छोटे लेकिन महत्वपूर्ण कदम हैं। मेडिकल स्टोरों की भी नियमित निगरानी होनी चाहिए ताकि नकली या घटिया दवाओं की बिक्री रोकी जा सके।

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निमार्ता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चैपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन-प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। भारत आज एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। एक ओर देश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है, दूसरी ओर ऐसी त्रासद एवं विडम्बनापूर्ण घटनाएं हमारी नैतिक और प्रशासनिक कमजोरी को उजागर कर रही हैं। यदि हम सचमुच विकसित और विश्वसनीय भारत बनाना चाहते हैं, तो हमें केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि गुणवत्ता, ईमानदारी और मानवीय मूल्यों को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। जीवनरक्षक दवाओं में मिलावट केवल स्वास्थ्य का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा पर लगा कलंक है। यह समय आत्ममंथन का है। सरकार, दवा उद्योग, चिकित्सा जगत और समाज-सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि दवा जीवन बचाने का माध्यम बने, मौत का व्यापार नहीं। तभी विकसित भारत का सपना वास्तविक अर्थों में सार्थक हो सकेगा।

# दिल्ली दरबार पर भारी पड़ा जमीनी नेता, केरल में सतीशन क्यों बने कांग्रेस का चेहरा

**अजय कुमार**

केरल की राजनीति में इस बार सिर्फ सरकार नहीं बदली, कांग्रेस की अंदरूनी ताकत का नक्शा भी बदल गया। दस वर्षों बाद सत्ता में लौटी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार ने जब वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री चुना तो यह फैसला केवल एक व्यक्ति को कुर्सी सौंपने का नहीं था, बल्कि कांग्रेस के भविष्य की राजनीतिक दिशा तय करने वाला कदम बन गया। चुनाव नतीजे आने के बाद लगभग दस दिनों तक दिल्ली से तिरुवनंतपुरम तक जिस तरह की खींचतान चली, उसने साफ कर दिया था कि यह लड़ाई सिर्फ मुख्यमंत्री पद की नहीं, बल्कि कांग्रेस में "दिल्ली मॉडल बनाम जमीनी मॉडल" की थी। आखिरकार पार्टी ने संगठन महासचिव और राहुल गांधी के सबसे करीबी नेताओं में गिने जाने वाले केसी वेणुगोपाल के बजाय उस नेता पर भरोसा जताया, जिसने पांच वर्षों तक विपक्ष में रहकर कांग्रेस को दोबारा खड़ा किया। 2026 के विधानसभा चुनाव में 140 सदस्यीय विधानसभा में यूडीएफ ने 102 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। कांग्रेस ने अकेले 63 सीटें हासिल कीं, जबकि उसकी सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने 22 सीटें जीतीं। एलडीएफ गठबंधन 35 सीटों पर सिमट गया। 2021 में कांग्रेस नीत यूडीएफ को सिर्फ 41 सीटें मिली थीं और एलडीएफ 99 सीटों के साथ सत्ता में लौटा था। यानी पांच वर्षों में कांग्रेस ने 22 सीटों की सीधी बढ़त दर्ज की, जबकि वाम मोर्चा 64 सीटें खो बैठा। यही आंकड़े बताते हैं कि यह जीत किसी सामान्य सत्ता विरोधी लहर का परिणाम नहीं थी, बल्कि विपक्ष के नेता के रूप में वीडी सतीशन की बनाई राजनीतिक रणनीति का असर थी।

दरअसल, 2021 की हार कांग्रेस के लिए केवल चुनावी पराजय नहीं थी, बल्कि संगठनात्मक संकट भी थी। पार्टी के भीतर वर्षों से चल रही "ए ग्रुप" और "आई ग्रुप" की राजनीति ने कार्यकर्ताओं को थका दिया था। ओमन चांडी और के. करुणाकरण के दौर से चली आ रही गुटबाजी ने कांग्रेस को जनता से दूर कर दिया था। ऐसे समय में राहुल गांधी ने रमेश चेन्निथला की जगह वीडी सतीशन को विपक्ष का नेता बनाया। उस समय यह फैसला जोखिम भरा माना गया, क्योंकि सतीशन के पास न दिल्ली की लॉबी थी और न ही संगठन पर वैसी पकड़, जैसी केसी वेणुगोपाल के पास मानी जाती थी। लेकिन पांच साल बाद वही फैसला कांग्रेस के पुनर्जीवन की सबसे बड़ी वजह बन गया। सतीशन ने विपक्ष का नेता बनने के बाद सबसे पहले कांग्रेस की चुनावी राजनीति की शैली बदली। उन्होंने साफ कहा कि टिकट वितरण में गुटीय वफादारी नहीं, बल्कि जीतने की क्षमता देखी जाएगी। इसका असर स्थानीय निकाय चुनावों में दिखाई दिया। दिसंबर 2025 में हुए स्थानीय निकाय चुनावों में यूडीएफ ने 941 पंचायतों में से 505 पर जीत हासिल की। 87 नगरपालिकाओं में से 54 यूडीएफ के खाते में गईं। 14 जिला पंचायतों में से 7 पर कब्जा हुआ, जबकि 6 में से 4 नगर निगमों में कांग्रेस गठबंधन को सफलता मिली। इन नतीजों ने पहली बार यह संकेत दिया कि एलडीएफ की पकड़ कमजोर हो रही है और कांग्रेस सत्ता में वापसी कर सकती है। सतीशन की सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत उनकी "डेटा आधारित राजनीति" रही। विधानसभा में उन्होंने सिर्फ राजनीतिक आरोप नहीं लगाए, बल्कि सरकारी आंकड़ों के जरिए पिनाराई विजयन सरकार को घेरा। केरल में बेरोजगारी दर, राज्य का बढ़ता कर्ज, सरकारी संस्थानों में भ्रष्टाचार और युवाओं के पलायन जैसे मुद्दों को उन्होंने लगातार उठाया। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के अनुसार, 2025 में केरल की शहरी बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत के करीब पहुंच गई थी, जबकि युवाओं में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत से अधिक था। पिछले पांच वर्षों में लगभग 18 लाख युवा रोजगार और शिक्षा के लिए राज्य से बाहर गए। सतीशन ने इन आंकड़ों को लगातार राजनीतिक मुद्दा बनाया और कांग्रेस को "भविष्य की अर्थव्यवस्था" की भाषा बोलने वाली पार्टी के रूप में पेश किया। केरल की सामाजिक संरचना को समझे बिना इस फैसले को समझना मुश्किल है। राज्य की राजनीति में नायर, ईसाई और मुस्लिम समुदाय निर्णायक भूमिका निभाते हैं। वीडी सतीशन और केसी वेणुगोपाल दोनों नायर समुदाय से आते हैं, जिसकी आबादी राज्य में लगभग 14 से 15 प्रतिशत मानी जाती है। लेकिन फर्क यह रहा कि सतीशन लगातार नायर बहुल परवूर सीट से पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। 2001, 2006, 2011, 2016 और 2021 में उन्होंने लगातार जीत दर्ज की। इससे उनकी जमीनी पकड़ मजबूत मानी जाती है। दूसरी ओर, वेणुगोपाल लंबे समय से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय रहे और राज्य की सक्रिय राजनीति से उनकी दूरी बढ़ती गई।

कांग्रेस के लिए सबसे अहम बात यह थी कि सतीशन को अल्पसंख्यक समुदायों का भी व्यापक समर्थन हासिल था। केरल की लगभग 26 प्रतिशत आबादी मुस्लिम और करीब 18 प्रतिशत ईसाई है। यूडीएफ की सबसे बड़ी सहयोगी आईयूएमएल शुरू से सतीशन के पक्ष में थी। मुस्लिम लीग को यह आशंका थी कि अगर दिल्ली से कोई नेता मुख्यमंत्री बनकर आता है तो गठबंधन के भीतर संतुलन बिगड़ सकता है। चर्च समूहों के बीच भी सतीशन की छवि एक ऐसे नेता की रही, जो वैचारिक रूप से उदार हैं लेकिन धार्मिक तुष्टिकरण की खुली राजनीति नहीं करते। यही वजह रही कि कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें "सर्वस्वीकार्य चेहरा" माना। केसी वेणुगोपाल की दावेदारी के सामने सबसे बड़ा संकट उनकी राजनीतिक स्थिति थी। वे लोकसभा सांसद हैं और पार्टी महासचिव भी। अगर उन्हें मुख्यमंत्री बनाया जाता तो पहले संसद सदस्यता छोड़नी पड़ती। इसके बाद किसी विधायक की सीट खाली कराकर उन्हें छह महीने के भीतर विधानसभा पहुंचाना पड़ता। यानी एक लोकसभा और एक विधानसभा उपचुनाव का अतिरिक्त जोखिम पैदा होता। कांग्रेस पहले ही जानती थी कि सत्ता में आने के बाद शुरूआती महीनों में किसी भी तरह की राजनीतिक अस्थिरता का संदेश नुकसानदेह साबित हो सकता है। यही कारण है कि अंतिम समय में हाईकमान ने "कम जोखिम वाले विकल्प" पर भरोसा जताया।

इस फैसले का राष्ट्रीय राजनीतिक संदेश भी बड़ा है। कांग्रेस लंबे समय से इस आलोचना का सामना करती रही है कि पार्टी में फैसले सिर्फ दिल्ली दरबार के आधार पर होते हैं। लेकिन केरल में पार्टी ने पहली बार साफ संकेत दिया कि अब चुनाव जिताने वाले क्षेत्रीय नेताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। सतीशन की ताजपोशी कांग्रेस के भीतर पीढ़ीगत बदलाव का भी प्रतीक मानी जा रही है। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल प्रमुख चेहरों केसी वेणुगोपाल, रमेश चेन्निथला और वीडी सतीशन में सतीशन को अपेक्षाकृत युवा और नई पीढ़ी के नेता के तौर पर देखा गया। उनका पूरा राजनीतिक अभियान ह्यनई कांग्रेसह्ण की अवधारणा पर आधारित था। भाजपा के बढ़ते प्रभाव को रोकना भी इस फैसले के पीछे एक बड़ा कारण रहा। पिछले कुछ वर्षों में भाजपा ने केरल में हिंदू वोटों, खासकर नायर समुदाय के बीच अपनी पैठ बढ़ाने की कोशिश की। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत 16 प्रतिशत के करीब पहुंच गया था। कांग्रेस समझती थी कि उसे ऐसा चेहरा चाहिए, जो हिंदू समाज में स्वीकार्य हो लेकिन अल्पसंख्यकों के बीच भी भरोसेमंद बना रहे। सतीशन इस राजनीतिक संतुलन में फिट बैठते हैं। उनकी छवि आक्रामक सांप्रदायिक राजनीति से दूर लेकिन सांस्कृतिक रूप से जुड़ी हुई मानी जाती है। अब सबसे बड़ी चुनौती वादों को जमीन पर उतारने की होगी। केरल इस समय लगभग 4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ से जूझ रहा है। राज्य में निजी निवेश की रफ्तार धीमी है और युवाओं का पलायन लगातार बढ़ रहा है। सतीशन ने चुनाव के दौरान ह्यग्लोबल जॉब नेटवर्कह्ण, शिक्षा सुधार और स्टार्टअप अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का वादा किया था। अगर वे इन मोर्चों पर ठोस परिणाम देते हैं तो कांग्रेस सिर्फ केरल में ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक नया राजनीतिक मॉडल पेश कर सकती है। वीडी सतीशन की जीत ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस अब केवल हाईकमान आधारित राजनीति के भरोसे नहीं चलना चाहती। केरल में पार्टी ने पहली बार यह स्वीकार किया है कि जनता और कार्यकर्ताओं के बीच स्वीकार्यता रखने वाला नेता ही सबसे बड़ा राजनीतिक निवेश होता है।

# सनातन पर हमले का ना खत्म होने वाला सिलसिला

**संजय सक्सेना**

12 मई 2026 को तमिलनाडु विधानसभा में एक ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने करोड़ों सनातनियों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुँचाई। डीएमके नेता और नवनिर्वाचित नेता प्रतिपक्ष उदयनिधि स्टालिन ने विधानसभा में नये मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के सामने खड़े होकर यह कहा कि सनातन धर्म लोगों को बांटने का काम करता है, इसलिए इसे जड़ से मिटा देना चाहिए। यह बयान किसी साधारण मंच पर नहीं, बल्कि एक संवैधानिक सदन में दिया गया, जो इसकी गंभीरता को और अधिक बढ़ा देता है। नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह उनका पहला आधिकारिक भाषण था, जिसमें उन्होंने द्रविड़ विचारधारा को सदन में मजबूती से रखने के उद्देश्य से यह तीखा रुख अपनाया। वहीं नये-नवेले मुख्यमंत्री जोसेफ विजय ने उदयनिधि के बयान पर ठंडा रुख अख्तियार करके साबित कर दिया कि उन्हें उदयनिधि की सोच से कोई फर्क नहीं पड़ता है। यह पहली बार नहीं है जब उदयनिधि ने ऐसा जहर उगला हो। सितंबर 2023 में उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया और कोरोना जैसी बीमारियों की संज्ञा देते हुए कहा था कि जिस तरह इन बीमारियों को खत्म करना जरूरी है, उसी तरह सनातन धर्म को भी समूल नष्ट कर देना चाहिए। उस बयान के बाद देशभर में भारी विरोध हुआ और मामला सर्वोच्च न्यायालय तक पहुँचा। सुप्रीम कोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट ने उनके बयान पर कड़ी टिप्पणी की थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एक मंत्री होने के नाते उन्हें अपने शब्दों की जिम्मेदारी समझनी चाहिए। लेकिन इन सबके बावजूद उदयनिधि न केवल बेखौफ रहे, बल्कि डीएमके सरकार ने पुराने बयान पर कोई कार्रवाई करने की बजाय उन्हें प्रमोशन देकर डिप्टी सीएम बना दिया था। और अब, विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के बाद भी उनकी अकड़ ढीली नहीं हुई और उन्होंने वही बयान दोहरा दिया।

खैर, तमिलनाडु की राजनीति में सनातन धर्म के प्रति यह विरोध किसी अचानक उभरी प्रवृत्ति का नाम नहीं है। उदयनिधि स्टालिन का यह भी कहना है कि तमिलनाडु में पिछले 100 सालों से सनातन धर्म के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं और वे अगले 200 सालों तक भी इसके खिलाफ बोलना जारी रखेंगे। यह बयान द्रविड़ आंदोलन की उस विचारधारा की जड़ों से जुड़ा है जिसकी नींव पेरियार और अन्नादुरई जैसे नेताओं ने रखी थी। तमिलनाडु में जिस तरह की राजनीति का बोलबाला है, उसमें हिंदू धर्म की आलोचना को प्रगतिशील राजनीति का प्रतीक माना जाता है। एक वरिष्ठ मंत्री बहुसंख्यक धर्म के खिलाफ इतना अपमानजनक बयान दे और फिर भी बिना किसी राजनीतिक नुकसान के कुर्सी पर बना रहे, यही तमिलनाडु की राजनीतिक संस्कृति की वास्तविकता है। हालाँकि हाल के विधानसभा चुनाव में डीएमके को भारी हार का सामना करना पड़ा, जो यह दशार्ता है कि तमिलनाडु की जनता का एक बड़ा वर्ग अब इस राजनीति से ऊब चुका है। नई सरकार थलपति विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम के नेतृत्व में बनी है, जो इस बात का संकेत है कि प्रदेश में सनातन विरोध की राजनीति को जनता ने अस्वीकार करना शुरू किया है। फिर भी, डीएमके का वही रवैया बरकरार है जो दशकों से चला आ रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि सनातन धर्म के विरुद्ध यह राजनीतिक अभियान केवल तमिलनाडु तक सीमित नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला का आरोप है कि कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सपा और डीएमके का एक ही प्लान है सनातन हिंदू का अपमान और वोट बैंक की दुकान। यह आरोप हवाई नहीं है, क्योंकि इन दलों के नेताओं के बयानों की एक लंबी फेहरिस्त है। समाजवादी पार्टी के सांसद अफजल अंसारी ने महाकुंभ 2025 को लेकर व्यंग्य करते हुए कहा था कि अगर कुंभ स्नान से सच में पाप धुलते हैं तो नरक तो खाली हो जाएगा। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी महाकुंभ को लेकर विवादित बयान देते हुए सनातन धर्म की मान्यताओं पर कटाक्ष किया और यहाँ तक कह दिया कि महाकुंभ जैसी कोई चीज है ही नहीं।

तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए हिंदू देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो शराब पीते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं। कमल हासन ने भी राज्यसभा सांसद बनने के बाद एक कार्यक्रम में दावा किया कि शिक्षा ही वह एकमात्र हथियार है जो तानाशाही और सनातन धर्म की जंजीरों को तोड़ सकती है। राजद की राजनीति भी इस मामले में कम आक्रामक नहीं रही। मुस्लिम वोट बैंक को साधने के लिए लालू प्रसाद यादव ने सनातन विरोधी राजनीति को अपने दल की पहचान बनाया और आडवाणी को जेल में डालने जैसे कदम उठाए। इन तीनों दलों की रणनीति स्पष्ट है कि मुस्लिम और दलित वोट बैंक को एकजुट करने के लिए सनातन धर्म को निशाना बनाओ, उसे जाति-आधारित उत्पीड़न का प्रतीक बताओ और प्रगतिशील राजनीति का चेहरा पेश करो। इस पर अधिकांश विपक्षी दलों ने रचनात्मक विकल्प देने की बजाय हिंदू द्वेष को ही अपनी रणनीति का केंद्र बना लिया। उनकी चुनावी राजनीति इस धारणा पर टिकी है कि सनातन धर्म का विरोध कर वे अपने अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत बना सकते हैं। इस रणनीति का मकसद हिंदू धर्म को बदनाम करना और उससे जुड़े मुद्दों को अविश्वसनीय ठहराना है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी अन्य धर्म के बारे में ऐसा बयान दिया जाए तो देश में भूचाल आ जाता है, लेकिन सनातन धर्म के विरुद्ध खुलेआम उन्मूलन की बात करने पर कानूनी शिकंजा क्यों नहीं कसता? भारतीय दंड संहिता की धारा 295-ए धार्मिक भावनाओं को जानबूझकर आहत करने को दंडनीय अपराध मानती है।

## दैनिक पंचांग

**15 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | मेष में |
| चंद्र | मेष में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | वृष में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 10.30 से 12.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| वृष | 05.23 बजे से |
| मिथुन | 07.21 बजे से |
| कर्क | 09.34 बजे से |
| सिंह | 11.51 बजे से |
| कन्या | 14.03 बजे से |
| तुला | 16.13 बजे से |
| वृश्चिक | 18.28 ब.से |
| धनु | 20.44 बजे से |
| मकर | 22.49 बजे से |
| कुंभ | 00.36 बजे से |
| मीन | 02.08 बजे से |
| मेष | 03.39 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 135 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ (दक्षिण भारत में वैशाख) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 08.32 बजे तदनन्तर चतुर्दशी 05.12 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 20.15 बजे को समाप्त। **योग** आयुष्मान 14.21 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 08.32 बजे, विष्टि 18.55 बजे तदनन्तर शकुनि 05.12 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 18° 49' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872710 **जूलियन दिन** 2461175.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्काद **तारीख** 27 **विशेष** मासिक शिवरात्रि, विश्व परिवार दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

**एक नजर**

## आलमगीर आलम दो वर्ष बाद जेल से रिहा, समर्थकों में खुशी की लहर



**पाकुड़ :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम गुरुवार को रांची स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से रिहा हो गए। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी होने पर उनकी रिहाई संभव हो सकी। बताया गया कि जमानत आदेश मिलने के बावजूद तकनीकी प्रक्रिया के कारण रिहाई में कुछ विलंब हुआ था। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वर्ष 2024 में कथित टेंडर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। तब से वे न्यायिक हिरासत में थे। करीब दो वर्षों बाद जेल से बाहर आने पर उनके समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया। जेल से बाहर आने के बाद आलमगीर आलम ने अपने समर्थकों और शुभचिंतकों का आभार जताया। वहीं, उनकी रिहाई के बाद राज्य की राजनीतिक हलचल भी तेज होने की चर्चा है।

## लब्दाघाटी में भीषण सड़क हादसा, टैंपो पलटने से दंपति की मौत

**लिट्टीपाड़ा :** जिले के लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत लब्दाघाटी में बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पहाड़ी ढलान पर अनियंत्रित होकर टैंपो पलट जाने से यह हादसा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टैंपो संख्या जेएच 04 टी 5357 मोहनपुर साप्ताहिक हाट से यात्रियों को लेकर लिट्टीपाड़ा लौट रही थी। इसी दौरान लब्दाघाटी की खतरनाक ढलान पर चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिससे टैंपो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में पाकुड़ नगर थाना क्षेत्र के मालिपाड़ा निवासी चारलेस मरांडी (55 वर्ष) एवं उनकी पत्नी साबित हांसदा (45 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसआई अनिल पंडित पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस की सहायता से पाकुड़ सदर अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने दंपति को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक अन्य घायल व्यक्ति का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा दुर्घटनाग्रस्त टैंपो को जब्त कर थाना लाया गया है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। घटना के बाद मालिपाड़ा गांव में शोक का माहौल है। एक साथ पति-पत्नी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने एंटी क्राइम जांच अभियान चलाया

**साहिबगंज :** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। थाना के एएसआई धनंजय कुमार मंडल ने चार पहिया वाहन एवं दो पहिए वाहन के डिक्की चेक किया।इस दौरान दर्जनों छोटी-बड़ी वाहनों की जांच की गई, हालांकि किसी के पास से कोई भी संदिग्ध सामान बरामद नहीं किया गया है। प्रखंड क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर समय-समय पर प्रशासन द्वारा एंटी क्राइम के तहत वाहन जांच अभियान चलाया जाता है। जिससे प्रखंड क्षेत्र में हो रहे आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित किया जा सके। वही वाहनों का कागजात, हेलमेट व डिक्की आदि जांच की गयी। साथ ही जिन वाहनों के कागज नहीं था उन्हें रोक कर रखा गया। कागजात प्रस्तुत करने के बाद ही छोड़ा गया। इसके अलावा हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को सख्त हिदायत दिया गया।

### जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

# लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला समाज कल्याण कार्यालय, पाकुड़ में गुरुवार को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडिस बाड़ा की अध्यक्षता में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, क्रियान्वयन एवं लंबित मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की गई। पेयजल, शौचालय एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए जिला



समाज कल्याण पदाधिकारी ने सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों एवं लाभुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। मनरेगा अभिसरण योजना अंतर्गत जिन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का निर्माण कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हुआ है, उनकी भी समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त पड़े सेविका एवं सहायिका पदों पर चयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने रिक्त पदों को जल्द भरने एवं चयन प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया, ताकि केंद्रों का संचालन सुचारु रूप से संचालित हो सके। समीक्षा के दौरान पोषण ट्रैकर ऐप में लाभुकों की शत- प्रतिशत एफआरएस एंट्री सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। संबंधित कर्मियों को नियमित रूप से डेटा अपडेट करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने का निर्देश दिया गया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में प्रतिमाह कम-से-कम दो सीबीई कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा उसकी एंट्री पोषण ट्रैकर ऐप में अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। बैठक में आपार आईडी निर्माण की समीक्षा के दौरान प्रगति संतोषजनक नहीं पाई गई, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आधार निर्माण कार्य के साथ-साथ आपार आईडी का शत- प्रतिशत लक्ष्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की भी समीक्षा की गई। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को कम- से-कम पांच लाभुकों की एंट्री सुनिश्चित करने का लक्ष्य दिया गया। साथ ही शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं लंबित मामलों को शीघ्र निष्पादित कर पेंडेंसी रिपोर्ट शून्य करने का निर्देश दिया गया।

## सिविल सर्जन ने रात्रि में सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सिविल सर्जन रामदेव पासवान के द्वारा सदर अस्पताल, निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में चिकित्सक एवं अन्य कर्मी उपस्थित पाए गए। मॉड्यूलर ओटी में निरीक्षण के दौरान गायनी चिकित्सक सी,सेक्शन की तैयारी करती हुई पाई गईं। एनेस्थीसिया स्टेशन ओटी के बाहर रखा हुआ था, जिसे सिविल सर्जन के निर्देश पर अंदर व्यवस्थित कराया गया। एसएनसीयू, निरीक्षण के दौरान दो स्टाफ नर्स रोस्टर अनुसार ड्यूटी पर उपस्थित पाई गईं। पूछताछ में बताया गया कि कुल 20 बच्चे भर्ती हैं एवं सभी का समुचित उपचार किया जा रहा है। अन्य सभी यूनिटों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान के द्वारा बताया गया कि यह निरीक्षण जनहित में स्वास्थ्य संस्थानों में 247 स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने हेतु किया गया। सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को रोस्टर अनुसार ड्यूटी पर उपस्थित रहने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं ईमानदार स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि भविष्य में भी इस प्रकार का नियमित औचक निरीक्षण जारी रहेगा तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुपस्थिति अथवा स्वास्थ्य सेवाओं में उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मरीज हित एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नगर परिषद बोर्ड की बैठक में शहर के विकास को लेकर विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** साहिबगंज नगर परिषद बोर्ड की सामान्य बैठक गुरुवार को नगर परिषद सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष रामनाथ पासवान उर्फ छोटू ने की। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी समेत सभी 28 वार्डों के वार्ड पार्षद मौजूद थे। बैठक में शहर के विकास, सफाई, राजस्व और सौंदर्यीकरण से जुड़े 24 प्रस्तावित एजेंडों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरूआत 10 अप्रैल को हुई पिछली बोर्ड बैठक की संपुष्टि से हुई। इसके बाद शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नया वाहन खरीदने, उपाध्यक्ष और वार्ड पार्षदों को कक्ष उपलब्ध कराने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा हुई। बैठक में बस स्टैंड और गंगा विहार पार्क के डाक की राशि की दर निर्धारण, गंगा विहार पार्क के सौंदर्यीकरण, मुक्तेश्वर घाट, नमामि गंगे घाट और बिजली घाट (श्मशान घाट) के सौंदर्यीकरण व नए सीढ़ी घाट निर्माण पर भी विचार किया गया। शहर के चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण और नए स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रस्ताव भी रखा गया। इस दौरान राजस्व शाखा के कार्यों की समीक्षा, बकाया वसूली और राजस्व निरीक्षकों के बीच कार्य बंटवारे पर मंथन हुआ। होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस और नगर परिषद के स्थायी दुकानदारों के बकाया व नई दरों पर चर्चा की गई। जन्म, मृत्यु, विवाह निबंधन और जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया सरल करने का मुद्दा भी उठा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अव्यवहित अर्जित अवकाश का अधिकतम 300 दिनों का भुगतान वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू करने और पेंशन पर विचार किया गया। नगर परिषद कार्यालय व सफाई कर्मियों को आवश्यकता अनुसार दैनिक मजदूरी पर रखने का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, बस स्टैंड की 5 निर्मित दुकानों, अतिक्रमण और नए नगर परिषद भवन के लिए भूमि चिन्हित करने पर चर्चा हुई। आकांक्षा वेस्ट मैनेजमेंट और सुलभ इंटरनेशनल के कार्यों की समीक्षा भी की गई। बैठक में जनहित में कार्यालय कार्यों के ससमय निष्पादन पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष रामनाथ पासवान ने कहा कि सभी प्रस्तावों पर गंभीरता से अमल कर शहर के विकास को गति दी जाएगी।

## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दीपक कुमार दुबे की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष मंव जिला स्तरीय नार्को कोऑर्डिनेशन सेंटर (एनसीओआरडी) की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले को पूर्णतः नशामुक्त बनाना तथा मादक पदार्थों की अवैध खरीद-बिक्री, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना था। उपायुक्त ने पूर्व की बैठकों में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक एवं कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा जनहित एवं युवाओं के सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि



वे अवैध मादक पदार्थों, जैसे गांजा, अवैध कफ सिरप एवं अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री तथा तस्करी नेटवर्क को जड़ से समाप्त करने हेतु सघन एवं औचक छापेमारी अभियान चलाएं। औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि वे मेडिकल दुकानों की नियमित जांच सुनिश्चित करें, ताकि बिना वैध चिकित्सकीय पर्ची के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न हो सके। नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में बार-बार संलिप्त पाए जाने वाले आदतन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। पुलिस विभाग को ऐसे अभियुक्तों को चिह्नित कर पीट-एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। उपायुक्त ने विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों के आसपास सतर्क निगरानी रखने, औचक निरीक्षण करने तथा निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को विद्यालयों, प्लस टू विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जनजागरूकता अभियान संचालित करने तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से व्यापक सूचना, शिक्षा एवं संचार गतिविधियां चलाने को कहा। उपायुक्त ने युवाओं एवं स्कूली बच्चों को नशे की लत से सुरक्षित रखने हेतु शैक्षणिक संस्थानों के आसपास मादक पदार्थों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## साहिबगंज सदर अस्पताल में दिव्यांग शिविर, 70 मरीजों की हुई जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल साहिबगंज में हर महीने के दूसरे बृहस्पतिवार को दिव्यांग शिविर लगाया जाता है। जहां शिविर में उपस्थित डॉक्टरों से से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि आज बृहस्पतिवार को सदर अस्पताल साहिबगंज में दिव्यांग शिविर लगाया गया है। जहां 70 से अधिक दिव्यांग मरीजों को देखा गया।

जहां दिव्यांग मरीजों के लिए हड्डी रोगी स्पेशलिस्ट, मानसिक रोगी स्पेशलिस्ट, आंख रोगी स्पेशलिस्ट डॉक्टर देखने के लिए बैठे हुए थे। वही डॉक्टर के द्वारा बताया गया कि दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाने से बहुत सारे फायदे होते हैं किसी को पढ़ाई में, किसी को ब्लॉक द्वारा पेंशन में, किसी को नौकरी में और ट्रेन में सफर करने में और अन्य जगहों में सर्टिफिकेट बनाने से फायदा मिलता। वही डॉक्टर ने बताया कि मरीज को देखकर उसको परसेंटेज देते हैं, अगर 40% से अधिक दिव्यांग है तो उसे पेंशन मिलने में फायदा होता है। जहां पहले हर ब्लॉक में जा जा कर दिव्यांग शिविर में सर्टिफिकेट बना रहे थे। अब महीने के हर दुसरे बृहस्पतिवार को साहिबगंज सदर अस्पताल में ही दिव्यांग सर्टिफिकेट बनेगा। दिव्यांगों के रजिस्ट्रेशन के लिए अलग-अलग काउंटर लगाया गया था।

इधर शिविर में सीएस डॉ. रामदेव पासवान शामिल हुए। उन्होंने शिविर का जायजा लेते हुए दिव्यांगों सुविधाओ के बारे में जानकारी लिए है। इसमें हड्डी, आंख, मानसिक समेत 70 दिव्यांगों की जांच की गई है। मौके पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार, ईएनटी डॉ. सत्य प्रकाश आदि थे।

# जिला उद्योग केंद्र में रैंप योजना अंतर्गत पीएमएफएमई विषय पर जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

> खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने हेतु सरकार दे रही 35 प्रतिशत तक अनुदान : महाप्रबंधक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला उद्योग केंद्र, पाकुड़ के सभागार में रैंप योजना अंतर्गत पीएमएफएमई विषय पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं, उद्यमियों एवं स्वरोजगार से जुड़े लोगों




को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से जोड़ते हुए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में उद्योग स्थापना एवं स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना था। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को उद्यम पंजीकरण, पीएमएफएमई योजना के तहत उपलब्ध लाभ, आवेदन प्रक्रिया, बैंकिंग सहायता, वित्तीय अनुदान एवं स्वरोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्थानीय उत्पादों के मूल्य संवर्धन के माध्यम से रोजगार एवं आय के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर ईओडीबी प्रबंधक पुनम बर्मन ने कहा कि पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर सरकार द्वारा 35 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा रोजगार सृजन की दिशा में अत्यंत प्रभावी पहल है।उन्होंने अधिक से अधिक युवाओं एवं उद्यमियों से योजना का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही विभिन्न सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर में कुल 05 पीएमएफएमई ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण किए गए तथा 02 मामलों को डीआरपी से डीएनओ स्तर तक अग्रसारित किया गया। वहीं 01 आवेदन स्वीकृत कर भुगतान भी किया गया। इसके अतिरिक्त 24 नए पीएमएफएमई आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में कुल 56 प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर जेएसएलपीएस के डीपीएम प्रवीण मिश्रा, आरसेटीआई संकाय प्रभारी अमित बर्धन, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्योग विकास बोर्ड, पाकुड़ के प्रखंड उद्यमी समन्वयक सहित संबंधित विभागों के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

**संक्षिप्त खबरें**

## आंधी-बारिश से गरीब परिवार का घर ढहा हजारों की संपत्ति का हुआ नुकसान



**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरमसिया पंचायत के बरमसिया गांव निवासी बैंगा साहा (पिता-मोतलाल साहा) का कच्चा घर बीते शाम करीब 4 बजे तेज आंधी और बारिश के कारण अचानक ढह गया। घटना के समय घर में मौजूद परिवार के सदस्य किसी तरह बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे। हालांकि इस हादसे में परिवार को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घर गिरने से उसमें रखा करीब तीन क्विंटल चावल, खाने-पीने का सामान तथा रसोई से जुड़े अन्य घरेलू उपयोग के सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। वहीं मलबे में दबने से एक बकरी की भी मौत हो गई। पीड़ित परिवार ने बताया कि इस आपदा में करीब 80 हजार रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ है। घर गिरने के बाद परिवार के सामने रहने और भोजन की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में हुई तेज आंधी और बारिश से क्षेत्र में कई जगह नुकसान पहुंचा है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## +2 हाई स्कूल अमड़ापाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय टीएनए परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न



**अमड़ापाड़ा :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखण्ड के +2 हाई स्कूल अमड़ापाड़ा में आयोजित तीन दिवसीय टीएनए परीक्षा गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। इस मूल्यांकन परीक्षा में कक्षा 1 से 12 तक के शिक्षकों ने अपनी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। ज्ञात रहे कि यह पूरी परीक्षा डिजिटल माध्यम से सेटां ऐप पर संचालित की गई, जिसमें शिक्षकों से कुल 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए, परीक्षा का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों के विषय ज्ञान गणित, अंग्रेजी, हिन्दी और ईवीएस, शैक्षणिक कौशल, सामान्य शिक्षण शास्त्र और उनके पेशेवर दृष्टिकोण व क्षमताओं का आकलन करना था। मौके पर बीपीओ ब्रिनाल सोरेन ने जानकारी दी कि शिक्षकों की दक्षता बढ़ाने की उद्देश्य से यह परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती हैं। परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन में बीपीओ सनातन मुर्मू, सीआरपी संदीप कुमार चौबे, बैद्यनाथ राम, हसनाथ मोल्लाह, ब्लॉक एमईएस ऑपरेटर तारिक का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## तेज रफ्तार अज्ञात टोटो की चपेट में आने से युवक घायल,रेफर



**साहिबगंज :** जिले के बरहेट-हिरणपुर भाया सड़क अंतर्गत सोनाजोड़ी गांव समीप एक अज्ञात टोटो की चपेट में आने से 38 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार युवक श्रीलाल मरांडी, संजोरी गांव के रहने वाला है। घटना से युवक का घटना की दाहिना पैर टूट गया। अज्ञात टोटो की चपेट में आने से युवक घंटों तक जमीन पर पड़ा रहा, स्थानीय ग्रामीणों ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी को मामले की जानकारी दी, सूचना मिलते ही प्रखंड अध्यक्ष ने थाना प्रभारी को घटना से अवगत कराया तत्पश्चात पुलिस गश्ती घटनास्थल पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ संतोष टुडू की देखरेख में घायल का इलाज किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## बाइक सवार बदमाशों ने दुकान में की मारपीट, रुपए छीनकर फरार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एनएच 80 स्थित मां समुंद्रा पेट्रोल पंप के नजदीक मोटर पार्ट्स की दुकान में बाइक सवार दो अज्ञात युवक द्वारा बुधवार की रात मारपीट कर रुपए छीन लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित दुकानदार मो इब्बो ने बताया कि कुछ जरूरी काम से वह अपने पुत्र अमन को दुकान में रखकर गया हुआ था कि इसी बीच रात करीब नौ बजे मोटरसाइकिल से दो यूवक आकर उनके पुत्र से मारपीट किया एवं उसके पुत्र के पॉकेट से दस हजार तीन सौ रुपए भी छीन कर जान मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया।घटना की लिखित सूचना मुफस्सिल थाना को पीड़ित ने दी है और थाना प्रभारी से जान माल और न्याय की गुहार लगाई है। मामले में पुलिस छानबीन कर रही है।

## नशा स्वस्थ समाज राष्ट्र व परिवार के लिए खतराः डॉ रणजीत कुमार सिंह

**साहिबगंज :** जिले के मॉडल कॉलेज राजमहल में 14 मई को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में ह्लनशा मुक्त भारत अभियानह्व के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं युवाओं और नशा सेवन करने वाले लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना तथा समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना था।कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक एवं प्रेरणादायक चित्रों के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया। छात्रा प्रतिभा रक्षित, मीठी कुमारी, मंपी कुमारी एवं खातून ने अपनी उत्कृष्ट पेंटिंग के जरिए युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन हेतु प्राचार्य द्वारा उन्हें पुरस्कृत भी किया गया।रामा भारती ने प्रश्नोत्तर में छात्रों को नशा को लेकर युवा पीढ़ी को सचेत सावधान और नशे से दूर रहने की सलाह दी। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज के युवा सस्ते एवं नए प्रकार के नशों की गिरफ्त में आकर अपने तन, मन और धन की हानि कर रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करें। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा — नशे को ना कहें और खेल को हाँ कहें। कार्यक्रम के अंत में छात्रा विद्या अवस्थी द्वारा सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमजान अली ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमित कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया।

**एक नजर**

## घर पर गिरा पेड़ महिला की मौत

**लातेहार** : जिले के बालूमाथ प्रखंड के बरवाटोला गांव में बुधवार रात आए तूफान की चपेट में आने से विशालकाय पेड़ एक ग्रामीण के घर पर गिर गया। इस घटना में महिला सीमा देवी (40) की मौत हो गई। जबकि घर को भी काफी नुकसान हुआ। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार रात अचानक तेज आंधी तूफान आई थी। इस दौरान बरवाटोला गांव निवासी राजेंद्र गंझु का पूरा परिवार घर में ही था। तूफान की चपेट में आने से घर के पास खड़ा पेड़ अचानक टूट गया और घर के ऊपर गिर गया। इसकी चपेट में राजेंद्र गंझु की पत्नी सीमा देवी भी आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। हालांकि बाद में उन्हें अस्पताल ले जाया गया परंतु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासन की टीम गुरुवार की सुबह मृतक के घर पहुंच कर पूरी वस्तुस्थिति का जायजा लिया। अंचल अधिकारी बालेश्वर राम और प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने मृतक के परिजनों से मुलाकात की और सरकारी प्रावधान के तहत सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

## बच्ची से बुजुर्ग ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**पलामू** : जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत महज साढ़े चार वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी हरिहरगंज के मिश्रा कॉलोनी निवासी विद्या साव (68) को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। साथ ही इस मामले को लेकर पुलिस गंभीरता से अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार उक्त आरोपित बीते 30 अप्रैल को पीड़िता को बहला फुसलाकर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म किया था, जिससे बच्ची को शारीरिक आंतरिक पीड़ा झेलनी पड़ी, जबकि आरोपित पुनः गुरुवार को चॉकलेट का लालच देकर बच्ची को अपने घर ले जाना चाह रहा था। पीड़िता भयभीत होकर अपने मां के पास जा भागी और इसकी जानकारी दी। बाद में पीड़िता की मां ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। इस सम्बन्ध में मुहल्ले के आक्रोशित लोगों से जानकारी मिलने पर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया। इधर, घटना से आक्रोशित लोगों ने सिनेमा मोड़ के पास एनएच 139 पर टायर जला कर विरोध प्रदर्शन किया और कुछ देर के लिए जाम कर दिया। बाद में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने आक्रोशित लोगों को समझा कर शांत कराया और आवागमन बहाल कराया गया। इस संबंध में छानबीन करने आए छतरपुर एसडीपीओ अवध कुमार यादव ने बताया कि आरोपित के खिलाफ पीड़िता की मां के आवेदन पर पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए मेदिनीनगर भेजा गया है, जबकि आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## करंट लगने से युवक की मौत, गांव में मातम

**लातेहार** : जिले के बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुर गांव में गुरुवार को करंट लगने से एक 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान रवि कुमार के रूप में हुई है, जो सुरेंद्र सिंह के पुत्र थे।जानकारी के अनुसार, रवि कुमार जनरेटर में तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली आ गई और वह करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# लाह उत्पादन पुरखों की धरोहर है, इसे बचाएं और बढ़ाएं : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : राज्य की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की और तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने गुरुवार को तोरपा प्रखंड के दियांकेल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में राज्य के पहले लाह बीज बैंक (बुड लैक बैंक) के अधिष्ठापन कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशक अभिजीत कर समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।



यह अधिष्ठापन कार्य सिद्धू कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धिकोफेड) की ओर से किया जा रहा है। इसका संचालन कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (सहकारिता प्रभाग) की वर्ष 2025-26 की स्वीकृत योजना के तहत किया जाएगा। कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में लगभग दो एकड़ क्षेत्र में लाह बीज का उत्पादन किया जाएगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की ने कहा कि पूरे झारखंड की भौगोलिक और सांस्कृतिक स्थिति एक समान है तथा दक्षिण छोटानागपुर के आदिवासी समाज में एकरूपता दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि लाह उत्पादन पुरखों की धरोहर है, जिसे आधुनिक समय में भी जीवित रखने की आवश्यकता है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि लोग जंगलों और प्रकृति से दूर होते जा रहे हैं, जबकि लाह उत्पादन जंगल और पेड़ों से जुड़ी आजीविका का महत्वपूर्ण माध्यम है।

मंत्री ने कहा कि खूंटी में स्थापित होने वाला यह राज्य का पहला बुड लाह बैंक किसानों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। उन्होंने किसानों से केवल धान पर निर्भर नहीं रहने और मड़ुवा, मक्का जैसी वैकल्पिक फसलों की खेती अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि मड़ुवा की खेती के लिए सरकार द्वारा तीन हजार रुपये की सहायता दी जा रही है तथा राज्य में एक लाख मीट्रिक टन मड़ुवा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

उन्होंने असमय बारिश और खेती पर उसके प्रभाव को लेकर भी चिंता व्यक्त की। किसानों को सलाह देते हुए कहा कि पहली बारिश के साथ खेतों की जुताई कर खेती शुरू करें। उन्होंने बताया कि 22 मई को हर प्रखंड में कृषि कार्यशाला आयोजित की जाएगी।

मंत्री ने कहा कि किसानों को योजनाओं की जानकारी और प्रशिक्षण लेना जरूरी है। नामकुम स्थित प्रशिक्षण केंद्र में मुफ्त आवास, भोजन और प्रतिदिन 400 रुपये की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा से फसल क्षति होने पर किसान अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजा प्राप्त कर सकते हैं तथा आकस्मिक मृत्यु पर चार लाख रुपये तक सहायता का प्रावधान है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ लाह उत्पादन है और अब 'लाह, लाख बन गया है।' उन्होंने इसे 'काला सोना' बताते हुए कहा कि तोरपा विधानसभा क्षेत्र में लाह उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने की अपील करते हुए कहा कि परंपरागत खेती से उत्पादन कम हो रहा है, इसलिए खेती के तौर-तरीकों में बदलाव जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जंगलों में मिलने वाले कुसुम, बेर जैसे पेड़ लाह उत्पादन के आधार हैं और 'पेड़ों में पैसे उगते हैं।' पंचायत स्तर तक कृषि और लाह उत्पादन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में क्रांतिकारी बदलाव आएगा और विकसित झारखंड के निर्माण में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया।

## प्रसूता की मौत के बाद हंगामा डॉक्टर फरार

**बोकारो** : जिले के आईटीआई मोड़ स्थित शिव अस्पताल में प्रसव के बाद 19 वर्षीय महिला की मौत से हड़कंप मच गया। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। घटना के बाद अस्पताल प्रबंधन, डॉक्टर और कर्मचारी अस्पताल छोड़कर फरार हो गए। मृतका की पहचान चास प्रखंड के सेनाबाद गांव निवासी लक्ष्मी कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार बुधवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। ऑपरेशन के बाद उसने एक बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी।

# आंधी पानी से भारी तबाही, पेड़ गिरने से दो की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू** : पलामू जिले में बुधवार देर शाम आये आंधी पानी से भारी तबाही मची है। पेड़ गिरने से दो की मौत हो गई एक जख्मी है। उसका इलाज मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल मेदनीनगर में चल रहा है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन से सटे सिंगरा में रेलवे का तार टूटने से एक घंटे तक परिचालन बाधित रहा। कई गरीबों का आशियाना उजड़ गया। छत को ज्यादा नुकसान पहुंचा। छतों पर लगे सोलर प्लेट भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। पलामू प्रशासन नुकसान का आकलन करने में जुटा हुआ है।



जिले के हैदरनगर हाई स्कूल - शिवालय रोड स्थित मरघटिया के समीप पीपल का विशाल पेड़ अचानक गिर जाने से बाइक सवार दो लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के बड़ेम थाना क्षेत्र अंतर्गत तिवारीडीह निवासी 50 वर्षीय कामदेव चंद्रवंशी के रूप में हुई है। वह अपने रिश्तेदार के घर रामबाध के धोबियाडीह टोला निवासी अनिल चंद्रवंशी के घर आये थे। इस घटना में अनिल चंद्रवंशी (45) गंभीर रूप से घायल है। उन्हें इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि कामदेव चंद्रवंशी एक शादी समारोह में शामिल होने हैदरनगर के रामबांध टोला के धोबियाडीह आए हुए थे। इसी दौरान उनकी तबीयत खराब होने पर अनिल चंद्रवंशी उन्हें बाइक से इलाज कराने हैदरनगर लाए थे। इलाज के बाद दोनों बाइक से वापस घर लौट रहे थे, तभी तेज आंधी-तूफान के बीच मरघटिया रोड पर पीपल का विशाल पेड़ अचानक बाइक पर गिर पड़ा। पेड़ गिरते ही दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और दोनों को निजी वाहन से अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कामदेव चंद्रवंशी को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अनिल चंद्रवंशी की स्थिति नाजुक देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर स्थित एमएमसीएच रेफर कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। अचानक आए तूफान और इस हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। घटना की सूचना मिलते ही हैदरनगर पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घायल व मृतक को अनुमंडलीय अस्पताल भेजने के बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# सीएसआईआर-एनएमएल में कार्यशाला आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : सीएसआईआर-नेशनल मेटलर्जिकल लेबोरेटरी में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 के तहत 'स्वच्छ भारत मिशन की दिशा में तकनीकी हस्तक्षेप' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान में 1 मई से 15 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने कहा कि संस्थान 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को बढ़ावा देते हुए कई महत्वपूर्ण तकनीकों पर कार्य कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग तकनीकों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ संसाधनों के बेहतर उपयोग और सर्कुलर इकोनॉमी को मजबूत करने में सहायक है। कार्यशाला के संयोजक डॉ. के. गोपाला कृष्णा ने कहा कि स्वच्छ और हरित वातावरण के निर्माण में विज्ञान और तकनीक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से हासिल करने के लिए अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन पुनर्प्राप्ति प्रणालियों में टिकाऊ और नवाचार आधारित तकनीकों को शामिल करना आवश्यक है।

कार्यक्रम में कृष्ण कुमार तथा योगेश राणा के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार ने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत छोटे शहरों की श्रेणी में जमशेदपुर ने देश के शीर्ष तीन शहरों में स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि झारखंड नोटिफाइड एरिया कमेटी की ओर से शहर में बड़े स्तर पर कचरा प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाने के लिए कचरा उत्पादन कम करने से लेकर रिसाइक्लिंग तक हर स्तर पर जनसहभागिता जरूरी है। विशिष्ट अतिथि योगेश राणा ने टाटा स्टील यूआईएसएल की ओर से शहर को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने आरआरआर केंद्रों, इन्सिनरेशन प्लांट तथा अन्य टिकाऊ अपशिष्ट प्रबंधन प्रणालियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सीएसआईआर-एनएमएल के वैज्ञानिक डॉ. एम.के. झा, डॉ. आलोक मेहर और जय शंकर शरण ने विषय से जुड़े विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम** : पूर्वी सिंहभूम जिले के कोवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बेगनाडीह-पोटका मुख्य सड़क पर बुधवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा टाटा स्टील के कचरा निष्पादन के लिए निमार्णाधीन प्लांट के समीप हुआ, जहां बाइक और कार्य में लगे ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई।




मृतकों की पहचान बुकामडीह निवासी जोड़ो माहली उर्फ काला माहुरी तथा काला माहली के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर भालकी की ओर से अपने गांव बुकामडीह लौट रहे थे। इसी दौरान निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को इलाज के लिए पहले स्थानीय स्तर पर सहायता पहुंचाई गई, फिर बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर भेजा गया। लेकिन इलाज के दौरान दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया।

कोवाली थाना प्रभारी मुकेश कुमार साव ने बताया कि दुर्घटना उस समय हुई जब क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य चल रहा था। कार्य में लगे ट्रैक्टर से बाइक की भिड़ंत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त करने की प्रक्रिया चल रही है। घटना की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह गांव में मातमी सन्नाटा पसरा रहा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# गुवा सेल खदान का चक्का जाम खत्म, स्थानीय युवाओं को रोजगार देने पर बनी सहमति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुवा स्थित स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की लौह अयस्क खदान में 11 मई से जारी अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन बुधवार देर रात समाप्त हो गया। लगभग 72 घंटे तक चले इस आंदोलन के कारण खदान क्षेत्र में लौह अयस्क उत्पादन और परिवहन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित रही।



आंदोलन खदान प्रभावित 19 गांवों के ग्रामीणों, मुंडा-मानकी संघ और स्थानीय युवाओं की ओर से चलाया जा रहा था, जिसे झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा का समर्थन प्राप्त था।

बुधवार शाम 7 बजे से देर रात 11 बजे तक प्रशासन, सेल प्रबंधन और आंदोलनकारियों के बीच त्रिपक्षीय वार्ता चली। लंबी बातचीत के बाद सभी पक्षों के बीच सहमति बनी, जिसके बाद आंदोलन समाप्त करने की घोषणा की गई। आंदोलनकारी स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने, विस्थापित परिवारों को नौकरी में प्राथमिकता देने तथा क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे। ग्रामीणों का कहना था कि सारंडा क्षेत्र से करोड़ों रुपये का लौह अयस्क निकाला जा रहा है, लेकिन स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

समझौते के तहत 19 गांवों के मानकी और मुंडा ग्राम सभा आयोजित कर शिक्षित एवं कार्यकुशल बेरोजगार युवाओं की सूची तैयार करेंगे। यह सूची गुवा थाना प्रभारी को सौंपी जाएगी। इसके बाद पुलिस प्रशासन की ओर से शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आपराधिक रिकॉर्ड और अन्य आवश्यक जांच की जाएगी। जांच पूरी होने के बाद आवश्यकता के अनुसार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। समझौते में यह भी तय किया गया कि रोजगार प्रक्रिया में केवल संबंधित 19 गांवों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और बाहरी लोगों को शामिल नहीं किया जाएगा।

वार्ता में सेल प्रबंधन की ओर से सीजीएम माइंस चंद्रभूषण कुमार, सीजीएम एचआर धीरेन्द्र मिश्रा, महाप्रबंधक डॉ. टी.सी. आनंद, महाप्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह और उप महाप्रबंधक अनिल कुमार मौजूद रहे। प्रशासन की ओर से जगन्नाथपुर एसडीओ महेंद्र छोटन उरांव, किरीबुरू एसडीपीओ अजय केरकेट्टा, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, बीडीओ पप्पू रजक, गुवा थाना प्रभारी नीतीश कुमार, किरीबुरू थाना प्रभारी रोहित कुमार तथा छोटानागरा थाना प्रभारी सैनिक समद उपस्थित थे।

वहीं आंदोलनकारियों की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, मानकी सुरेश चांपिया, मंगता सुरीन, जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी, सिंगा सुरीन, बिरसा सुरीन, केशव गोप, विकास गोप, गुलियन चाम्पिया, विकास पुरती, सुशील पुरती, मदन चाम्पिया, मैगरिट सिरका, रजनी पुरती, सुमित्रा पुरती, लालू चाम्पिया, लक्ष्मी चाम्पिया, लखन चाम्पिया, सोमा चाम्पिया, विजय हाईबुरु, लंका पुरती और हरि चाम्पिया समेत कई ग्रामीण प्रतिनिधि शामिल हुए।

**संक्षिप्त खबरें**

## अवसाद से मुक्ति के लिए अष्टांग योग जरूरी : आनंदसाधिका आचार्या

**पूर्वी सिंहभूम** : आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से आयोजित महिला स्वयंसेवक प्रशिक्षण शिविर के प्रथम दिन गुरुवार को आध्यात्मिक एवं बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रशिक्षुओं की ओर से भगवान श्री श्री आनंदमूर्ति जी की प्रतिकृति पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण एवं संवाद का दौर चला। बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य प्रशिक्षक अवधूतिका आनंदसाधिका आचार्या ने कहा कि भौतिक वस्तुओं के प्रति अत्यधिक आकर्षण और बदलती जीवनशैली के कारण लोगों में मानसिक तनाव और अवसाद की समस्या तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज का व्यक्ति आत्मकेंद्रित होता जा रहा है, जिससे सामाजिक संबंध कमजोर हो रहे हैं और मानसिक असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक असमानता, सामाजिक विखंडन और नैतिक मूल्यों में गिरावट भी लोगों को हताशा और निराशा की ओर ले जा रही है। युवाओं में बढ़ती मानसिक बेचैनी और दिशाहीनता चिंता का विषय है। उन्होंने पतंजलि योगसूत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि अविद्या, अहंकार, आसक्ति, द्वेष और मृत्यु का भय मनुष्य के मानसिक तनाव के प्रमुख कारण हैं। अवधूतिका आनंदसाधिका आचार्या ने कहा कि अष्टांग योग का नियमित अभ्यास मानसिक संतुलन बनाए रखने में सहायक होता है। योग और साधना से शरीर एवं मन में संतुलन स्थापित होता है, जिससे व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने की प्रेरणा प्राप्त करता है। उन्होंने कहा कि संतुलित और अनुशासित जीवनशैली ही मानसिक शांति और प्रसन्नता का आधार है। कार्यक्रम में अवधूतिका आनंदप्रभा आचार्या, अवधूतिका आनंदप्रसन्न आचार्या, अवधूतिका आनंदस्नेहमया आचार्या तथा अवधूतिका आनंदलेखा आचार्या सहित अन्य महिलाओं ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

## ब्राह्मण समाज भवन का विधायक ने रखी आधारशिला



**पूर्वी सिंहभूम** : छोटागोविंदपुर में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बहुप्रतीक्षित मांग को गुरुवार को नया आयाम मिला, जब समाज भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन वैदिक रीति-रिवाज और मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। विधायक निधि से बनने वाले इस भवन की आधारशिला विधायक मंगल कालिंदी ने रखी। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मंगल कालिंदी ने भवन निर्माण कार्य की औपचारिक शुरूआत की। मौके पर उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज लंबे समय से एक सामुदायिक भवन की मांग कर रहा था, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भवन सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामुदायिक आयोजनों का केंद्र बनेगा। विधायक ने कहा कि भवन बनने के बाद धार्मिक अनुष्ठान, सामाजिक कार्यक्रम और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन में समाज को सुविधा मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र के सभी समुदायों के विकास और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देने की बात भी कही। भूमि पूजन कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य डॉ परितोष सिंह, नवमी सिंह और सतवीर सिंह बग्गा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भवन निर्माण की पहल को समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसकी सराहना की। वहीं अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने भवन निर्माण कार्य शुरू होने पर विधायक मंगल कालिंदी के प्रति आभार जताया।

## सड़क किनारे मिला दिव्यांग बच्चा, मां की तलाश में जुटी पुलिस



**पूर्वी सिंहभूम** : कदमा थाना क्षेत्र के फार्म एरिया में गुरुवार सुबह एक दिव्यांग बच्चा सड़क किनारे अकेला मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार एक महिला बच्चे को वहां छोड़कर चली गई थी। काफी देर तक महिला के वापस नहीं लौटने पर आसपास के लोगों की नजर बच्चे पर पड़ी और वे उसके पास पहुंचे। बाद में मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कदमा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को अपने साथ थाने ले गई। पुलिस फिलहाल बच्चे की देखभाल कर रही है और उसे सुरक्षित रखने के लिए जिले की किसी संस्था या गैर सरकारी संगठन से संपर्क कर रही है, ताकि उसके पालन-पोषण की उचित व्यवस्था की जा सके। घटना के बाद इलाके में लोगों के बीच भावुक माहौल देखने को मिला। बताया गया कि बच्चा काफी देर तक धूप में बैठा रहा, जिससे वह परेशान और प्यासा हो गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे पानी पिलाया और खाने के लिए बिस्किट व अन्य सामान दिया। बच्चे की स्थिति देखकर कई लोग भावुक हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बच्चा बार-बार अपनी मां को याद कर रो रहा था। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद कई लोगों की आंखें नम हो गईं। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि बच्चे को जल्द सुरक्षित माहौल और उचित देखभाल मिल सकेगी। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और बच्चे को वहां छोड़कर जाने वाली महिला की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बच्चे या उसकी मां के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत कदमा थाना से संपर्क करें।

## अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पलामू** : बिहार में लागू शराबबंदी कानून के बीच झारखंड से हो रही शराब तस्करी पर पलामू की हुसैनाबाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। दंगवार ओपी क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक काले रंग की एक्सयूवी-500 वाहन से 100 बोतल अवैध देशी टनाका शराब बरामद किया गया है। मौके से वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिव्यांश शुक्ला को 13 मई की रात सूचना मिली थी कि हरियाणा नंबर की एक एक्सयूवी-500 वाहन से शराब लोड कर दंगवार मार्ग के रास्ते बिहार ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही दंगवार ओपी चेक पोस्ट के समीप हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान (एचआर-26-बीजेड-0496 ) नंबर की एक्सयूवी-500 को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन से चार पेटी अवैध देशी टनाका शराब बरामद हुई। प्रत्येक पेटी में 25 बोतल शराब रखी गई थी। इस प्रकार कुल 100 बोतल शराब जब्त की गई। पुलिस ने शराब के साथ वाहन को भी कब्जे में ले लिया।

संक्षिप्त डायरी

## पटना में आज भी बादल छाये रहेंगे, बावजूद बनी रहेगी गर्मी, ओपीडी का भी जानें हाल

**पटना (एजेंसी)** जिले की दिनभर की गतिविधियों से आपको रू-ब-रू कराने के लिए हम आपके लिए आपके शहर की पूरी जानकारी एक साथ लेकर आ रहे हैं. शहर का मौसम कैसा रहेगा, कौन से धार्मिक स्थल कब खुलेंगे, कब बंद होंगे, ओपीडी में कौन से डॉक्टर किस विभाग में तैनात रहेंगे, शहर में आज कौन से कार्यक्रम होंगे, यह सब जानकारी इस खबर में आपको एक साथ मिल जायेगी. ढअळठअ ळडउ‍ : गुरुवार को बादल छाया रहेगा. इसके बावजूद गर्मी में कमी आने के आसार नहीं है. बुधवार को अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस था और गुरुवार को भी इसके 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का पुवार्नुमान है. सुबह में बादल छाये होने के कारण न्यूनतम तापमान में बुधवार की तुलना में दो डिग्री की कमी रहने का अनुमान है. यह 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा. मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन चार दिनों तक गर्मी बनी रहेगी और उससे निजात की संभावना नहीं है. पटना जंक्शन हनुमान मंदिरः पटना जंक्शन स्थित भगवान श्री हनुमान जी को समर्पित सबसे पवित्र हिन्दू मंदिरों में से एक है. यह देश के प्राचीन हनुमान मंदिरों में से एक है. महावीर मंदिर उत्तर भारत को सबसे प्रसिद्ध मंदिर है. भक्त मंदिर का लाइव दर्शन कर सकते है और आरती देख सकते हैं. इसके लिए भक्तों को लाइव महावीर मंदिर के लिंक पर जाना होगा. महावीर मंदिर में सुबह का आरती प्रतिदिन सुबह 5 बजे होता हे. इसके बाद आरती सुबह 11 बजे, शाम चार बजे, संध्या आरती 7. 30 बजे और शयन आरती 10.30 बजे होता है. इस्कॉन मंदिर : बुद्ध मार्ग स्थित इस्कॉन मंदिर, जिसे श्री राधा बांके बिहारी जी मंदिर के नामसे जाना जाता है, भगवान कृष्ण को समर्पित एक तीर्थ स्थल है. यहां मंगला आरती एक दैनिक सुबह की रस्म है जिसमें भक्त भजन गाते हैं और देवी- देवताओं से प्रार्थना करते हैं. सुबह का मंगला आरती 4.30 बजे से होता है. वहीं शयन आरती रात आठ बजे होता है. लेकिन सुबह का मंगला आरती को ही सीधा प्रसारण किया जाता है जिसे इस्कॉनपटनाडॉटकॉम पर जाकर आरती में शामिल हो सकते हैं

## स्कूल में पढ़ाने के साथ जनगणना ड्यूटी भी करेंगे शिक्षक, बिहार सरकार ने कंफ्यूजन किया क्लियर

**पटना (एजेंसी)** बिहार में घर-घर जाकर जनगणना का काम किया जा रहा है. ऐसे में शिक्षकों के बीच अलग-अलग आदेश के कारण परेशानी हो रही थी, लेकिन शिक्षा विभाग की ओर से क्लियर कर दिया गया है कि सरकारी शिक्षक स्कूल में पढ़ाने के साथ-साथ जनगणना ड्यूटी भी करेंगे. बिहार के शिक्षकों के लिए शिक्षा विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है. विभाग के अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों और जिला शिक्षा पदाधिकारियों को लेटर भेजकर क्लियर किया है कि जनगणना कार्यों में प्रगणक और पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त शिक्षक नियमित पढ़ाने की जिम्मेदारी भी निभायेंगे. शिक्षकों को स्कूल अवधि में पढ़ाना होगा, जबकि जनगणना से संबंधित फील्ड वर्क स्कूल समय से पहले या समाप्त होने के बाद करना होगा. इस वजह से था कंफ्यूजन जानकारी के मुताबिक, बिहार में जनगणना के काम को लेकर राज्य के शिक्षकों के बीच पिछले कई दिनों से कंफ्यूजन की स्थिति थी. कई जिलों में जनगणना के काम में लगे शिक्षकों को सुबह 9:30 बजे तक स्कूल में पढ़ाने का निर्देश मिला था, जबकि कुछ जिलों में जिला पदाधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षक केवल जनगणना का काम ही करेंगे. इस तरह से अलग-अलग जिलों में अलग व्यवस्था लागू होने से शिक्षकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई थी. अब शिक्षा विभाग ने इस मामले में स्पष्ट आदेश जारी कर पूरे राज्य के लिए एक समान व्यवस्था लागू कर दी है. इसके साथ ही कंफ्यूजन दूर कर दिया गया है. मामले में विभाग की ओर से क्या दी गई जानकारी? विभाग ने कहा है कि जिलों में शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करने और ड्यूटी को लेकर अलग-अलग निर्देश जारी किए जा रहे थे. इसी कारण पूरे राज्य के लिए स्पष्ट और एकरूप दिशा-निर्देश जारी करने की जरूरत पड़ी. लेटर में केंद्र सरकार के प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो के हवाले से यह भी कहा गया है कि जनगणना के काम में लगे शिक्षक अपनी नियमित सरकारी जिम्मेदारियों के अतिरिक्त यह काम करेंगे. यानी जनगणना ड्यूटी को अध्यापन कार्य का विकल्प नहीं माना जाएगा. 31 मई तक अनिवार्य ट्रेनिंग से छुटकारा शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट कहा है कि किसी भी स्थि में स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होनी चाहिए. विभाग का मानना है कि इससे एक तरफ जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य समय पर पूरे होंगे, जबकि दूसरी ओर छात्रों की पढ़ाई भी नियमित रूप से चलती रहेगी. इसके साथ ही विभाग ने यह भी निर्णय लिया है कि जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को 31 मई तक अनिवार्य प्रशिक्षण संबंधी दायित्वों से मुक्त रखा जायेगा, ताकि वे अतिरिक्त कार्यभार को बेहतर तरीके से संभाल सकें.

## गोपालगंज में बिना लाइसेंस रिन्यूअल के चल रहे पेट्रोल पंपों पर विभाग का अल्टीमेटम

**पटना (एजेंसी)** गोपालगंज जिले में बिना लाइसेंस रिन्यूअल के चल रहे पेट्रोल पंपों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है. विभाग ने ऐसे सभी पेट्रोल पंप संचालकों को अंतिम रूप से सात दिन का समय दिया है. निर्धारित अवधि के भीतर लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराने पर संबंधित तेल कंपनियों को डिजिटल माध्यम से पत्र भेजकर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति रोकने की अनुशंसा की जाएगी. विभाग ने कहा सात दिन की समय सीमा समाप्त होने के बाद जिन पेट्रोल पंपों का लाइसेंस रिन्यू नहीं होगा. (विकास कुमार दुबे) गोपालगंज जिले में बिना लाइसेंस रिन्यूअल के चल रहे पेट्रोल पंपों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है. विभाग ने ऐसे सभी पेट्रोल पंप संचालकों को अंतिम रूप से सात दिन का समय दिया है. निर्धारित अवधि के भीतर लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराने पर संबंधित तेल कंपनियों को डिजिटल माध्यम से पत्र भेजकर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति रोकने की अनुशंसा की जाएगी. अपर जिला परिवहन पदाधिकारी ने क्या बताया? अपर जिला परिवहन पदाधिकारी (एडीटीओ) एसएन राजू ने बताया कि जिले में कुल 95 पेट्रोल पंप संचालित हैं. इनमें से अब तक केवल 41 पेट्रोल पंपों ने अपनी अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण कराया है. जबकि 54 पेट्रोल पंपों का लाइसेंस अभी तक रिन्यू नहीं हुआ है. इस स्थिति को विभाग ने गंभीरता से लिया है. हर वर्ष कराना होता है अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण एडीटीओ ने बताया कि प्रत्येक पेट्रोल पंप संचालक को हर वर्ष दिसंबर माह तक परिवहन विभाग से अपनी अनुज्ञप्ति का नवीनीकरण कराना अनिवार्य होता है. नवीनीकरण के बाद ही पेट्रोल पंप को वैध रूप से संचालन की अनुमति मिलती है. इस प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पेट्रोल पंप सुरक्षा मानकों, प्रशासनिक नियमों और सरकारी निदेशों का पालन कर रहे हैं. इसके बावजूद जिले के कई संचालकों ने अब तक आवश्यक कागजात जमा नहीं किए हैं और न ही नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी की है. विभाग ने इसे नियमों की अनदेखी माना है.परिवहन विभाग की चेतावनी परिवहन विभाग ने स्पष्ट कहा है कि सात दिन की समय सीमा समाप्त होने के बाद जिन पेट्रोल पंपों का लाइसेंस रिन्यू नहीं होगा. उनकी सूची तैयार कर संबंधित तेल कंपनियों को ई-मेल और अन्य डिजिटल माध्यम से पत्र भेजा जाएगा. इसमें ऐसे पेट्रोल पंपों की पेट्रोल और डीजल आपूर्ति रोकने की अनुशंसा की जाएगी. विभाग की चेतावनी के बाद पेट्रोल पंप संचालकों के बीच हलचल तेज हो गई है. कई संचालक अपने दस्तावेज तैयार कर जिला परिवहन कार्यालय पहुंच रहे हैं. अधिकारियों का कहना है

# बिहार में कोचिंग संस्थानों पर कसेगा शिकंजा: नया कानून, भारी जुमार्ना और सख्त नियम



**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार कोचिंग संस्थानों के लिए नया कानून लाने जा रही है. बिना रजिस्ट्रेशन कोचिंग चलाने पर 1 लाख रुपए तक जुमार्ना लगेगा. फीस, शिक्षकों की योग्यता, बैच और छात्रों की सुविधाओं को लेकर भी सख्त नियम लागू किए जाएंगे. बिहार सरकार अब राज्य में चल रहे कोचिंग संस्थानों पर लगाम कसने की तैयारी में है. शिक्षा विभाग ने कोचिंग संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए नए कानून का ड्राफ्ट तैयार किया है. यह नियम उन सभी कोचिंग संस्थानों पर लागू होगा, जहां 25 से ज्यादा छात्र पढ़ते हैं. सरकार का कहना है कि इससे छात्रों और अभिभावकों को मनमानी फीस और गलत प्रचार से राहत मिलेगी. रजिस्ट्रेशन कराना होगा अनिवार्य नए नियम के तहत सभी कोचिंग संस्थानों को रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा. बिना रजिस्ट्रेशन के कोचिंग चलाने पर 1 लाख रुपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है. इसके अलावा नियमों का उल्लंघन करने पर 50 हजार से लेकर 2 लाख रुपए तक का जुमार्ना और संस्थान का रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जा सकता है. रजिस्ट्रेशन के लिए संस्थानों को 15 हजार रुपए शुल्क देना होगा. अगर किसी कोचिंग के कई ब्रांच हैं, तो हर ब्रांच का अलग रजिस्ट्रेशन कराया जाएगा. इसकी वैधता तीन साल तक रहेगी. जिला स्तरीय जांच कमिटी की रिपोर्ट के बाद ही रजिस्ट्रेशन मिलेगा. छात्रों की सुविधा और मानसिक स्वास्थ्य पर जोर सरकार ने छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई अहम नियम बनाए हैं. हर छात्र के लिए कम से कम 2 वर्ग फीट जगह देना जरूरी होगा. शिक्षकों का ग्रेजुएट होना अनिवार्य रहेगा. एक बैच में कितने छात्र होंगे, इसकी जानकारी पहले देनी होगी और बीच में संख्या नहीं बढ़ाई जा सकेगी. कोचिंग संस्थानों को छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलर भी रखना होगा. साथ ही स्टडी मटेरियल और नोट्स के नाम पर अलग से फीस नहीं ली जा सकेगी. अगर कोई छात्र बीच में कोर्स छोड़ता है तो बची हुई फीस वापस करनी होगी. रिजल्ट का नहीं होगा प्रचार नए नियमों के अनुसार कोचिंग संस्थान छात्रों के रिजल्ट का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे. सरकार का मानना है कि इससे छात्रों पर अनावश्यक दबाव कम होगा. राज्य और जिला स्तर पर बनेगी कमिटी इन नियमों की निगरानी के लिए राज्य और जिला स्तर पर कमिटी बनाई जाएगी. शिक्षा विभाग के अउर इसके अध्यक्ष होंगे. इसमें पुलिस, स्वास्थ्य, समाज कल्याण और कौशल विकास विभाग के अधिकारी भी शामिल रहेंगे. साथ ही छात्र, अभिभावक और कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधियों को भी जगह दी जाएगी. सरकार ने इस ड्राफ्ट पर लोगों से सुझाव मांगे हैं. माना जा रहा है कि जल्द ही इसे कानून का रूप दिया जा सकता है.

## पटना में कबाड़ी दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**पटना (एजेंसी)** पटना के कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ स्थित कबाड़ी गली में बुधवार देर रात एक कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई. (नितिश की रिपोर्ट) पटना के कंकड़बाग कॉलोनी मोड़ स्थित कबाड़ी गली में बुधवार देर रात एक कबाड़ी दुकान में भीषण आग लग गई. आग लगने से दुकान में रखे लाखों रुपये के कबाड़ी सामान जलकर राख हो गए. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और देर रात तक लोगों की भीड़ जुटी रही. शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जानकारी के अनुसार यह दुकान कल्लू नामक व्यक्ति की बताई जा रही है. रात में दुकान बंद कर वह अपने घर चला गया था. इसी दौरान अचानक दुकान से धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं. प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है. दमकल की चार गाड़ियों ने पाया आग पर काबू घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को जानकारी दी. कुछ ही देर में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं. करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. संकीर्ण गली बनी परेशानी का कारण दमकलकर्मियों को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. कबाड़ी गली काफी संकीर्ण होने के कारण दमकल की गाड़ियां दुकान तक नहीं पहुंच सकीं. ऐसे में सड़क से ही लंबी पाइप के सहारे पानी की बौछार कर आग बुझाने का प्रयास किया गया. इसी वजह से आग पर काबू पाने में अधिक समय लग गया. देर रात तक इलाके में बना रहा गहमागहमी का माहौल घटना के बाद आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए. देर रात तक इलाके में गहमागहमी और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पूरी रात स्थिति पर नजर बनाए रही.

## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को कोर्ट से मिली राहत, इस मामले में सुनवाई के बाद जमानत

**पटना (एजेंसी)** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आज एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए. कोविड से जुड़े मामले में सुनवाई के बाद उन्हें जमानत मिल गई है. जानकारी के मुताबिक, कोरोना के वक्त राघोपुर में भीड़ जुटाने का आरोप तेजस्वी यादव पर लगा था. इसी दौरान मामला दर्ज किया गया था. लेकिन अब उन्हें राहत मिल गई है. बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से जमानत मिल गई है. आज (गुरुवार) तेजस्वी यादव एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए थे, जिसके बाद सुनवाई हुई और उन्हें जमानत दे दी गई. यह पूरा मामला कोरोना काल के दौरान नियम का उल्लंघन करने और भीड़ जुटाने से जुड़ा हुआ है. कोर्ट से जमानत मिलने पर क्या बोले तेजस्वी यादव? कोर्ट से जमानत मिलने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने कहा, कोविड से जुड़े एक मामले में हम लोग आज कोर्ट पहुंचे थे, जमानत मिल गई है. कोरोना काल के दौरान यह मुकदमा प्रशासन की ओर से किया गया था. लेकिन यह फर्जी मुकदमा करवाया गया था, ताकि जनप्रतिनिधि होकर आमजन की जो समस्याएं थी, वो हम ना रख पाएं. जानिए क्या है पूरा मामला जानकारी के मुताबिक, कोरोना काल के दौरान देशभर में कड़े प्रतिबंध थे. इसके साथ ही कई नियम बनाए गए थे. उसी दौरान तेजस्वी यादव के खिलाफ नियमों की अनदेखी करने का आरोप लगाया गया. कहा गया कि उन्होंने वैशाली के राघोपुर में भीड़ इकट्ठा किया और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों को तोड़ा. इसी मामले में उन पर प्राथमिकी दर्ज की गई है. प्रशासन की तरफ से यह आरोप लगाया गया कि आपदा प्रबंधन अधिनियम की धाराओं का उल्लंघन किया. ऐसे में कोर्ट से उन्हें समन भी जारी किया गया था. अब आज मामले में सुनवाई हुई और तेजस्वी यादव को राहत देते हुए जमानत मिल गई है.

## श्रीश्री रविशंकर ने पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का वास्तविक अर्थ समझाया : विस अध्यक्ष



**पटना (एजेंसी)** शहर के ऐतिहासिक प्रेमचंद रंगशाला में श्रीश्री रविशंकर जी के 70वें जन्मोत्सव और 'आर्ट ऑफ लिविंग' की 45 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया शहर के ऐतिहासिक प्रेमचंद रंगशाला में श्रीश्री रविशंकर जी के 70वें जन्मोत्सव और आर्ट ऑफ लिविंग की 45 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा व भाजपा नेता शिशिर कुमार मौजूद थे. इस अवसर पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी ने भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का वास्तविक अर्थ समझाया है. साथ ही उन्होंने पूरी दुनिया से ह्यतनाव मुक्त मन और हिंसा मुक्त समाजह्ल बनाने का आह्वान किया. उन्होंने बताया कि आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. इस साल से आर्ट ऑफ लिविंग ने अनसुने नायकोंह्ल को सम्मानित करने की शुरूआत की है, जिसकी सराहना की जा रही है. वहीं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से बिना प्रचार के समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अति विशिष्ट काम करनेवाले नायकों को सम्मानित कर रहा है, जो काफी प्रशंसनीय है. मैं सम्मानित होने वाले सभी कर्मयोगियों को नमन करता हूं. आपकी तपस्या से ही हमारा समाज और बिहार प्रगति की राह पर अग्रसर है. इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के स्वयंसेवक समेत अन्य लोग मौजूद थे. आर्ट ऑफ लिविंग ने पूरे किये 45 वर्ष गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी महाराज का 70वां जन्मोत्सव मनाया गया. साथ ही समाज में शांति, सेवा और सौहार्द की अलख जगाने वाली संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के 45 सफल वर्ष भी पूरे हुए हैं. रविशंकर ने आर्ट ऑफ लिविंग के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन दिया और आनेवाली पीढ़ियों को मिलता रहेगा. पटना. शहर के ऐतिहासिक प्रेमचंद रंगशाला में श्रीश्री रविशंकर जी के 70वें जन्मोत्सव और ह्यआर्ट ऑफ लिविंग की 45 वर्षों की गौरवशाली यात्रा के मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार, कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा व भाजपा नेता शिशिर कुमार मौजूद थे. इस अवसर पर माननीय विधानसभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी ने भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का वास्तविक अर्थ समझाया है. साथ ही उन्होंने पूरी दुनिया से तनाव मुक्त मन और हिंसा मुक्त समाज बनाने का आह्वान किया. उन्होंने बताया कि आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है.

## बिहार के 7 जिलों में तेज बारिश और ठनका का अलर्ट, 50-60 KMPH की रफ्तार से चलेगी हवा



**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम का मिजाज बुधवार की रात अचानक बदल गया. पटना समेत कई जिलों में तेज हवाएं चलीं, जिसके बाद मौसम खुशनुमा हो गया. मौसम विभाग की ओर से राज्य के 7 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. बिहार में मौसम ने अचानक करवट ले लिया है. आज से फिर लोगों को तपती गर्मी से राहत मिलने वाली है. मौसम विभाग की ओर से आज राज्य के 7 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इनमें सुपौल, अररिया, किशनगंज, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया और कटिहार शामिल है. इन जिलों में तेज बारिश के साथ ठनका गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना जताई है. बुधवार रात अचानक बदला मौसम बुधवार की रात पटना समेत कई जिलों में अचानक मौसम ने करवट लिया. भोजपुर, बक्सर, मुजफ्फरपुर, पटना, सारण, सिवान और वैशाली में देर रात तेज हवाएं चलीं, जिससे मौसम खुशनुमा हो गया. गयाजी की बात करें तो, यहां अचानक बादल गरजने लगे. हवा चलने के साथ हल्की बारिश भी हुई. इस तरह से आगे कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है. बिहार में बिगड़े मौसम की वजह मौसम वैज्ञानिकों की माने तो, बिहार में इन दिनों प्री-मॉनसून जैसी स्थिति बनी हुई है. बंगाली की खाड़ी से आ रही नमी वाली हवाओं के साथ स्थानीय स्तर पर विकसित हो रहे मौसमी सिस्टम की वजह से बारिश की स्थिति बनी हुई है. जानकारी के मुताबिक, सीमांचल और उत्तर-पूर्वी बिहार की भौगोलिक स्थिति के कारण प्री-मॉनसून का सिस्टम ज्यादा मजबूत बना हुआ है. बिहार में आगे कैसा रहेगा मौसम? मौसम विभाग की माने तो, आगे एक से दो दिनों तक मौसम इसी तरह बना रहेगा. इसके बाद लोगों को एक बार फिर उमस वाली गर्मी झेलनी पड़ेगी. खासकर दक्षिण और पश्चिम बिहार में लोगों को गर्मी पसीने छुड़ा देगी. जबकि सीमांचल इलाके के जिलों में मिला-जुला कर बारिश का खतरा बना रह सकता है. बिहार में लगातार मौसम में उतार-चढ़ाव की वजह से लोगों से सावधान रहने की अपील की जा रही है. खासकर किसानों से बिगड़े मौसम में घर में ही रहने की अपील की जा रही है.

## पटना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हेरोइन और विदेशी शराब के साथ कई तस्कर गिरफ्तार



**पटना (एजेंसी)** राजधानी पटना में अपराध नियंत्रण और नशा मुक्ति अभियान के तहत पटना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. राजधानी पटना में अपराध नियंत्रण और नशा मुक्ति अभियान के तहत पटना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक ब्यूरो, बिहार से मिली गुप्त सूचना के आधार पर चौक थाना पुलिस ने हरमंदिर गली और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर भारी मात्रा में हेरोइन और अवैध विदेशी शराब बरामद की है. इस कार्रवाई में महिलाओं समेत कई तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. हरमंदिर गली से 60 ग्राम हेरोइन बरामद पुलिस को सूचना मिली थी कि हरमंदिर गली क्षेत्र में एक महिला और एक पुरुष नशीले पदार्थ की खेप लेकर जा रहे हैं. सूचना मिलते ही चौक थाना पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी की और रेणु देवी (45 वर्ष) तथा विकास कुमार (25 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया. तलाशी के दौरान रेणु देवी के पास से 36 ग्राम हेरोइन, एक वीवो मोबाइल और 1100 रुपये नकद बरामद किए गए. वहीं विकास कुमार के पास से 24 ग्राम हेरोइन, एक इनफिनिक्स मोबाइल और 1200 रुपये नकद मिले. इस मामले में सअनि लक्ष्मण कुमार के आवेदन पर चौक थाना कांड संख्या 254/26 के तहत एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है. धवलपुरा में विदेशी शराब की बड़ी खेप जब्त शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत धवलपुरा टीओपी के पास भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बेबी देवी और पूनम देवी को गिरफ्तार किया. इनके पास से रॉयल स्टैग व्हिस्की की 14 बोतलें और स्मिरनॉफ वोडका की 11 बोतलें बरामद की गईं. पुलिस के अनुसार जब्त शराब की कुल मात्रा 21 लीटर से अधिक है. वाहन चेकिंग में भी मिली सफलता धवलपुरा टीओपी के पास वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने कैलाश राय नामक व्यक्ति को 15 बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया. वहीं मोर्चा रोड मुसहरी इलाके में गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में 46 लीटर देशी महुआ शराब भी जब्त की गई. पुलिस प्रशासन का कहना है कि शहर में नशा तस्करी और अवैध शराब कारोबार पर लगाम लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा. पुलिस टीम की तत्परता से मिली सफलता इस पूरी कार्रवाई में चौक थाना की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही. टीम में पुअनि सोनी कुमारी, सअनि लक्ष्मण कुमार, महिला सिपाही बेबी कुमारी और बीएचजी उपेंद्र कुमार शामिल थे. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है ताकि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और नशीले पदार्थों के मुख्य सप्लायर तक पहुंचा जा सके

## बिहार में 120 दिनों से अटके म्यूटेशन 15 दिनों के अंदर होंगे पूरे, जमीन की पहचान के लिए अकका होगा यूज



**पटना (एजेंसी)** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने दाखिल-खारिज को लेकर आदेश जारी किया है. डॉ. दिलीप जायसवाल के मुताबिक, 120 दिनों या फिर इससे ज्यादा दिनों से अटके दाखिल-खारिज अगले 15 दिनों के भीतर पूरे किए जायेंगे. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने राज्यभर में लंबित दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) मामलों के जल्द समाधान को लेकर सभी जिलाधिकारियों को कड़ा निर्देश जारी किया है. विभाग की ओर से यह आदेश मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के निर्देश पर दिया गया है. विभाग के सचिव जय सिंह ने इस संबंध में सभी कलेक्टर्स को लेटर भेजकर 120 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों का अगले 15 दिनों के अंदर हर हाल में समाधान करने को कहा है. साथ ही विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में किसी भी परिस्थिति में दाखिल-खारिज का कोई मामला निर्धारित 75 दिनों की समय-सीमा से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए. राज्य सरकार ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है. अविवादित मामलों के समाधान की सीमा 35 दिन विभाग की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि आम लोगों की सुविधा के लिए दाखिल-खारिज मामलों के समाधान की समय सीमा पहले से निर्धारित है. नियमों के अनुसार, अविवादित मामलों के निष्पादन की सीमा 35 दिन और विवादित मामलों के लिए 75 दिन तय है. इसके बावजूद विभागीय समीक्षा में यह पाया गया कि राज्य के विभिन्न अंचलों में अनेक मामले 75 दिनों और 120 दिनों से भी अधिक समय से लंबित पड़े हैं. विभाग की लापरवाही आई सामने जानकारी के मुताबिक, विभाग ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए स्पष्ट किया है कि काम के प्रति किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी. पत्र के साथ अंचलवार 120 दिनों से अधिक लंबित मामलों की लिस्ट भी जिलों को भेजी गई है, ताकि संबंधित अंचलों में जवाबदेही तय की जा सके. सचिव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिया है कि वे अपने जिले के सभी अंचलाधिकारियों को तत्काल निर्देश जारी कर लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर कराएं. साथ ही जिला स्तर पर नियमित समीक्षा और निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा गया है. जमीन की पहचान के लिए अक का इस्तेमाल बिहार में सरकारी जमीन की पहचान और निगरानी के लिए एआई का इस्तेमाल किया जाएगा. विभाग में एआई के इस्तेमाल को लेकर बताया गया कि इससे सरकारी जमीन की सही पहचान, अतिक्रमण की निगरानी और रिकॉर्ड प्रबंधन में भी पारदर्शिता आएगी.

# किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद है किशमिश का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक किशमिश ही नहीं, किशमिश का पानी भी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। अगर आप हर रोज किशमिश का पानी पीते हैं, तो आपके पूरे शरीर पर ढेर सारे पॉजिटिव असर पड़ सकते हैं। सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का शिकार बनने से बचने के लिए भी आप औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक को पीना शुरू कर सकते हैं।

### किडनी-लिवर के लिए फायदेमंद



आपकी जानकारी के लिए बता दें कि किशमिश का पानी आपकी किडनी के फंक्शन को सुधारने में मदद करता है। इसके अलावा इस ड्राई फ्रूट का पानी लिवर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में भी कारगर साबित हो सकता है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए ये एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकता है।

### मजबूत बनाए दिल की सेहत

अगर आप हाई ब्लड प्रेशर की समस्या पर काबू पाना चाहते हैं, तो किशमिश का पानी पीना शुरू कर दीजिए। किशमिश का पानी पीने से आप अपने दिल की सेहत को मजबूत बनाकर दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम कर सकते हैं। इसके अलावा फाइबर रिच किशमिश का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

### हड्डियों के लिए फायदेमंद

क्या आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाकर अपनी हड्डियों को मजबूत बनाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको किशमिश के पानी को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। इसके अलावा एनीमिया से बचने के लिए भी किशमिश का पानी पीने की सलाह दी जाती है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए सही मात्रा में और सही तरीके से किशमिश का पानी पीना बेहद जरूरी है।

# विटामिन बी12 की अधिकता से हो सकते हैं ये रोग

विटामिन बी12 की कमी की वजह से सेहत पर पड़ने वाले नेगेटिव असर के बारे में ज्यादातर लोग जानते होंगे। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से भी आपकी सेहत पर कुछ साइड इफेक्ट्स पड़ सकते हैं? कुल मिलाकर किसी भी चीज की कमी या फिर अति सेहत पर भारी पड़ सकती है। यही वजह है कि आपको किसी भी पोषक तत्व को संतुलित मात्रा में ही अपने डाइट प्लान में शामिल करना चाहिए।



### सिर में दर्द/चक्कर

अगर आपके शरीर में विटामिन बी12 की ज्यादा मात्रा चली जाए, तो आपको मतली, सिर में दर्द या फिर चक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप इस तरह की समस्याओं से बचना चाहते हैं तो आपको विटामिन बी12 का इंजेक्शन लेने से पहले डॉक्टर से कंसल्ट जरूर करना चाहिए।

### हार्ट हेल्थ पर पड़ सकता है असर

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि विटामिन बी12 की अधिकता आपकी हार्ट हेल्थ पर भारी पड़ सकती है। इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपके दिल की धड़कन बढ़ सकती है। इसके अलावा अगर आप किडनी से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो आपको विटामिन बी12 सप्लीमेंट लेने से बचना चाहिए।

### त्वचा के लिए हानिकारक

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक विटामिन बी12 की अधिकता, आपके शरीर के साथ-साथ आपकी त्वचा पर भी बुरा असर डाल सकती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि इस विटामिन की अधिकता की वजह से आपको मुंहासों, खुजली और रैश जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर आपके शरीर में इस विटामिन की अधिकता है, तो आपको अपने डाइट प्लान में विटामिन बी12 से भरपूर खाने-पीने की चीजों को शामिल करने से बचना चाहिए।

# फंगल इंफेक्शन किस विटामिन की कमी से होता है?

क्या आपको भी बार-बार फंगल इंफेक्शन की समस्या से जूझना पड़ता है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में किसी जरूरी पोषक तत्व की कमी पैदा हो गई हो। अगर किसी विटामिन की कमी के कारण आपको फंगल इंफेक्शन हो रहा है, तो आपको जल्द से जल्द इस विटामिन डेफिशिएंसी को दूर करने की कोशिश में जुट जाना चाहिए। आइए फंगल इंफेक्शन का कारण बनने वाले इस जरूरी पोषक तत्व के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

### विटामिन डी की कमी


विटामिन डी की कमी न केवल आपकी सेहत को बल्कि आपकी त्वचा को भी बुरी तरह से प्रभावित कर सकती है। अगर आपके शरीर में विटामिन डी की कमी पैदा हो गई है, तो आपको बार-बार फंगल इंफेक्शन हो सकता है। इसके अलावा इस जरूरी पोषक तत्व की कमी कैंडिड संक्रमण के खतरे को भी बढ़ा सकती है।

### विटामिन सी की कमी

विटामिन डी के अलावा विटामिन सी की कमी भी आपकी त्वचा की सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। विटामिन सी की कमी की वजह से आपके इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है जिसकी वजह से आपके फंगल इंफेक्शन को ठीक होने में भी ज्यादा समय लग सकता है।

### दूर करें डेफिशिएंसी

विटामिन डी और विटामिन सी की कमी को दूर करने के लिए आपको अपने डाइट प्लान में थोड़े-बहुत बदलाव करने की जरूरत है। विटामिन डी की कमी को दूर करने के लिए गाय का दूध, मशरूम, अंडे की जर्दी का सेवन किया जा सकता है। विटामिन सी रिच संतरा, किवी, ब्रोकली, टमाटर और शिमला मिर्च का सेवन कर आप इस विटामिन की कमी को दूर कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाने-पीने की इन चीजों को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम करना बेहद जरूरी है।





# सुबह वॉक करने से पहले इन ज़रूरी बातों का रखें खास ध्यान

**सुबह के समय वॉक करने से दिनभर ताजगी का अनुभव होता है। सुबह की वॉक सिर्फ शारीरिक सेहत ही नहीं बल्कि मानसिक सेहत के लिहाज़ से भी बेहद फायदेमंद है। इसलिए अपने आप को फिट और ऊर्जा से भरपूर रखने के लिए लोग सुबह के समय वॉक करना पसंद करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं सुबह की वॉक से पहले आपको इन कुछ ज़रूरी बातों का ख़ास ख्याल रखना चाहिए। अगर आप सुबह वॉक से पहले इन बातों का ध्यान नहीं रखेंगे तो फायदे की जगह आपके स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।**

### वॉक से पहले पानी ज़रूर पिएं

जब आप उठते हैं तो आपके शरीर में पहले से ही पानी की कमी हो रही होती है। आप 6-8 घंटे तक एक घूंट भी पानी पिए बिना रह चुके होते हैं। इसलिए, बिना पानी पिए टहलने के लिए निकलना खतरनाक हो सकता है। अगर आपके शरीर में पहले से ही तरल पदार्थ की कमी है, तो पसीने की कमी से तेजी से डिहाइड्रेशन हो सकता है जिससे मांसपेशियों में ऐंठन, सिरदर्द और थकान हो सकती है। इसलिए सुबह उठते ही एक या दो गिलास पानी पिएँ।

### खाली पेट वॉक करने न जाएँ

कई लोगों को लगता है कि खाली पेट वॉक करने से वजन तेजी से कम होगा। जबकि ऐसा नहीं है, अगर आप भूखे पेट वॉक करने जाते हैं तो चक्कर या सिरदर्द महसूस हो सकता है। कम रक्त शर्करा के कारण कमजोरी, मतली या टहलने के दौरान बेहोशी भी महसूस हो सकती है। ऐसे में वॉक से पहले पूरा नाश्ता करने की ज़रूरत नहीं है। लेकिन कुछ हल्का फुल्का खाना ठीक रहेगा। जैसे एक केला, मुट्ठी भर भीगे हुए बादाम, टोस्ट का आधा टुकड़ा या एक छोटी सी फ्रूट स्मूदी।

### वार्म-अप ज़रूर करें

वॉक से पहले एक छोटा सा स्ट्रेच रूटीन आपके हेल्दी और फिट शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। इसलिए, भले ही आप सुबह के समय सिर्फ़ 30 मिनट ही वॉक क्यों न चल रहे हों। कम से कम 3-5 मिनट का वार्म-अप जरूर करें। वार्म अप में आप एड़ियों को घुमाएँ, हल्के से पैर के अंगूठे को छूएँ, कंधे को हिलाएँ और गर्दन को घुमाएँ।

### वॉक से पहले कैफीन का इस्तेमाल ज़्यादा न करें

वॉक से पहले कई लोग एक गर्म कप चाय या कॉफ़ी पीना पसंद करते हैं। लेकिन वॉक से पहले कैफीन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। कुछ लोगों के लिए, खाली पेट कैफीन वॉक के दौरान एसिडिटी या पेट खराब होने का कारण बन सकता है। अगर, आप ऐसे व्यक्ति हैं जो चाय या कॉफ़ी के बिना काम नहीं कर सकते, तो वॉक के बाद इसे पीने की कोशिश करें। इस तरह, पाचन क्रिया सक्रिय रहेगी, आप फिर से हाइड्रेट होंगे।

# शरीर को कमजोर बना सकती है प्रोटीन की कमी

अगर आपके शरीर में किसी भी पोषक तत्व की कमी पैदा हो जाए, तो सेहत से जुड़ी कई समस्याएं आपके शरीर पर हमला बोल सकती हैं। यही वजह है कि हेल्थ एक्सपर्ट्स अक्सर हेल्दी और बैलेंस्ड डाइट प्लान को फॉलो करने की सलाह देते हैं। प्रोटीन शरीर के लिए एक जरूरी तत्व है। आइए इस तत्व की कमी की वजह से शरीर में दिखाई देने वाले कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं।

थकान और कमजोरी

प्रोटीन की वजह से आप एनर्जेटिक महसूस करते हैं। अगर आपको हर समय थकान और कमजोरी महसूस होती रहती है, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि मसल पेन भी इसी पोषक तत्व की कमी का संकेत साबित हो सकता है।




ज्यादा भूख लगना

प्रोटीन की कमी की वजह से आपको ज्यादा भूख लग सकती है या फिर खाने के बाद भी पेट खाली लग सकता है। अगर आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई है, तो आपके घाव भी धीरे-धीरे भर पाएंगे। प्रोटीन की कमी की वजह से आपको सडन वेट लॉस का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा अगर आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो गई है और आप बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, तो ये लक्षण भी प्रोटीन की कमी की तरफ इशारा कर सकता है।

गौर करने वाली बात - प्रोटीन की कमी न केवल आपके शरीर पर बल्कि आपकी त्वचा और आपके बालों पर भी नेगेटिव असर डाल सकती है। क्या आपकी त्वचा रूखी, फटी या फिर खुरदुरी हो गई है? अगर हां, तो हो सकता है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पैदा हो गई हो। बाल झड़ना या फिर नाखून टूट जाना भी इस पोषक तत्व की कमी का संकेत हो सकता है।

# हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे हैं, तो खाली पेट कर लीजिए इन चीजों का सेवन

### जोड़ों के दर्द से मिल जाएगी राहत

क्या आप जानते हैं कि जब आपके शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो आपको जोड़ों में असहनीय दर्द और सूजन हो सकती है? यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अगर आप खाली पेट सही मात्रा में पोषक तत्वों से भरपूर कुछ चीजों का सेवन करते हैं, तो आपको हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

### फायदेमंद साबित होगा आंवला

दादी-नानी के जमाने से आंवला को सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता रहा है। यूरिक एसिड के स्तर पर काबू पाने के लिए आप आंवला को अपने डेली डाइट प्लान में शामिल कर लेना चाहिए। हर रोज सुबह खाली पेट एक आंवला खाएं या फिर गुनगुने पानी के साथ आंवला पाउडर को मिक्स कर कंज्यूम कर लें।

### पी सकते हैं नींबू का पानी

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक हाई यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप नींबू पानी का सेवन भी कर सकते हैं। विटामिन सी रिच नींबू पानी यूरिक एसिड को न्यूट्रल करने में कारगर साबित हो सकता है। सुबह-सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में हाफ नींबू निचोड़कर पी जाएं और खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस करें। अगर आप चाहें तो औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में पोषक तत्वों वाले शहद को भी मिक्स कर सकते हैं।

### अलसी के बीज फायदेमंद

क्या आप जानते हैं कि अलसी के बीज में पाए जाने वाले तत्व यूरिक एसिड की समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो सकते हैं? एक स्पून अलसी के बीज को रात भर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी के साथ कंज्यूम कर लें। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए खाली पेट अलसी के बीज खाएं।



# सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखने उतरेगी सीएसके

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम शुक्रवार को अपने घरेलू मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला करेगी। सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। ऐसे में उसका प्रयास इस मैच में जीत के साथ ही अपने सत्र का समापन करना रहेगा। दूसरी ओर सीएसके के लिए ये मैच बेहद अहम है। उसे अपने प्लेऑफ की उम्मीदें बनाये रखने ये मैच हर हाल में जीतना होगा।

सीएसके के अभी 11 मैचों में 12 अंक लेकर 5वें स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने सभी बचे हुए मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे।

आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनो ही टीमों के बीच अब तक 7 मुकाबले हुए हैं। इसमें से तीन सुपर जायंट्स ने जबकि इतने ही सीएसके ने जीते हैं।

कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की सीएसके के पास संजू सैमसन, डेवाल्ड ब्रेविस जैसे बल्लेबाज हैं। सैमसन ने अब तक इस सत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है और सीएसक को उनसे बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। टीम के पास गेंदबाजी में अंशुल कंबोज के अलावा नूर अहमद जैसे स्पिनर है। टीम को जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखा जाये तो सीएसके जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है।

वहीं ऋषभ पंत की कप्तानी में उतर रही सुपर जायंट्स का प्रदर्शन सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल तीन मैच जीतकर 6 अंक हासिल कर पायी है। टीम में निरंतरता की कमी नजर आयी है। उसकी बल्लेबाजी बेहद खराब रही है। गेंदबाजी में केवल युवा प्रिंस यादव ही प्रभावित कर पाये हैं। अन्य गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा है। यहां तक की अनुभवी मोहम्मद शमी भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।




### टीम इस प्रकार है

**लखनऊ सुपर जायंट्स:** ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), मिचेल मार्श, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, एडेन मार्करम, अक्षत रघुवंशी, हिम्मत सिंह, शाहबाज अहमद, मोहम्मद शमी, दिग्वेश सिंह राठी, प्रिंस यादव, इम्पैक्ट प्लेयर- आवेश खान

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान) संजू सैमसन (विकेटकीपर), (कप्तान), उर्विल पटेल, कार्तिक शर्मा, डेवाल्ड ब्रेविस, शिवम दुबे, अकील होसेन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, मैट हेनरी/स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, इम्पैक्ट प्लेयर- प्रशांत वीर

# सिंधु और लक्ष्य सेन थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



बैंकाक (एजेंसी)। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा।

वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16-21, 21-11, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23-21, 21-11 से मात दी।

# विराट ऑरेंज कैप की दौर में तीसरे नंबर पर भुवनेश्वर पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर पहुंचे

रायपुर (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच हुए मुकाबले के बाद एक बार फिर ऑरेंज और पर्पल कैप दावेदारों में बदलाव आया है। केकेआर के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर आरसीबी के विराट कोहली एक बार फिर ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में भी आरसीबी के ही भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर पहुंच गये हैं। विराट ने केकेआर के खिलाफ नाबाद 105 रनों की तेज पारी खेली। यह कोहली के आईपीएल करियर का नौवां शतक था, जिसने उन्हें ऑरेंज कैप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया। वहीं, गेंदबाजी सूची में सनराइजर्स हैदराबाद के अनुभवी गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार 22 विकेटों के साथ शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जिससे पर्पल कैप की दौड़ भी तेज हो गई है।

विराट के अब इस सत्र की 12 पारियों में अब तक कुल 484 रन हो गये हैं। उन्होंने यह रन 165.75 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से बनाए हैं, जो उनकी आक्रामक बल्लेबाजी का दिखाते हैहै। इस पारी ने उन्हें सीजन में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरा स्थान दिलाया है, जिससे ऑरेंज कैप जीतने की उनकी उम्मीदें और बढ़ गई हैं। ऑरेंज कैप की दौड़ अब बेहद रोमांचक हो गई है। विराट के आगे अब केवल दो बल्लेबाज सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन, जिन्होंने 508 रन बनाए हैं, और गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन, जिनके खाते में 501 रन दर्ज हैं। वहीं चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा 481 रनों के साथ मौजूद हैं, जबकि दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान केएल राहुल 477 रनों के साथ पांचवें नंबर पर हैं। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल भी 467 रनों के साथ दावेदारों में बने हुए हैं, जिससे आगामी मैच और भी दिलचस्प हो गए हैं। वहीं गेंदबाजी में पर्पल कैप की दौड़ भी रोमांचक हो गयी है। भुवनेश्वर केकेआर के खिलाफ एक विकेट लेने के बाद 22 विकेट लेकर नंबर एक पर पहुंच गये हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के कगिसो रबाडा को पीछे छोड़ दिया है, जिनके 21 विकेट हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के युवा अंशुल कम्बोज 19 विकेटों के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के प्रिंस यादव, गुजरात टाइटंस के राशिद खान, केकेआर के कार्तिक त्यागी और सनराइजर्स हैदराबाद के इशान मलिंगा सभी 16-16 विकेटों के साथ चौथे स्थान पर संयुक्त रूप से काबिज हैं।

# आरसीबी से हार के साथ ही केकेआर के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें समाप्त हुई

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रदर्शन इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में अच्छा नहीं रहा है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 11 वें मुकाबले में हार के साथ ही टीम के प्लेऑफ में पहुंची की बची हुई संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं। केकेआर अभी टीम अंक तालिका में आठवें स्थान पर फिसल गयी है।

अभी के हालातों को देखते हुए केकेआर की कोई संभावना नहीं बची है। टीम ने अब तक खेले गए 11 मैचों में से चार जीते हैं और एक का परिणाम नहीं निकला। इस प्रकार उसके केवल 9 अंक हैं। वहीं लीग स्तर में अब उसे केवल तीन मैच खेलने हैं। वहीं प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए कुल 16 अंकों की जरूरत होती है। केवल कुछ अवसरों पर ही 14 अंक में प्लेऑफ की संभावना बन सकती है पर ये तभी होगा जब शीर्ष चार टीमों में से कोई भी 16 अंक तक न पहुंचे। केकेआर अपने बचे हुए तीनों मैच जीत भी लेती है, तो उनके कुल अंक केवल 15 ही हो पाएंगे। यह




आंकड़ा प्लेऑफ की दौड़ में शामिल कई अन्य टीमों के संभावित अंकों से काफी कम है।

केकेआर के लिए सबसे बड़ी चुनौती अंक तालिका में उनसे ऊपर मौजूद टीमों का प्रदर्शन है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस के पहले ही 16-16 अंक हो गये हैं। इनके अलावा, सनराइजर्स हैदराबाद 12 मैचों में 14 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और उसे अभी दो मैच खेलने हैं। दोनों मैच जीतने पर वह 18 अंकों तक पहुंच सकती है। पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और उसके पास तीन मैच बचे हैं, जिससे वह 19 अंकों तक जा सकती है। इसी तरह, चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स भी दौड़ में बनी हुई हैं। दोनों टीमों के पास 12-12 अंक हैं और उन्हें अभी तीन-तीन मैच खेलने हैं। ये दोनों टीमें भी अपने सभी बचे हुए मैच जीतकर 18 अंकों के आंकड़े तक पहुंच सकती हैं। दिल्ली कैपिटल्स भी इस दौड़ में शामिल है पर उसे भी हर मैच जीतना होगा। इससे साफ है कि केकेआर, अपने अधिकतम 15 अंकों के साथ, इन प्रतिस्पर्धी टीमों के बीच टिके नहीं रह सकती क्योंकि अन्य सभी 16 या उससे अधिक अंक हासिल कर सकती हैं।

# आईपीएल में पिछले छह सत्र से असफल रहे हैं शाहरुख

मुम्बई ।इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कुछ ऐसे भी खिलाड़ी रहे जो हर सत्र में असफल होने के बाद भी करोड़ों की कमाई करने में सफल रहे हैं ।ऐसे ही एक खिलाड़ी है। तमिलनाडु की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलने वाले शाहरुख खान। पिछली छह आईपीएल सत्र में शाहरुख ने अलग-अलग फैंचाइजियों की ओर से खेला है पर एक बार भी वह सफल नहीं हुए हैं ।इस प्रकार देखा जाये तो पिछले छह सालों में फेंचाइजी टीमों ने इस खिलाड़ी पर 38 करोड़ रुपये से अधिक लुटा दिये हैं पर परिणाम शून्य रहा है। बल्ले और गेंद से उनका प्रदर्शन अब तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया है। इस सत्र में भी वह गुजरात टाइटंस की ओर से 9 मैचो में 130.30 की स्ट्राइक रेट से केवल 43 रन बना पाये हैं ।इस क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी और ऑफ-स्पिन गेंदबाजी के लिए एक बेहतरीन फिनिशर के तौर पर जाना जाता था। 100 से अधिक टी20 मुकाबलों में निचले क्रम में तेज रन बनाने की क्षमता ने उन्हें आईपीएल



फेंचाइजियों की नजरों में ला दिया। सबसे पहले साल 2021 में पंजाब किंग्स ने उन्हें 5.25 करोड़ रुपये में खरीदा पर उनका सत्र सामान्य रहा ।पंजाब किंग्स ने उन्हें 2022 और 2023 सीजन के लिए 9-9 करोड़ रुपये में रिटेन किया। शुरुआती कुछ मैचों में उन्होंने अपनी पावर हिटिंग की झलक भी दिखाई, लेकिन निरंतरता का अभाव रहा। इसके बावजूद, आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में गुजरात टाइटन्स ने उन्हें 7.4 करोड़ रुपये में अपनी टीम में शामिल किया। गुजरात ने उन पर लगातार भरोसा बनाए रखा और 2025 तथा 2026 सीजन के लिए 4-4 करोड़ रुपये में रिटेन किया, जिससे उन पर कुल खर्च की गई राशि 38 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर गई।

# हर कोई बात कर रहा है कि यह आईपीएल अगली पीढ़ी का है, कोहली ने आलोचकों को शतक से जवाब दिया : गावस्कर




रायपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के 60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने IPL के मैच में KKR को 6 विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गावस्कर ने 'स्टार स्पोटर्स' पर कहा, 'विराट कोहली ने KKR के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढ़ी का है लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है।' उन्होंने कहा, 'टी20 शतकों के मामले में वह 10 शतक के साथ क्रिस गेल और बाबर आजम के बाद तीसरे नंबर पर है। उसने टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे किए और IPL में नौ शतक लगा चुका है। रिकॉर्ड टूटने के लिए बनते हैं लेकिन कोहली अगर मैच दर मैच, सत्र दर सत्र ऐसे ही खेलता रहा तो किसी को भी वहां तक पहुंचने में लंबा समय लगेगा।' गावस्कर ने यह भी कहा कि चचक्रद्वारा कोहली का कैच टपकाना मैच का निर्णायक पल रहा। उन्होंने कहा, 'RCB के खिलाफ मैच से पहले केकेआर कैच लपकने के मामले में बेहतरीन थी लेकिन यह कैच छोड़ना काफी महंगा पड़ा।'

# फीफा विश्व कप के मेगा हाफटाइम शो में नजर आयेंगी मैडोना, बीटीएस और शकीरा

### -उद्घाटन समारोह में कार्यक्रम पेश करेगी नोरा फतेही

लॉस एंजेलिस (एजेंसी)। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के मेगा हाफटाइम शो में इस बार पॉप सिंगर मैडोना, पॉप स्टार शकीरा के अलावा दक्षिण कोरिया की बीटीएस भी कार्यक्रम पेश करेगी जबकि उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही कार्यक्रम पेश करेंगी। इस प्रकार ये विश्वकप दूनिया भर के फुटबॉल प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा। अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस विश्वकप में अमेरिकी सुपर बाउल की तरह ही एक मेगा हाफटाइम शो का आयोजन भी किया जाएगा।

फीफा ने हाल ही में एक टीजर वीडियो जारी कर इस मेगा इवेंट की घोषणा की है। इस वीडियो में मशहूर संगीतकार क्रिस मार्टिन और



लोकप्रिय कार्टून कैरेक्टर एल्मो के साथ मपेट शो के कई किरदार भी दिखे। जिन्होंने मैडोना, बीटीएस और शकीरा जैसे ग्लोबल आइकॉन के नामों की घोषणा की। इसके बाद से ही सोशल मीडिया में प्रशंसकों में उत्साह है।

इस हाफटाइम शो से होने वाली संपूर्ण कमाई फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड को दान की जाएगी। इस नेक पहल का मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के जरूरतमंद बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और फुटबॉल की बेहतर सुविधाएं पहुंचाना है। इस फंड के माध्यम से लगभग 100 मिलियन डॉलर जुटाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि लाखों बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाया जा सके।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को न्यू जर्सी में खेला जाएगा, जबकि टूर्नामेंट की शुरुआत 11 जून से होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर नोरा फतेही भी समारोह में कार्यक्रम पेश करेंगी। नोरा कनाडा के टोरंटो में स्थित बीएमओ फील्ड में 12 जून को होने वाले इस भव्य समारोह में गायन और नृत्य दोनों प्रस्तुत करेंगी। उनके साथ कनाडा के दिग्गज कलाकार माइकल बुबले, अलानिस मोरिसेट और एलेसिया कारा सहित कई बड़े कलाकर भी मंच पर नजर आयेंगे।

# नेशंस कप से पहले अभ्यास के लिए ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जाएगी भारतीय महिला हॉकी टीम

नई दिल्ली ।भारतीय महिला हॉकी टीम 15 से 21 जून तक न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी वूमेंस नेशंस कप 2025-26 की तैयारियों के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया जाएगी। हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम 21 मई से 3 जून तक ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में अभ्यास मैच खेलेगी। वहीं टीम के कोच स्जोर्ड मारिजने के अनुसार अभ्यास मैचों से खिलाड़ियों को बड़े टूर्नामेंट से पहले हालातों के अनुसार ढलने में सहायता मिलेगी। वहीं हॉकी इंडिया के अनुसार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे में वहां की राष्ट्रीय टीम से चार मुकाबले खेलेगी। ये मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26, 27, 29 और 30 मई को आयोजित होंगे। इन मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम अपनी कमजोरियों को दूर रते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देगी।

इसके अलावा टीम न्यूजीलैंड भी अभ्यास के लिए जाएगी। यहां भी टीम अभ्यास मैच खेलेगी। भारतीय टीम ने इस साल की शुरुआत में अर्जेंटीना दौरे पर अच्छा प्रदर्शन किया था जिससे उसके हौंसले बुलंद हैं। अर्जेंटीना दौरे से वापसी के बाद भारतीय महिला टीम ने बेंगलुरु स्थित साई शिविर में अभ्यास किया था। इस दौरान खिलाड़ियों की फिटनेस, पेनल्टी कॉर्नर और डिफेंस पर खास ध्यान दिया गया। वहीं ड्रैग-फ्लिकर्स को नीदरलैंड हॉकी के विशेषज्ञ टकेइ टकेमा 26 मई से 21 जून तक पर्थ और ऑकलैंड में प्रशिक्षण देंगे। कोच ने कहा, हमें खुशी है कि हॉकी इंडिया ने इस दौरे का आयोजन किया। इन मैचों से हमें अपनी कमजोरियां को दूर करने का अवसर मिलेगा। अर्जेंटीना दौरे में हमने टीम का स्तर देखा था और अब हम अपनी प्रगति को परख पाएंगे।

# मेसी के अच्छे प्रदर्शन से इंटर मियामी ने सिनसिनाटी को 5-3 से हराया



सिनसिनाटी ।कप्तान लियोनेल मेसी के दो गोल की सहायता से इंटर मियामी सीएफ ने एफसी सिनसिनाटी को 5-3 से हरा दिया। इस रोमांचक जीत के साथ ही इंटर मियामी ने एमएलएस रेगुलर सीजन के शुरुआती नौ मुकाबलों में सबसे अधिक क 22 अंक हासिल करने के एफसी सिनसिनाटी (2024) के रिकॉर्ड की बराबरी की है। इस मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। मियामी ने 24वें मिनट में मेसी के गोल से बढ़त हासिल की। यह इस सीजन में उनका 10वां गोल था। इसके बाद मेजबान एफसी सिनसिनाटी ने हाफ टाइम से ठीक पहले, 44वें मिनट में पैनाल्टी कार्नर पर केविन डेन्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबरी पर ला दिया। वहीं दूसरे हाफ की शुरुआत से ही सिनसिनाटी का प्रदर्शन अच्छा रहा। पावेल बुचा ने 49वें मिनट में गोल दागकर अपनी टीम को 2-1 की बढ़त दिला दी। इसके बाद इंटर मियामी पर दबाव बढ़ गया पर मेसी ने 55वें मिनट में, डी पॉल के सटीक पास को गोल में बदलकर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। यह इस सत्र में उनका 11वां गोल था, सिनसिनाटी ने 64वें मिनट में एवांडर के गोल से एक बार फिर 3-2 से बढ़त बना ली। इंटर मियामी ने इसके बाद जबरदस्त हमले करते हुए बचे हुए समय में गोल दागकर स्कोर 3-3 से बराबरी पर ला दिया। मियामी की ओर से 84वें मिनट में जर्मन बर्टेराम ने गोल कर स्कोर 4-3 पर पहुंचा दिया। वहीं अंतिम क्षणों में सिनसिनाटी के गोलकीपर रोमन कैलेटानो की गलती से एक आत्मघाती गोल हो गया जिससे मियामी ने 5-3 से मुकाबला जीता लिया।

# नीरज चोपड़ा का रोम डायमंड लीग में खेलना संदिग्ध

नई दिल्ली ।ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा अगले माह रोम में होने वाले डायमंड लीग भाला फेंक टूर्नामेंट में शायद ही खेल पायें। इसका कारण है कि नीरज अब तक अपनी पीठ की चोट से नहीं उबर पाये हैं। इसी कारण 4 जून को इटली में होने वाली इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए शुरुआती सूची में नीरज का नाम शामिल नहीं है। नीरज अगर नहीं उतरते हैं तो ये प्रशंसकों के लिए निराशाजन होगा। नीरज पिछले साल विश्व चैंपियनशिप से ही फिटनेस से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे। इसी कारण अभी वह तुर्की में रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। अभी उनका लक्ष्य पूरी तरह से फिटनपेस हासिल करना है। वहीं भारत के ही युवा खिलाड़ी सचिन यादव इस टूर्नामेंट से डायमंड लीग में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। सचिन ने पिछले कुछ समय में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में नीरज के नहीं खेलने पर वह भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगे। उन्होंने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन करते हुए 86.27 मीटर का अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया था और एक टूर्नामेंट में चौथा स्थान हासिल किया था। रोम में दुनिया के कुछ शीर्ष एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा से भी सचिन को लाभ होगा। रोम डायमंड लीग में चेक गणराज्य के याकूब वाडलेज और जर्मनी के जूलियन वेबर शामिल जैसे दिग्गज भी शामिल रहेंगे। इसके अलावा पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स भी अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने का प्रयास करेंगे। श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिराज इस सीज़न की शुरुआत में 89.37 मीटर का प्रभावशाली थ्रो दर्ज करने के बाद में इस इवेंट में एक बड़े दावेदार के तौर पर उतरेंगे। ओलंपिक चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर, अमेरिकी एथलीट कर्टिस थॉम्पसन और पोलैंड के डेविड वेगनर भी यहां नजर आयेंगे।

# वैभव सूर्यवंशी की भारतीय टीम में एंट्री, श्रीलंका ट्राई सीरीज में खेलते नजर आएंगे 15 वर्षीय बल्लेबाज

मुंबई (महाराष्ट्र) (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की पुरुष चयन समिति ने गुरुवार को श्रीलंका में होने वाली आगामी एक दिवसीय ट्राई-सीरीज के लिए इंडिया टीम की घोषणा की। सीरीज जून में खेली जाएगी। भारतीय स्टार बल्लेबाज तिलक वर्मा टीम की कप्तानी करेंगे जबकि 15 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी, जिनका IPL 2026 सीजन शानदार रहा है, को भी टीम में शामिल किया गया है।

IPL टीम राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग को भारत की आगामी ट्राई-सीरीज के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। टीम में प्रतिभाशाली और होनहार घरेलू खिलाड़ियों का मिश्रण है, जिनमें प्रियांश आर्य, आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, विपराज




निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज और अरशद खान शामिल हैं।

यह चयन भविष्य के अंतर्राष्ट्रीय असाइनमेंट के लिए युवा प्रतिभाओं को तराशने पर इंडिया ए के निरंतर फोकस को दर्शाता है, जिसमें कई IPL और घरेलू खिलाड़ियों को ट्राई-सीरीज के लिए टीम में जगह मिली है। इस ट्राई-सीरीज में मेजबान श्रीलंका ए, इंडिया ए और अफगानिस्तान ए टीमें हिस्सा लेंगी। सीमित ओवरों की ट्राई-सीरीज के बाद इंडिया ए, श्रीलंका ए के खिलाफ दो मल्टी-डे मैच भी खेलेगी; इन रेड-बॉल मैचों के लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी। व्हाइट-बॉल सीरीज दांबुला में खेली जाएगी, जबकि मल्टी-डे मैच गाले में होंगे।

श्रीलंका में होने वाली ट्राई-सीरीज 9 जून से शुरू होगी जिसका पहला मैच इंडिया ए और श्रीलंका ए के बीच खेला जाएगा। दूसरा मैच 11 जून को होगा, जिसमें इंडिया ए का मुकाबला अफगानिस्तान ए से होगा। अफगानिस्तान ए का मुकाबला 13 जून को श्रीलंका ए से होगा। सीरीज का चौथा मैच 15 जून को निर्धारित है, जिसमें इंडिया ए एक बार फिर श्रीलंका ए का सामना करेगी, जिसके बाद 17 जून को इंडिया ए बनाम अफगानिस्तान ए मैच होगा। 19 जून को, टूर्नामेंट के छठे मैच में अफगानिस्तान ए का मुकाबला श्रीलंका ए से होगा। ग्रुप चरण का समापन रविवार, 21 जून 2026 को त्रिकोणीय श्रृंखला फाइनल के साथ होगा।

### त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत ए टीम

तिलक वर्मा (कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग (उप-कप्तान), आयुष बडोनी, निशांत सिंधु, हर्ष दुबे, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), विप्रज निगम, यश ठाकुर, युद्धवीर सिंह, अंशुल कंबोज, अरशद खान।

## नीट पेपर लीक :पीलीभीत में एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन, प्रधान का पुतला दहन

लखीमपुर खीरी (एजेंसी)। यूपी के लखीमपुर खीरी के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर में नीट अभ्यर्थी रितिक मिश्रा का शव बृहस्पतिवार को कमरे में फंदे से लटका मिला। मूल रूप से धौरहरा क्षेत्र के कटौली गांव निवासी रितिक हाल ही में कानपुर में राष्ट्रीय पात्रता व प्रवेश परीक्षा (नीट) देकर लौटा था। परिजनों के अनुसार नीट पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने के बाद से रितिक मानसिक तनाव में था। मृतक के पिता अनूप मिश्रा ने बताया कि रितिक ने तीसरी बार परीक्षा दी थी। इससे पहले उसके कम नंबर आए थे। इस बार उसे उम्मीद थी कि वह नीट क्लीयर कर लेगा, लेकिन पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने से वह दुखी हो गया। परिजन उसे लगातार समझ रहे थे, लेकिन उसने किसी वक्त आत्मघाती कदम उठा लिया। छात्र की मौत से माता-पिता रो-रोकर बेहाल हैं। पड़ोसी भी घटना से स्तब्ध हैं। उन्होंने बताया कि रितिक पढ़ने में बहुत होशियार था। वह ऐसा कदम उठा लेगा, यह किसी ने नहीं सोचा। घटना के लोग नीट कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को कोसते दिखे। वहीं छात्र की मौत होने की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## लाल किला विस्फोट केस : एनआईए ने 10 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आज लाल किला इलाके में कार बम विस्फोट मामले में 10 आरोपियों के खिलाफ 7,500 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया है। पिछले वर्ष 10 नवंबर को राष्ट्रीय राजधानी को दहला देने वाले इस उच्च तीव्रता के विस्फोट में 11 लोगों की मौत थी, कई लोग घायल हुए थे और बड़े पैमाने पर संपत्ति को नुकसान पहुंचा था। एनआईए के अनुसार, मुख्य आरोपी डॉ. उमर उन नबी (मृत) समेत सभी 10 आरोपी अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े थे, जो भारतीय उपमहाद्वीप में अल-कायदा (एक्यूआईएस) का एक सहयोगी संगठन है। आरोपपत्र यहां पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए की विशेष अदालत में दाखिल किया गया। गृह मंत्रालय ने जून 2018 में एक्यूआईएस और उससे जुड़े सभी संगठनों को आतंकवादी संगठन घोषित किया था।

## पवन खेड़ा गुवाहाटी पहुंचे, पुलिस के सामने पेशी

गुवाहाटी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता और प्रवक्ता पवन खेड़ा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी से जुड़े आरोपों के मामले में गुवाहाटी क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन पहुंचे। सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद खेड़ा ने कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग कर रहे हैं। यह मामला मुख्यमंत्री की पत्नी रिनिकी भुयान सरमा पर खेड़ा द्वारा लगाए गए पासपोर्ट विवाद के आरोपों से जुड़ा है, इसके तहत खेड़ा को पुलिस के सामने पेश होना पड़ा। यह विवाद अप्रैल में तब शुरू हुआ जब कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी सरमा के पास भारत, संयुक्त अरब अमीरात और मिस्र के तीन पासपोर्ट हैं। खेड़ा ने दुबई में उनकी कुछ अज्ञात संपत्तियों और अमेरिका के व्योमिंग में एक कंपनी होने का दावा किया था। हालांकि, सरमा परिवार ने इन दावों को पुरजोर खंडन कर इन्हें पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूहों द्वारा प्रसारित एआई-निर्मित मनगढ़ंत कहानियाँ बताया था। आरोपों के जवाब में, मुख्यमंत्री सरमा ने पहले ही कड़ी कार्रवाई की कसम खाकर कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी थी। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था कि आरोप लगाने से पहले उन्हें विदेश मंत्री से पूछना चाहिए था। सीएम सरमा ने सुझाव दिया था कि राहुल गांधी ने खेड़ा को ये फर्जी दस्तावेज दिए और कहा था, हमें डराने की कोशिश मत करो। यह असम है, और हम लोगों ने इस्लामी आक्रमण के खिलाफ 17 बार लड़ाई लड़ी है। मुख्यमंत्री ने दावा भी किया था कि पुलिस के उनके दिल्ली आवास पर जाने के बाद खेड़ा हैदराबाद भाग गए थे। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने खेड़ा को अग्रिम जमानत दी थी, जो सरमा को कथित रूप से बदनाम करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने के आरोपों से संबंधित है।

## पत्नी के कैरेक्टर पर था शक, सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

कोटपूतली (एजेंसी)। कोटपूतली बहरोड जिले में पति ने पत्नी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर में बंद कर दिया और फिर खाटू श्याम मंदिर दर्शन करने चला गया। तीन दिन बाद घर से बदबू आने पर पड़ोसियों को शक हुआ तो पुलिस को सूचना दी। आरोपी के गांव लौटते ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। यह घटना महतवास गांव की है, जो मांडण थाना क्षेत्र में आता है। मीडिया रिपोर्ट में पुलिस का कहना है कि कपिल सेन ने अपनी पत्नी मोनिका (36) की सोते समय कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। नीमराणा एडिशनल एसपी ने बताया कि 10 मई की सुबह सूचना मिली थी कि महतावास गांव में कपिल सेन के मकान से बदबू आ रही है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। घर के अंदर जाकर देखा तो कपिल सेन की पत्नी मोनिका का शव खून से लथपथ हालत में बेड पर पड़ा था। दीवारों और जमीन पर खून के निशान थे। इसके बाद जब पति 12 मई को गांव लौटा तो उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## फिल्म में महिला पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर पंजाबी एक्टर फिर विवादों में

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के अभिनेता योगराज सिंह फिर विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ चंडीगढ़ के एसएसपी को एक औपचारिक शिकायत दी गई है। यह शिकायत उनकी वायरल क्लिप में महिला पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही एक महिला को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के संबंध में दर्ज करवाई गई है। फिल्मों में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक और गलत शब्दावली के इस्तेमाल पर आपत्ति जताई है और कार्रवाई की मांग की है। पुलिस से फिल्म के निर्देशक/निर्माताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एडवोकेट उज्ज्वल भसीन द्वारा दी गई इस शिकायत में योगराज सिंह समेत उक्त कंटेंट के निर्माण, निर्देशन और प्रसारण से जुड़े लोगों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि उक्त टिप्पणी महिलाओं के प्रति अपमानजनक और अभद्र है। आरोप है कि इस दौरान योगराज सिंह द्वारा की गई एक टिप्पणी महिलाओं के प्रति आपत्तिजनक और अपमानजनक है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि वायरल वीडियो में इस्तेमाल की गई भाषा महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली है।

# अदालत पहुंची ममता बोलीं- हिंसा में बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों को नहीं बख्शा

### -कोर्ट रूम से बाहर ममता की मौजूदगी में लगे चोर-चोर के नारे

कोलकाता (एजेंसी)। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपनी पहली उपस्थिति दी। उन्होंने विधानसभा चुनाव के बाद बंगाल में हुई हिंसा से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं। ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट को 10 मृतकों की सूची सौंपी, जिसमें से छह के हिंदू होने का दावा है। उन्होंने गंभीर आरोप लगाकर कहा कि पुलिस की मौजूदगी में घरों और कार्यालयों को लूटा जा रहा था, लेकिन इन मामलों में प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई। उन्होंने एक 92 वर्षीय अनुसूचित जाति की विधवा और उसके परिवार को घर से बेदखल करने का मुद्दा भी उठाया। कलकत्ता हाईकोर्ट में तस्वीरें दिखाते हुए ममता बनर्जी अत्यंत भावुक हो गईं और बताया कि हिंसा में बच्चों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों तक को नहीं बख्शा गया। उन्होंने



खुलासा किया कि उनके अपने परिवार की 12 साल की बच्चियों को बलात्कार की धमकियां दी गई हैं। उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट से तत्काल बंगाल के लोगों को सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई, क्योंकि अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं।

अपनी दलीलों के दौरान, ममता ने राज्य प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पुलिस के सामने दुकानें और घर तोड़े जा रहे हैं, और मछली बाजारों को भी निशाना बनाया गया था। उन्होंने विनम्र निवेदन किया कि बंगाल के लोगों की रक्षा की जाए। फरार पार्टी कार्यकर्ताओं का विवरण देकर उन्होंने कहा कि बंगाल कोई ऐसा राज्य नहीं है, जहां बुलडोजर चलाया जा सके। हम लोगों ने प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में तोड़फोड़ की गई दुकानों और घरों का विवरण दिया है। पूर्व सीएम ममता ने कहा कि अनाधिकृत संरचना को ध्वस्त करते वक्त भी व्यक्तियों को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने सवाल उठाया कि अपराधी कानून को अपने हाथ में ले रहे हैं, तब पुलिस को अपराध रोकना चाहिए, न कि घटना घटने के बाद जांच करनी चाहिए? उन्होंने कहा कि पुलिस का कोई अस्तित्व ही नहीं है।

दरअसल, हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद पूरे राज्य में हिंसा की खबरें सामने आई थीं, जिसके बाद टीएमसी नेता कल्याण बनर्जी के बेटे शीर्षान्य बंदोपाध्याय ने कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका में पार्टी कार्यालयों, कार्यकर्ताओं पर हमलों और उनके विस्थापन का आरोप लगाया गया है। ममता ने मुख्य न्यायाधीश एचसी सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच के समक्ष अपनी दलीलें पेश कीं।

वहीं, जैसे ही ममता अपनी दलीलें पूरी कर कोर्ट रूम से बाहर निकलीं, वहां मौजूद लोगों ने उनके खिलाफ चोर-चोर के नारे लगाने शुरू कर दिए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। इन सबके बावजूद ममता बनर्जी ने अपनी कानूनी लड़ाई जारी रखने और बंगाल के लोगों के हक में खड़े रहने का संकल्प लिया।

## श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिवस रांची और बेंगलुरु में धूम धाम से मनाया गया

एजेंसी। विख्यात आध्यात्मिक प्रणेता श्री श्री रविशंकर जी के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर कल देर शाम तक रांची और बेंगलुरु में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए हैं। सर्वप्रथम सुबह 7 बजे से ऑक्सीजन पार्क, मोराबादी में विश्व शांति के लिए हस्ताक्षर कैंपेन आयोजित की गए जिसमे ४५० से भी अधिक व्यक्तियों ने योगदान दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व अपैक्स बॉडी मेम्बर सहेंद्र सिन्हा के नेतृत्व में हुआ। इस अवसर पर साध्वी आत्मस्वरुपा भी मौजूद थीं। दिन में १० बजे से राजयोग केंद्र में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या में लोगों ने भाग लियो दिन में निवारणपुर स्थित क्षितिज मूक और बधिर स्कूल में ८० छात्रों के बीच प्रसाद एवं बेडशीट वितरित किये गए और छात्रों के मनोरंजन के लिए कार्यक्रम किये गए। शाम 6 बजे आर्ट ऑफ लिविंग के रांची केंद्र प्रथम तल्ला, राजयोग केंद्र, जेल रोड, रांची में सर्वप्रथम गुरुपूजा के बाद सुमधुर भजनों का सत्संग आयोजित की गयी जिसमे मुख्य अतिथि अनूप बिरथरे, आई.जी. थे। विशिष्ट अतिथि राकेश सिंह, ट्रैफिक एस.पी. तथा प्रसाद डिप्टी डायरेक्टर थे। इसके उपरांत विश्व में १८२ देशों के साथ ध्यान, राष्ट्र के लिए प्रार्थना सभा एवं सुदर्शन होम किया गयो इसके पश्चात सभी के लिए महाप्रसाद ग्रहण किया। आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर, बेंगलुरु में एक लाख से अधिक लोगों की उपस्थिति; विश्व शांति के लिए गुरुदेव के साथ विश्व का सामूहिक कार्यक्रम में 182 देशों से लाखों लोग ऑनलाइन जुड़े।

## बंगाल में पशु वध पर शुभेंदु सरकार सख्त, बकरीद पर संकट के बादल

### अनिवार्य फिटनेस सर्टिफिकेट के बिना पशुवध नहीं



लखनऊ (एजेंसी)। कोलकत्ता (ईएमएस)।पश्चिम बंगाल की नई भाजपा सरकार ने पशु वध को लेकर कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 और 2018 के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर एक नोटिस जारी किया है। यह आदेश 26 मई को मनाई जाने वाली ईद उल-अजहा (बकरीद) से ठीक पहले सामने आया है, जिससे राज्य की सियासत गर्मा गई है।

नए नियमों के अनुसार, अब अनिवार्य फिटनेस सर्टिफिकेट के बिना किसी भी मवेशी या भैंस के वध पर पूर्ण प्रतिबंध लागू होगा। यह प्रमाणपत्र नगर पालिका या पंचायत समिति के अध्यक्ष द्वारा सरकारी पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ संयुक्त रूप से दिया जाएगा। दोनों अधिकारियों को लिखित में इस बात पर सहमत होना होगा कि पशु वध के योग्य है। प्रमाणपत्र केवल तभी मिलेगा जब पशु की आयु 14 वर्ष से अधिक हो, या वह वृद्धावस्था, चोट, विकृति या किसी लाइलाज बीमारी के कारण स्थायी रूप से अक्षम हो गया है।

वहीं अधिकारी सरकार ने सार्वजनिक वध पर रोक लगा दी है। पशुओं का वध केवल नगर पालिका की वधशाला या स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्दिष्ट वधशाला में ही हो सकता है। बंगाल पशु वध नियंत्रण अधिनियम, 1950 का उल्लंघन गंभीर अपराध माना जाएगा, जिस पर छह महीने तक की जेल, 1,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को फिटनेस सर्टिफिकेट देने से मना किया जाता है, तब वह इस निर्णय के विरुद्ध 15 दिनों के भीतर राज्य सरकार के पास अपील कर सकता है।

बात दें कि ममता बनर्जी के 15 साल के शासन को समाप्त करने के बाद सत्ता में आई शुभेंदु अधिकारी सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर निर्णयों की झड़ी लगा दी है। हालिया विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 294 सदस्यीय विधानसभा में 206 सीटें जीतकर निर्णायक जनादेश पाया है, जो पिछले चुनाव की 77 सीटों के मुकाबले एक बड़ी छलांग है। तृणमूल कांग्रेस 80 सीटों पर सिमटकर दूसरे स्थान पर रही है। ये कड़े नियम नई सरकार की नीतिगत प्राथमिकताओं का संकेत देते हैं।

# पी में आंधी-तूफान का कहर, 90 से ज्यादा मौतें, सैकड़ों पेड़ और बिजली के पोल उखड़े

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में आंधी-तूफान ने भारी तबाही मचाई है। तूफान में सैकड़ों पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल गिरे। फसलें बर्बाद हो गईं। आंधी-तूफान की चपेट में आकर 90 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन-प्रशासन की टीमें नुकसान के आकलन और प्रभावितों को फौरी मदद पहुंचाने की कोशिशों में जुटी हैं।

गौरतलब है कि बुधवार को यूपी के कई हिस्सों में तेज आंधी, बारिश कहर मचाया। पेड़ और पोल गिरने से बिजली व्यवस्था चरमरा गई। इस बीच राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में हादसों की चपेट में आकर कई लोगों की मौत हो गई। सबसे ज्यादा जनहानि बनारस, प्रयागराज और कानपुर मंडल में देखी गई है। भदौही में 18 लोगों की मौत की सूचना है। प्रयागराज में 17 और मिर्जापुर में 15 लोगों की मौत हो गई। इसी तरह उन्नाव में 10 बरेली-प्रतागढ़ में 4-4 और सीतापुर, कानपुर, संभल, हरदोई और चंदौली में दो-दो लोगों की मौत हो गई है। शाजहांपुर, लखीमपुर में भी एक-एक



व्यक्ति की मौत की रिपोर्ट है।

आंधी की शक्ल में आए तूफान ने कच्चे और फूस के मकान उजाड़ दिए। टेन शेड हवा में उड़ गए। रास्तों पर पेड़ गिरने से यातायात भी बाधित रहा और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। स्थानीय प्रशासनिक टीमें राहत-बचाव अभियान में जुटी रहीं। रास्तों से पेड़ हटाने और पोल को किनारे करके यातायात व्यवस्था सुचारू करने की मुहिम चली। इसी बीच बिजली व्यवस्था भी दुरुस्त करने के प्रयास जारी रहे। इसके अलावा जिन जगहों पर जानमाल का भारी नुकसान हुआ है। शासन-प्रशासन उसकी रिपोर्ट तैयार करके, पीड़ित परिवारों की मदद में लगा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावितों की हरसंभव मदद की जाए। सीएम ने कहा कि 24 घंटे के पीड़ितों को मुआवजा दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। ऐसा तो उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनहानि का संज्ञान लेते हुए 24 घंटे के अंदर पीड़ितों को मुआवजा देने का आदेश दिया है। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों समेत विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए राजस्व, कृषि विभाग और बीमा कंपनी से नुकसान का सर्वेक्षण कराकर शासन को भी अवगत कराने का आदेश दिया है।

## मैंने पहले से काफिले को छोटा किया और मंत्रियों-विधायकों के वेतन में की कटौती

### -सीएम सुक्खू बोले-बीजेपी ने अपने शासनकाल में फिजूलखर्ची कर संपदा को लूटा

मंडी (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू का कहना है कि प्रदेश के राज्यपाल ने अगर अपने काफिले में वाहनों की कटौती की है तो यह स्वागत योग्य कदम है। मंडी में नगर निगम चुनावों के प्रचार के दौरान सीएम सुक्खू ने कहा कि वे खुद इलेक्ट्रिक कार में सफर करते हैं, जो काफी छोटी है और उसका खर्च पेट्रोल से भी कम है। उन्होंने अपने काफिले के अलावा मंत्रियों के काफिलों में भी पहले से कटौती कर



रखी है। इसके अलावा मंत्रियों के वेतन में 30 प्रतिशत, जबकि विधायकों के वेतन में 20 प्रतिशत की अस्थाई कटौती की है। सरकार के इन्हीं प्रयासों से प्रदेश आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की तरफ आगे बढ़ रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सीएम सुक्खू ने विपक्षी दल बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी ने अपने शासनकाल में फिजूलखर्ची कर प्रदेश की संपदा को लुटाने का काम किया है। हजारों करोड़ के भवन खड़े कर दिए, जिनका आज कोई लाभ किसी को नहीं मिल रहा है। अब बीजेपी सत्ता में आने के सपने देख रही है, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि इसके लिए जनता की कसौटी पर खरा उतरना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी हिमाचल के लिए 1500 करोड़ के राहत पैकेज की घोषणा करके गए थे, जोकि प्रदेश को आज दिन तक नहीं मिला। इस विषय पर किसी भी बीजेपी नेता ने कभी बात नहीं की। प्रदेश सरकार लगातार आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास कर रही है, जिसके जल्द सार्थक परिणाम नजर आएंगे। शिमला के कमला नेहरू अस्पताल से गायनी वार्ड को शिफ्ट करने पर हाईकोर्ट द्वारा लगाई गई रोक पर सीएम सुक्खू ने कहा कि गायनी वार्ड को आईजीएमसी में इसलिए शिफ्ट किया गया था, ताकि वहां पर रोबोटिक सर्जरी हो सके। यह सब डॉक्टरों की मांग पर ही किया गया था। अब कुछ लोग इस फैसले के विरुद्ध में कोर्ट गए हैं। कोर्ट के फैसले का सरकार स्टडी करेगी।

# पूर्व सीएम अखिलेश के घर पहुंचते ही अपर्णा ने की बंद कमरे में बात

### बाहर खड़ा रहा पूरा परिवार

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन के बाद उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। बुधवार को लखनऊ के कालिदास मार्ग स्थित उनके आवास पर सांत्वना देने वालों का तांता लगा रहा। इस दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी वहां पहुंचे। अखिलेश यादव ने प्रतीक के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित किए और अपर्णा यादव से बंद कमरे में काफी देर तक बातचीत की।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शाम करीब चार बजे श्रद्धांजलि देने पहुंचे। उन्होंने परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और इसे एक अत्यंत दुखद क्षति बताया। शोक की इस घड़ी में राजनीतिक मतभेद पीछे छूट गए; जहाँ एक ओर शिवपाल यादव और डिंपल यादव ने परिवार को संभाला, वहीं भाजपा सांसद साक्षी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और कई अन्य दलों के नेता भी ढांढस बंधाने पहुंचे। अखिलेश यादव और साक्षी महाराज के बीच हुई भावुक मुलाकात भी चर्चा का विषय रही।

प्रतीक यादव के स्वास्थ्य को लेकर अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रतीक अपनी फिटनेस को लेकर काफी सजग थे। हालांकि, डॉक्टरों के अनुसार वे पल्मोनरी एंबॉलिज्म नामक गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, जिसमें फेफड़ों की धमनियों में खून के थक्के जम जाते हैं। मई के पहले सप्ताह में उनके पैर की सर्जरी भी हुई थी, जिसके बाद से उन्हें चलने-फिरने में समस्या और सूजन की शिकायत थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार रात जब प्रतीक की तबीयत बिगड़ी, तब घर पर उनकी दोनों बेटियां और घरेलू स्टाफ ही मौजूद था। सुबह करीब पांच बजे स्टाफ ने उन्हें कमरे में अचेत अवस्था में पाया। सिविल अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार, जब उन्हें सुबह छह बजे अस्पताल लाया गया, तब उनकी सांसें थम चुकी थीं। प्रतीक यादव के निधन से यादव परिवार और उनके समर्थकों के बीच गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। सैफई से लेकर लखनऊ तक हर कोई अपने प्रिय प्रतीक को अंतिम विदाई देने की तैयारी में जुटा है।

## शांति की भाषा पर संघ के साथ दिखे पूर्व सेना प्रमुख

### पाकिस्तान के साथ बातचीत पर दिया जोर

मुंबई (एजेंसी)। भारतीय सेना के पूर्व प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने पाकिस्तान के साथ भविष्य के संबंधों और संवाद को लेकर एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण साझा किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के उस बयान का पुरजोर समर्थन किया है, जिसमें



पाकिस्तान के साथ बातचीत और जन-संपर्क (पीपुल-टू-पीपुल कॉन्टैक्ट) को महत्व देने की बात कही गई थी। पूर्व सेना प्रमुख ने स्पष्ट किया कि दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और बेहतर द्विपक्षीय संबंधों के लिए नागरिकों के बीच आपसी संवाद एक प्रभावी माध्यम साबित हो सकता है।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जनरल नरवणे ने कहा कि सीमा के दोनों ओर रहने वाले आम लोगों की बुनियादी समस्याएं–रोटी, कपड़ा और मकान–एक जैसी हैं। उन्होंने तर्क दिया कि राजनीति से दूर, जब दोनों देशों के आम नागरिकों के बीच मित्रता और विश्वास का भाव पैदा होगा, तभी दोनों राष्ट्रों के बीच संबंधों में सुधार की उम्मीद की जा सकती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ट्रैक-टू कूटनीति यानी अनौपचारिक बातचीत और खेल आयोजनों जैसे माध्यमों से लोगों के बीच जुड़ाव होना चाहिए। पूर्व सेना प्रमुख के अनुसार, हमारे नागरिकों को यह समझना आवश्यक है कि सीमा पार रहने वाला हर व्यक्ति कट्टर दुश्मन नहीं होता।

हालांकि, शांति और संवाद की वकालत करने के साथ-साथ जनरल नरवणे ने भारत की सैन्य दृढ़ता को लेकर भी कड़ा संदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि बातचीत की इच्छा रखने का अर्थ यह कतई नहीं है कि भारत अपनी सैन्य शक्ति का उपयोग नहीं कर सकता। उनके शब्दों में, भारत हमेशा शांति की भाषा बोलने वाला देश रहा है, लेकिन यदि राष्ट्रीय सुरक्षा की बात आती है, तो हम जरूरत पड़ने पर बल प्रयोग करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाएंगे। यह बयान दत्तात्रेय होसबोले के उस हालिया बयान की निरंतरता में देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व ने भारत का भरोसा खो दिया है, इसलिए अब वहां के नागरिक समाज और आम लोगों को संवाद की कमान संभालनी चाहिए। जनरल नरवणे और संघ के नेता की इस जुगलबंदी ने रक्षा और कूटनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है कि क्या भारत अब पाकिस्तान के साथ नागरिक कूटनीति के जरिए नए रास्ते तलाशने की तैयारी में है।

# देश में मौसम का दोहरा मिजाज: एक ओर झुलसाती गर्मी, दूसरी ओर तूफान और मौतें

नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में वर्तमान समय मौसम का दोहरा मिजाज देखने को मिल रहा है। एक ओर राजस्थान के बाड़मेर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जो लगातार तीसरे दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, वहीं दूसरी ओर मध्य प्रदेश, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में ओले, तेज हवाओं और बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया। इस दौरान बिहार, महाराष्ट्र और केरल में आंधी-तूफान व बिजली गिरने से कुल 15 लोगों की दुखद मौत हो गई। राजस्थान का बाड़मेर 48.3 डिग्री सेल्सियस के साथ देश का सबसे गर्म स्थान दर्ज किया गया। फलौदी, चित्तौड़गढ़ और बीकानेर जैसे अन्य शहरों में भी पारा 45 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा, जिससे भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है।

वहीं उत्तर प्रदेश के संभल में बुधवार को दिन में अचानक अंधेरा छा गया और तेज धूल भरी आंधी चली, जबकि मेरठ में जोरदार बारिश हुई। मौसम विभाग ने राज्य के 38 जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश के रतलाम में भी 46.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ, लेकिन निवाड़ी के बीजौर में तेज आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। हरियाणा के पिनगवा में भी ओलावृष्टि हुई, जबकि पंचकूला, यमुनानगर, करनाल और गुरुग्राम में तेज बारिश दर्ज की गई। मौसम की इस अप्रत्याशितता के कारण बिहार के जमुई और बांका में बिजली गिरने से एक बच्चे सहित 5 लोगों ने जान गंवा दी। महाराष्ट्र के सांगली में तेज आंधी से मंदिर की दीवार ढहने से 6 लोगों की मौत हो गई, वहीं केरल के मलप्पुरम में भी बिजली गिरने से 4 लोगों की जान चली गई।

आगामी दो दिनों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और पश्चिमी यूपी में बारिश व तेज हवाओं का अनुमान है, जबकि राजस्थान, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में भीषण लू का अलर्ट जारी किया गया है। इन सबके बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून इस हफ्ते के अंत तक अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह तक पहुंच सकता है, जो सामान्य समय से पहले है और राहत की उम्मीद जगा रहा है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**